


हर खबर की हमें खबर आज की खबर कल पर नजर

# पब्लिक लहर

R.N.I.NOUPHIN/2014/56940

आम आदमी की आवाज

वर्ष : 07 अंक : 134 पृष्ठ-4 Email: publickilehar@gmail.com लखनऊ, मंगलवार ,03 नवम्बर 2020 मूल्य 1 : रुपये


कोरोना वायरस से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के कंट्रोल रूम नंबर 0522 / 2230006 2230009 2616482 26110066
टोल फ्री यूपी सरकार . 18001805145
हेल्पलाइन भारत सरकार. 91–11–23978064

## सार संक्षेप

### प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण के 1788 नये मामले आए

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण से पिछले 24 घंटे के भीतर 25 लोगों की मौत हो गई, जिससे इस संक्रमण से मरने वालों की संख्या बढ़कर 7,076 हो गयी है। उत्तर प्रदेश में संक्रमण की दर पिछले 45 दिनों से लगातार घट रही है। सरकारी प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि राज्य में पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 1788 मामले सामने आए जबकि कुल संक्रमितों की संख्या 4,85,609 हो गई है। प्रवक्ता के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 2040 मरीजों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया और अब तक कुल 4,55,498 संक्रमितों को उपचार के बाद छुट्टी मिल चुकी है। इस समय राज्य में उपचार करा रहे संक्रमितों की संख्या 23,035 है। प्रवक्ता ने बताया कि राज्य में 24 घंटे में हुई 25 मौतों में सर्वाधिक तीन–तीन मौतें लखनऊ और मेरठ में हुई हैं जबकि दो मौतें प्रयागराज और वाराणसी में हुई हैं। स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार लखनऊ में संक्रमण के 220, गौतम बुद्ध नगर में 158, मेरठ में 146 और गाजियाबाद में 142 नए मामले सामने आए हैं।

### सपा–बसपा–भाजपा के सभी उम्मीदवार जीते

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश के 10 सीटों पर राज्यसभा चुनाव संपन्न हो गए हैं। सभी 10 प्रत्याशी निर्विरोध चुन लिए गए हैं। इस चुनाव में बीजेपी ने 8, बीएसपी ने 1, सपा ने 1 उम्मीदवार खड़ा किए थे। इन तीनों दलों के सभी प्रत्यासियों को निर्विरोध जीत मिली है।

### ठोको नीति वाले सरकार चला रहे है : अखिलेश यादव

लखनऊ,संवाददाता। सपा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की एक ही चाहत समाजवादी पार्टी को हराना है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली राज्य सरकार और बसपा पर जमकर प्रहार किया। उन्नाव की पूर्व सांसद अनु टंडन को सोमवार को सपा में शामिल कराने के बाद अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ''सांप्रदायिक'' भाजपा को रोकने के लिए 2019 में बसपा के साथ गठबंधन करना जरूरी था। अखिलेश ने कहा, ''मेरा मानना है कि डॉक्टर राम मनोहर लोहिया और डॉक्टर भीम राव आंबेडकर की विचारधारा एक रथ के दो पहिए की तरह है, इसीलिए बसपा के साथ गठबंधन किया था।'' राज्य की सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लिटमस टेस्ट बताते हुए अखिलेश ने कहा कि जनता भाजपा को सबक सिखाने के लिए समय का इंतजार कर रही है। अखिलेश ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में ऐसी सरकार नहीं होनी चाहिए। जिसकी भाषा और शब्दों का चयन ठीक न हो। उन्होंने कहा, ''सरकार चलाने वालों की भाषा ठोको है और सच यह है कि ठोको नीति वाले सरकार चला रहे हैं।

## स्टार प्रचारकों की लिस्ट से हटाने के चुनाव आयोग के फैसले पर रोक : सुप्रीम कोट



एजेंसी, नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता कमलनाथ को कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की लिस्ट से हटाने के चुनाव आयोग के आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया निर्वाचन आयोग को ये अधिकार नहीं है। कोर्ट ने कहा कि किसी पार्टी का नेता कौन हो, यह तय करने का अधिकार निर्वाचन आयोग को कैसे है। आयोग ने प्रचार के दौरान कमलनाथ के विवादित बयानों के चलते यह कार्रवाई की थी। कमलनाथ की याचिका में कहा गया है कि किसी व्यक्ति को स्टार प्रचारक के रूप में नामित करना पार्टी का अधिकार है और चुनाव आयोग पार्टी के फैसले में हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। चुनाव आयोग का फैसला अभिव्यक्ति के अधिकार का उल्लंघन है। चुनाव आयोग नोटिस देने के बाद फैसला कर सकता है, लेकिन कमलनाथ को कोई नोटिस नहीं दिया गया है। दरअसल, निर्वाचन आयोग ने कमलनाथ के खिलाफ उनके विवादित बयानों को लेकर कार्रवाई की है। निर्वाचन आयोग ने उन्हें कांगेस के स्टार प्रचारक की सूची से हटा दिया है। कमलनाथ ने कुछ दिनों पहले मध्य प्रदेश सरकार की मंत्री इमरती देवी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। मध्य प्रदेश की 28 विधानसभा सीटों पर 3 नवम्बर को चुनाव होना है।

## पीएम की रैलियों के बाद चिदंबरम ने पूछा – क्या वे नौकरियों, महिला सुरक्षा पर बोलते हैं ?



एजेंसी, नई दिल्ली,बिहार में दूसरे चरण के मतदान से पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि एनडीए नेतृत्व प्रचार के दौरान श्वास्तविक मुद्दोंश पर बात नहीं करता है। पूर्व वित्त मंत्री ने पूछा, ष्अगर आप बिहार में एक मतदाता हैं, तो क्या वे आपको बेरोजगारी, नौकरी, नए उद्योग, खाद्यान्न के लिए एमएसपी, फसल बीमा, बाढ़ राहत, महिला सुरक्षा आदि के बारे में बताते हैं?ष्उन्होंने कहा, ष्इसका जवाब है, कुछ नहीं बताते। आपसे एक संदेश में एनडीए के लिए वोट करने के लिए कहा जा रहा है, जिसमें कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि रविवार को बिहार में अपनी चुनावी रैलियों के दौरान, मोदी ने कहा.. बिहार में एक डबल इंजन वाली सरकार है जबकि दूसरी तरफ डबल युवराज हैं।ष्उन्होंने कहा, ष्पीएम ने बिहार में प्रमुख आराध्य देवी–देवताओं छठ (सूर्य देव) और गंगा को भी एनडीए के लिए वोट मांगने में इस्तेमाल किया। बगहा में, मोदी ने राम मंदिर के निर्माण, धारा 370 निरस्त करना और सीएए के मुद्दों को उठाया।ष्मोदी ने रविवार को कुछ विपक्षी दलों पर राम मंदिर के मुद्दे के अलावा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम और संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के मुद्दों पर श्डरानेश का आरोप लगाया था। 243 सीटों वाली बिहार विधानसभा के लिए पहले चरण का चुनाव 28 अक्टूबर को हुआ था। 3 नवंबर को 94 सीटों के लिए दूसरे चरण के मतदान के बाद, शेष 78 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 7 नवंबर को मतदान होगा। 10 नवंबर को मतगणना होगी।

## छत्तीसगढ़ राज्यों में जीएसटी संग्रहण में पहले स्थान पर

एजेंसी, रायपुर। , देश के बड़े राज्यों में जीएसटी संग्रहण में वृद्धि के मामले में छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश संयुक्त रूप से पहले स्थान पर है।केन्द्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा जारी सूची के अनुसार छत्तीसगढ़ में अक्टूबर–2019 की तुलना में अक्टूबर–2020 में जीएसटी संग्रहण में 26 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।प्रदेश में पिछले वर्ष अक्टूबर में 1570 करोड़ रूपए का जीएसटी संग्रहण हुआ था।पिछले वर्ष की तुलना में इस साल अक्टूबर में 404 करोड़ रूपए ज्यादा जीएसटी प्राप्त हुआ है।चालू वित्तीय वर्ष 2020–21 के अक्टूबर महीने में राज्य में 1974 करोड़ रूपए की जीएसटी संग्रहित हुई है। प्रदेश में पूरे लॉक–डाउन के दौरान ग्रामीण और वन क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां लगातार चलती रहीं।



किसान न्याय योजना के माध्यम से प्रदेश के 19 लाख किसानों को नियमित अंतराल में धान बिक्री की राशि मिलती रही है। राज्योत्सव के मौके पर इसकी तीसरी किस्त के रूप में 1500 करोड़ रूपए किसानों के खाते में डाले गए हैं। पूर्व में भी 1500–1500 करोड़ रूपए की दो किस्तें किसानों के खातों में अंतरित की गई हैं। गोधन न्याय योजना के जरिए भी किसानों और पशुपालकों से गौठानों में गोबर की खरीदी कर करीब 40 करोड़ रूपए दिए गए हैं।इसके साथ ही गांवों में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने मनरेगा का क्रियान्वयन प्रभावी तरीके से किया गया। इसके फलस्वरूप गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रही। लोगों की जेब में पैसा आने से इसका लाभ उद्योग और व्यापार जगत को भी मिला। संकट–काल में ग्रामीण क्षेत्रों में जो आर्थिक तरलता बनी रही,उसका लाभ उद्योगों को भी मिला। लॉक–डाउन के दौरान भी प्रदेश की कोयला खदानों और इस्पात उद्योगों में उत्पादन जारी रहा।

## सपा सांसद आजम खान की बहन घर से बेघर हुई, नगर–निगम ने किया सील

एजेंसी, लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में नगर निगम की टीम ने सोमवार को पूर्व मंत्री आजम खान की बहन निकहत अफलाक को आवंटित रिवर बैंक कॉलोनी के घर को सील कर दिया। यह बंगला वर्ष 2007 में मुलायम सरकार के दौरान नियमों को ताक पर रखकर आवंटित किया गया था। रामपुर के निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर नगर निगम ने जांच की और मकान खाली करने का नोटिस जारी किया था। नगर आयुक्त डॉ. अर्चना द्विवेदी की मौजूदगी में नगर निगम की टीम सोमवार को रिवर बैंक कॉलोनी पहुंची। भवन संख्या ए2ध्1 के मुख्य गेट का ताला बंद था। लगभग आधे घंटे तक गेट खटखटाया गया। गेट नहीं खुला तो ताला तोड़ दिया गया। बंगले के अंदर कमरों के दरवाजों पर भी ताला लटक रहा था। नगर निगम ने सभी दरवाजों पर अपना भी एक ताला लगा दिया। बंगले के पीछे एक और गेट था जो खुला मिला। अंदाजा लगाया जा रहा है कि बंगले के अंदर मौजूद लोग पीछे के गेट से बाहर निकल गए होंगे। सीलिंग की कार्रवाई के दौरान वीडियोग्राफी भी कराई गई।उधर, आजम खान की बहन ने नोटिस को साक्ष्य विहीन बताते हुए कहा था कि वह मकान पर लगातार रह रही हैं और बिजली का बिल और किराया भी जमा कर रही हैं। मगर इसके बाद नगर निगम ने शासनादेश का हवाला देते हुए कहा कि आजम खान की बहन लखनऊ की निवासी नहीं है। दूसरा यह कि नगर निगम कर्मचारी नहीं है। वहीं, नगर निगम ने नोटिस में कहा था कि आजम खान की बहन रामपुर में पढ़ाती हैं और वहीं पर रह रही हैं। आसपास के लोगों ने भी इस बात की पुष्टि की थी कि मकान में ताला लगा रहता है। उन्हें 15 अक्टूबर को नोटिस जारी कर 15 दिन में आवास खाली करने को कहा गया था। मगर जब आवास खाली नहीं हुआ तो सोमवार सुबह नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर आवास को सील कर अपने कब्जे में ले लिया।नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि 2007 में यह आवंटन नियमों के खिलाफ किया गया था और तब आजम खान की बहन रामपुर में शिक्षक के पद से रिटायर थी, लखनऊ की निवासी भी नहीं थी। इसलिए विधिक प्रक्रिया अपनाते हुए मकान को खाली करने का नोटिस दिया गया था।

## बिहार : दूसरे चरण का मतदान मंगलवार को, तेजस्वी, तेजप्रताप का भविष्य दांव पर

एजेंसी, पटना। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर दूसरे चरण के 3 नवंबर को होने वाले मतदान में महागठबंधन के श्चेहराश और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव और उनके भाई तेजप्रताप यादव सहित कई युवा नेताओं के सियासी भविष्य भी दांव पर लगे हैं। दूसरे चरण में मंगलवार को 94 सीटों पर मतदान होना है। इस चरण में नीतीश मंत्रिमंडल के कई सदस्यों के राजनीतिक भविष्य को भी मतदाता तय करेंगे। राजद के नेता तेजस्वी यादव बिहार मंत्रिमंडल के सदस्य रह चुके हैं तथा महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार हैं। चुनाव जीतने को लेकर तेजस्वी खूब पसीना बहा रहे हैं। तेजस्वी एकबार फिर राघोपुर से चुनावी मैदान में हैं।इधर, राजद अध्यक्ष



लालू प्रसाद के पुत्र और तेजस्वी के भाई तेजप्रताप यादव का भी सियासी सफर दांव पर है। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तेजप्रताप इस चुनाव में महुआ विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर समस्तीपुर के हसनपुर से चुनावी मैदान में हैं। हसनपुर में जीत दर्ज करने को लेकर तेजप्रताप कड़ी मेहनत कर रहे हैं।इसके अलावे इस चरण में जिन सीटों पर मतदान होना है, उसमें पटना के बांकीपुर सीट भी शामिल है, जहां से कांग्रेस ने पटना साहिब के सांसद रहे और अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा के पुत्र लव सिन्हा को चुनावी मैदान में उतारा है। लव सिन्हा इस चुनाव से राजनीतिक सफर की शुरूआत कर रहे हैं। इसके अलावा इस चरण में मतदाता प्लुरल्स पार्टी की अध्यक्ष पुष्पम प्रिया चौधरी के भी राजनीतिक सफर को तय करने वाले हैं। चौधरी बांकीपुर से चुनावी मैदान में हैं। बांकीपुर से ही भाजपा ने एकबार फिर नितिन नवीन को चुनावी अखाड़े में उतारा है।इस चरण के चुनाव में पटना साहिब से पथ निर्माण मंत्री नंदकिशोर यादव, मधुबन से सहकारिता मंत्री रंधीर सिंह, नालंदा से ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार का भी राजनीतिक भविष्य दांव पर है।चुनाव आयोग के मुताबिक, इस चरण में 1,463 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला होना है, इनमें से 1316 पुरूष, 146 महिला और एक थर्ड जेंडर शामिल है। दूसरे चरण में दो करोड़ 85 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस चरण के लिए 41,362 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस चरण के चुनाव में महाराजगंज विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 27 प्रत्याशी हैं जबकि दरौली विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम चार प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।आयोग के मुताबिक कोरोना काल में मतदान को लेकर कई तरह की व्यवस्थाएं की जा रही हैं।इस चरण में राजद के 56 तो जदयू के 43 उम्मीदवारों के अलावे भाजपा के 46, कांग्रेस के 24, सीपीआई के चार, सीपीएम के चार, लोकजनशक्ति पार्टी (लोजपा) के 52 तथा रालोसपा के 36 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। बिहार के चुनावी दंगल में राजग से सीधी टक्कर विपक्षी दल के महागठबंधन से मानी जा रही है। भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में जदयू, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा, विकासशील इंसान पार्टी शामिल हैंध्, जबकि केंद्र में राजग की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) यहां अलग होकर चुनाव मैदान में है। महागठबंधन में राजद, कांग्रेस और वामपंथी दल शामिल हैं।

## रूस में कोरोना संक्रमण के रिकॉर्ड 18,665 नए मामले

एजेंसी, मॉस्को। रूस में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस (कोविड–19) संक्रमण के रिकॉर्ड 18,665 नये मामले सामने आने के साथ ही कुल संक्रमितों की संख्या 16,36,781 हो गयी है। रूस के कोरोना वायरस प्रतिक्रिया केन्द्र ने रविवार को बताया कि रूस के 85 क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 18,665 नये मामले दर्ज किये गये जिनमें



से 4,640 लोगों में कोरोना वायरस का कोई भी लक्षण सामने नहीं आया है। इन नये मामलों के सामने आने के बाद देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या अब 16,36,781 हो गयी है और प्रतिदिन 11 प्रतिशत की दर से मामले बढ़ रहे हैं। राजधानी मॉस्को में सर्वाधिक नये मामले सामने आये हैं। इसके बाद सेंट पीटर्सबर्ग और मॉस्को क्षेत्र में कोरोना संक्रमण के सर्वाधिक नये मामले सामने आये हैं।

## मानसर झील परियोजना से हर साल होगी 800 करोड़ से ज्यादा की कमाई : जितेंद्र सिंह

एजेंसी,नई दिल्ली। केंद्रीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने रविवार को जम्मू में मानसर झील विकास योजना का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन मानसर क्षेत्र के लोगों के लिए ऐतिहासिक है। मानसर झील विकास योजना 70 वर्षो के लंबे इंतजार के बाद आज पूरी हो रही है। परियोजना के पूरी होने के बाद हर साल आठ सौ करोड़ रुपये की कमाई होगी। डॉ. जितेंद्र सिंह ने व्यापक मानसर झील कायाकल्प विकास योजना के ई–शिलान्यास समारोह के बाद कहा कि पिछले 6 वर्षो के दौरान इस क्षेत्र में शुरू की गई राष्ट्रीय परियोजनाओं की संख्या पिछले सात दशकों में इस तरह की परियोजनाओं की संख्या से अधिक है। यहां का विकास स्पष्ट रूप से किसी का भी ध्यान आकर्षित किए बिना नहीं रह सकता। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस परियोजना के लागू होने के बाद, मानसर क्षेत्र में प्रति वर्ष पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की संख्या मौजूदा 10 लाख से बढ़कर 20 लाख हो जाएगी। डॉ. सिंह ने कहा कि मानसर कायाकल्प योजना से लगभग 1.15 करोड़ मानव–दिन रोजगार सृजित होंगे और प्रति वर्ष 800 करोड़ रुपये से अधिक की आय होगी।

## बिहार चुनाव : दूसरे चरण का प्रचार थमा, 94 सीटों पर मंगल को मतदान

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण के मतदान वाले क्षेत्रों में रविवार की शाम चुनाव प्रचार थम गया। अंतिम दिन चुनाव प्रचार में सभी दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 3 नवंबर (मंगलवार) को 94 सीटों पर मतदान होना है। इस चरण के चुनाव में पटना साहिब से पथ निर्माण मंत्री नंदकिशोर यादव, मधुबन से सहकारिता मंत्री रंधीर सिंह, नालंदा से ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, राघोपुर से पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, हसनपुर से पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तेजप्रताप यादव, बांकीपुर से फिल्म अभिनेता और पूर्व सांसद शत्रुघ्न सिन्हा के पुत्र लव सिन्हा सहित कई दिग्गज चुनावी मैदान में हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इस चरण में 1,463 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला होना है, इनमें से 1316 पुरुष, 146 महिला और एक थर्ड जेंडर शामिल हैं। दूसरे चरण में दो करोड़ 85 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस चरण के लिए 41,362 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस चरण के चुनाव में महाराजगंज विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 27 प्रत्याशी हैं, जबकि दरौली विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। चुनाव मैदान में रविवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां चार रैलियों को संबोधित किया, वहीं महागठबंधन की ओर से राजद नेता और महागठबंधन से मुख्यमंत्री पद के प्रत्याशी तेजस्वी यादव ने एक दर्जन से ज्यादा रैलियों को संबोधित किया। इसके अलावा राजग की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सहित अभिनेता और सांसद मनोज तिवारी ने भी प्रचार किया। महागठबंधन की ओर से भी कई नेता प्रचार अभियान में उतरे। इस चरण में राजद के 56 तो जदयू के 43 उम्मीदवारों के अलावा भाजपा के 46, कांग्रेस के 24, सीपीआई के चार, सीपीएम के चार, लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के 52 तथा रालोसपा के 36 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस चुनावी दंगल में राजग की सीधी टक्कर विपक्षी दलों के महागठबंधन से मानी जा रही है।



भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में जदयू, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा, विकासशील इंसान पार्टी शामिल हैंध्, जबकि केंद्र में राजग की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) यहां अलग होकर चुनाव मैदान में है। इधर, महागठबंधन में राजद, कांग्रेस और वामपंथी दल सीपीआई, सीपीएम और सीपीआई (एमएल) शामिल हैं। बिहार में विधानसभा की 243 सीटों के लिए तीन चरणों में चुनाव होना है। इसके तहत प्रथम चरण के लिए 28 अक्टूबर को 71 सीटों पर मतदान हो चुका है। तीसरे चरण के लिए सात नवंबर को 78 सीटों के लिए मतदान होगा।

# सम्पादकीय

## रोजगार पर टिका सारा दारोमदार

बिहार के चुनाव में दस लाख नौकरियों का नाम क्या आया, राजनीति का रंग बदल गया। पहले तो जमकर हीला हवाली हुई। मुख्यमंत्री और उप–मुख्यमंत्री, दोनों ने दलील दी कि राज्य सरकार के पास इतने लोगों को वेतन देने का भी पैसा नहीं है। उप–मुख्यमंत्री ने तो साफ कहा कि इतने लोगों को वेतन देने पर 58,415.06 करोड़ रुपये का नया खर्च होगा। इसमें पुराने कर्मचारियों के तनख्वाह और भत्ते जोड़ लें, तो कुल खर्च 1,11,189 करोड़ रुपये हो जाता है। सरकार के पास यह पैसा तो है नहीं यानी यह वायदा पूरा हो ही नहीं सकता, बस हवा–हवाई है। लेकिन सिर्फ एक ही दिन बाद जब भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र आया, तो वहां 19 लाख रोजगार देने का वायदा था। तर्क है कि ये रोजगार हैं, सरकारी नौकरियां नहीं, लेकिन तब सवाल यह भी है कि क्या राज्य के मुख्यमंत्री और उप–मुख्यमंत्री को एक दिन पहले तक यह खबर नहीं थी कि भाजपा क्या चुनावी वायदा करने जा रही है? खैर, मसला सिर्फ यह है कि इस चुनाव में रोजगार कितना बड़ा मुद्दा बनेगा। बिहार हो या देश का कोई और हिस्सा, यह सवाल उठना ही है कि रोजगार का मतलब क्या सरकारी नौकरी या निजी नौकरी ही है या जो लोग अपना रोजगार करेंगे, उनका श्रेय भी सरकार के ही खाते में जाना है। लॉकडाउन शुरू होते ही जिस तरह काम–धंधे ठप हुए और निजी क्षेत्र में लाखों लोगों की नौकरियां चली गईं, उसके बाद इस साल अचानक सरकारी नौकरी की महत्ता बढ़ने लगी है। आपके आसपास ऐसे तमाम लोग मिल जाएंगे यह कहते हुए कि सरकारी नौकरी की बात ही और होती है। प्राइवेट का क्या भरोसा? सीएमआइई के प्रमुख महेश व्यास इस मसले पर लगातार नजर रखते हैं। उनके लिए भी यह एक पहेली ही है कि जब सरकारी नौकरियों के लिए इतनी ललक है, और सरकारी सेवाओं में लोगों की कमी लगातार दिख रही है, तब सरकारें आखिर ज्यादा लोगों को नौकरी देती क्यों नहीं हैं? और एक समाज के तौर पर भी हम यह तर्क क्यों बर्दाश्त कर लेते हैं कि सरकार के पास पैसा नहीं है, इसलिए वह आवश्यक सेवाओं के लिए स्टाफ रखने का बुनियादी काम भी पूरा नहीं करेगी? अब इससे मुकाबले के दो रास्ते हैं। एक, सरकार अपनी फिजूलखर्ची पर लगाम लगाए और दूसरा, वह अपनी कमाई बढ़ाए। फिजूलखर्ची रोकने के दर्जनों उपाय अलग–अलग आयोग सुझा चुके हैं, लेकिन रस्म निभाने से आगे कोई ठोस काम होता दिखता नहीं है। कमाई बढ़ाना भी कोई आसान राह नहीं है खासकर कोरोना महामारी केसमय। सरकार की ज्यादातर कमाई टैक्स से आती है, टैक्स वसूली तभी होगी, जब लोगों की आय या व्यापार में कमाई अच्छी हो रही हो। अब कुछ अच्छी खबरें जरूर आ रही हैं। जितनी कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजे अभी तक आ चुके हैं, उनके आधार पर कहा जा रहा है कि अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है। सिर्फ दशहरे के दिन मुंबई, गुजरात और कुछ दूसरे शहरों में कुल 200 मर्सिडीज कारें बिक गईं। यह पिछले दशहरे से ज्यादा है। मारुति ने नवरात्रि में 96,700 गाड़ियां बेच लीं और कंपनी को उम्मीद है कि दीपावली तक उसका धंधा चमकता ही रहेगा। कुल मिलाकर, दूसरी तिमाही में कंपनी ने इस साल की कुल बिक्री का 41 प्रतिशत हासिल किया है। पिछले साल यही आंकड़ा 38.6 प्रतिशत पर था। सारी कार कंपनियों को जोड़ लें, तो नवरात्रि और दशहरे में करीब 2,00,000 कारें बिक चुकी हैं। इसी समय में हमारे देश के लोग ऑनलाइन पोर्टल्स पर हर मिनट डेढ़ करोड़ रुपये के मोबाइल फोन खरीद रहे थे। लॉकडाउन की वजह से बाजारों में हलचल भले ही कम हो, लेकिन ऑनलाइन शॉपिंग करने वालों की गिनती पिछले साल से 85 प्रतिशत बढ़ी है और इन्होंने जो खरीदारी की, वह भी पिछले साल से 15 प्रतिशत ऊपर ही है।

## आईना और आत्ममंथन

डॉ. अजय कुमार सेठ

हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए बहस के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने प्रदूषण पर भारत व चीन–रूस को लेकर अप्रिय संवाद किया।घ्उन्होंने कहा कि इन देशों में हवा–पानी साफ नहीं है। हालांकि, उनका बयान चुनाव में रिपब्लिकन सरकार की उपलब्धियों को दर्शाने का अविवेकपूर्ण प्रयास था, लेकिन यह बयान हमें आत्ममंथन को विवश करता है। दरअसल, वैसे तो ट्रंप इस कवायद के जरिये अपनी पर्यावरण संबंधी नीतियों की विफलता का बचाव ही कर रहे थे, जिसकी कीमत उन्हें आगामी राष्ट्रपति चुनाव में उठानी पड़ सकती है। दरअसल, बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय डेमोक्रेट की तरफ उन्मुख हो रहे हैं। हालांकि, उनका यह बयान प्रवासी भारतीयों और भारत के लोगों को नागवार गुजरा, मगर हमें अपना घर साफ रखने का प्रयास तो करना ही होगा।घ्वैसे तो भारत ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रचनात्मक भूमिका का निर्वहन किया है। भारत का इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है जबकि अमेरिका की निरंकुश औद्योगिक नीति से जलवायु परिवर्तन पर घातक प्रभाव पड़ा है। इसके बावजूद भारत को अपनी अंतर्राष्ट्रीय छवि को सुधारने की दिशा में गंभीर पहल करनी चाहिए। विदेशी निवेश को आकर्षित करने की भी यह अनिवार्य शर्त है।घ विदेशी निवेशकों को निवेश के लिये हम तभी आमंत्रित कर सकते हैं जब भारत में नये उद्यमों के लिये वातावरण और औद्योगिक परिवेश अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो। सही मायनों में ट्रंप के बयान को उनकी राजनीतिक मजबूरी के तौर पर देखा जाना चाहिए, मगर उनका बयान हमारे लिये प्रेरणा का काम करने वाला हो। नीति–नियंताओं के लिये यह जागने का वक्त है। टुकड़ों में नीतियां बनाने के बजाय प्रदूषण व स्वच्छ जल के लिये समग्रता के साथ नीति बनाने की जरूरत है। कड़े कानून बनाने से भी समस्या का समाधान संभव नहीं है। समस्या को जमीनी स्तर पर देखने की जरूरत है। नीति–नियंता देश के नागरिकों को साफ हवा–पानी उपलब्ध कराने को अपनी प्राथमिकता बनायें। हमारी कोशिश हो कि दुनिया के प्रदूषित देशों की सूची में हमारी गिनती अधिक समय तक नहीं हो। देश को विकास तो चाहिए, मगर प्रदूषण मुक्त होना चाहिए। अक्तूबर–नवंबर में देश में चरम पर पहुंचने वाले प्रदूषण को लेकर नीति–नियंताओं का ढुलमुल रवैया शर्मसार करने वाला है। एक नागरिक के रूप में भी हम जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। तमाम सरकारी प्रलाप के बावजूद इस बार पराली जलाने की संख्या में तेजी आई है। इस दिशा में व्यावहारिक नीति बनाकर जीवन के लिये स्वच्छ हवा–पानी के लिये युद्ध स्तर पर प्रयास और देश में प्रदूषण और सफाई को लेकर नई दृष्टि विकसित करने की जरूरत है। ये देशध्के नागरिकों के स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण हैं। खासकर कोरोना काल में सरकार व समाज के स्तर पर अतिरिक्त सावधानी बरते जाने की जरूरत है।

# रात हलाला नेक है, उठते नहीं सवाल ! राम नाम की दक्षिणा,पर क्यों कटे बवाल !!

**रात हलाला नेक है, उठते नहीं सवाल ! राम नाम की दक्षिणा,पर क्यों कटे बवाल !! (लव जिहाद और राणा जैसे बयान दो समुदायों के बीच नफरत पैदा करते है। यह किसी एक राज्य, देश या समुदायों तक सीमित नही बल्कि विश्वव्यापी समस्या बनता जा रहा है और इस कुचक्र का शिकार मासूम लड़कियां ही नहीं अब हम सब होते जा रहें है। धर्म के ठेकेदार हमेशा ऐसे मौकों को अपना हथियार बनाते है। गंगा जमुनी तहजीब का हवाला देकर ऐसी घटनाएं करवाना इनके नापाक कारनामों का आधार होती है.)**



डॉव सत्यवान सौरभ,

वर्तमान दौर में ये बात अक्षरशः सही साबित हो रही है कि कुछ दक्षिणा लेकर भी बदनाम हो गए, कुछ पूरी रात हलाला कर भी नेक निकले. बहुत से कवियों ने, शायरों, साहित्यकारों ने इस देश से पैसे और पहचान कमाई. मगर कुछ लोग साम्प्रदायिकता का जहर घोलकर अपने कद को बड़ा करने की कोशिश में लगे रहते है और जात–पात एवं धर्म के झगड़ों को बढ़ावा देकर कवि धर्म को दांव पर लगा देते है. मुनव्वर राणा कई बार अपनी हरकतों और ट्वीट को लेकर सुर्खियों में आ चुके हैं। मोदी सरकार आने के बाद तो ये हर जगह मजहब के पहलुओं को ढूंढ़ने में लगे रहते है। इन जैसे तथाकथित बुद्धिजीवियों का दम अब धर्मनिरपेक्षता के मुखौटे में घुटने लगा है। यही वजह है कि वे मोदी राज में अपना मुखौटा उतार कर अपना असली चेहरा दिखा रहे हैं। उनमें हिन्दुओं और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ कितना जहर भरा हुआ है, इसका अंदाजा उनके बयान और उनके लिखे शब्दों से लगाया जा सकता है। ऐसे तथाकथित बुद्धिजीवियों में ये विवादित शायर मुनव्वर राणा भी शामिल है। आतंकवाद और बलात्कार जैसी घटनाओं को हिन्दू–मुस्लिम का चौला पहनाकर देश विरोधी चालें चलना गद्दारी का पुख्ता सबूत है–

खा इसको गाये उसे, ये कैसे इंसान !
रहते भारत में मगर, अंदर पाकिस्तान !!
मिट्टी–पानी भोगते, लूटे चौन बहार !
सौरभ ऐसे लोग ही, होते सदा गद्दार !!

मुनव्वर राणा के फ्रांस हमले को सही बताए जाने के बाद मुल्कभर में उनकी आलोचना हो रही है. मुनव्वर राना ने कहा कि आप विवाद को जन्म देकर लोगों को उकसा रहे हैं. मोहम्मद साहब का कार्टून बना कर उसे कत्ल के लिए मजबूर किया गया, अगर उस स्टूडेंट की जगह मैं भी होता तो वही करता जो उस स्टूडेंट ने किया. उन्होंने आगे कहा कि मजहब मां–बाप की तरह होता है, अगर कोई आपके मां–बाप का बुरा कार्टून बनाता है या गाली देता है तो उसका कत्ल करना गुनाह नहीं. इतना ही नहीं उन्होंने भगवान राम और माता सीता को लेकर कहा भी कहा कि कोई अगर भगवान राम या माता सीता का विवादित कार्टून बनाएगा तो मैं उसका भी कत्ल कर दूंगा. मुनव्वर राणा के इस बयान के बाद उन्हें तमाम आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा. क्या इन सब बातों के लिए पूरी दुनिया को धर्म और मजहब का चौला पहनाकर कत्ले आम के लिए उकसाना सही है. आतंकवाद तो आतंकवाद होता है. इंसान के बिना धर्म का कोई मतलब नहीं हो सकता. ये बात मुनावर राणा को अच्छी तरह समझ लेनी चाहिए. अपने मतलब और स्वार्थ सीधी के लिए पूरी कायनात को फूंकना इन्होने कहाँ से सीखा, समझ नहीं आता? क्या हिंदुस्तान को भी इनकी गलत बयानबाजी के लिए ऐसी ही सजा देनी चाहिए जिनकी बात ये करते हैं. अगर भारत एक धर्म– निरपेक्ष राज्य न होकर पूर्णतरू एक तरफा होता तो इनको ये बात कब की समझ आ जाती. ऐसे लोग घर–घर में आग लगाने का काम करते है. यहाँ की मिटटी में पल बढ़कर ऐसा करना हमारे संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध जरूर है–

घर–घर में कैसी लगी, ये मतलब की आग !
अपनों को ही डस रहे, बने विभीषण नाग !!
जातिवाद और धर्म का, ये कैसा है दौर !
जय भारत, जय हिन्द में, गूँज रहा कुछ और !!

मजहब मां–बाप की तरह होता है, अगर कोई आपके मां–बाप का बुरा कार्टून बनाता है या गाली देता है तो उसका कत्ल करना गुनाह नहीं, जैसी बातें भारत में लव जिहाद के बढ़ते मामलों के लिए सीधा जिम्मेवार है तभी ये एक सम्प्रदाय दूसरे धर्म की लड़कियों को अपना शिकार बनाते है। वह भी अपनी विस्तारवादी सोच की वजह से। सब जानते है कि लव जिहाद आज आतंकवाद की तरह हमारी वसुधैव कुटुम्बकम की परंपरा में विष घोल रहा है लेकिन अफसोस की ऐसे गम्भीर विषय पर बुलंद आवाज नहीं उठती। इसमें गलती हम सबकी भी है, सेक्युलर बनने की चाह में हम अपने ही धर्म पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध आवाज तक नही उठाते है। अब इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या होगा? चलिए एक दफा मान लिया हिन्दू–मुस्लिम भगवान ने किसी को नहीं बनाया बल्कि इंसान बनाया। इसके बाद भी सिर्फ एक समुदाय सहन करता जाएं और दूसरा विस्तार करे यह सोच तो कतई सही नहीं। एक अपने धर्म की रक्षा के लिए कदम उठाएं तो कट्टरवादी और दूसरा कुछ भी कर लें, फिर भी वह गंगा–जमुनी तहजीब का खेवनहार। क्या अजीबोगरीब परिभाषाएं लिखी और गढ़ी जाती है हमारे देश में। क्यों आज देश के नामचीन कविध साहित्यकार चुप है? मैं ये नहीं कहता कि मुन्नवर राणा जैसे बड़काऊ लोगों का सरेआम कत्ल कर दिया जाये. इस मुद्दे पर बहस तो होनी चाहिए. सही को सही और गलत को गलत तो बताया जाये. ये बिलकुल भी सही नहीं कि एक कुछ भी करे और दूसरा चुप रहें. साफ और स्पष्ट बहस हो. किसी को बेवजह गुमराह करना कहीं से न्यायोचित नहीं। लव जेहाद और ऐसी कट्टरता एक ऐसा ही कुचक्र है। अगर ध र्म परिवर्तन नहीं रुका तो समाज में ऐसी घटनाएं घटित होगी। फिर मुगल काल और आधुनिक युग में अंतर क्या रह जाएगा? ये सवाल उन ढोंगी सेकुलरिज्म के ठेकेदारों से भी आखिर उन्हें अपने ही धर्म को कमजोर करके हासिल क्या होगा? पैसे के लिए अपने ध र्म को ही कमजोर करना तो गद्दारी होती है। ऐसे में जो अपने धर्म का नहीं हो सकता, फिर तो शायद वह किसी का नही हो सकता–

कब गीता ने ये कहा, बोली कहाँ कुरान !
करो धर्म के नाम पर,ध रती लहूलुहान !!
मंदिर–मस्जिद से भली,एक किताब दुकान।
एक साथ है जो रखें, गीता और कुरान !!

लव जिहाद और राणा जैसे बयान दो समुदाय के बीच नफरत पैदा करते है। यह किसी एक राज्य, देश या समुदाय तक सीमित नही बल्कि विश्व्यापी समस्या बनता जा रहा है और इस कुचक्र का शिकार मासूम लड़कियां ही नहीं अब हम सब होते जा रहें है। धर्म के ठेकेदार हमेशा ऐसे मौकों को अपना हथियार बनाते है। गंगा जमुनी तहजीब का हवाला देकर ऐसी घटनाएं करवाना इनके नापाक कारनामों का आधार होती है. प्रेम और आतंकवाद को धर्म की दीवारों में फंसाकर देश धर्म को कमजोर करना कतई उचित नहीं है. एक अच्छे और सच्चे कवि–साहित्यकार का पहला धर्म वहां मिट्टी के प्रति वफादारी और राज्य में अमन–चौन लाना होता है. खैर इन सबके बावजूद मेरी तो अंतिम इच्छा यही है कि–

लाज तिरंगें की रहे, बस इतना अरमान !
मरते दम तक मैं रखूँ, दिल में हिन्दुस्तान !! तभी इस मिट्टी का कुछ ऋण अदा होगा और जीना सार्थक होगा.

# शादी की उम्र बढ़ाने पर उठे सवाल

हर्षदेव

क्या लड़कियों की शादी की उम्र 18 से बढ़ाकर 21 साल कर देने की पेशकश सही है? इस फैसले से क्या और किसको लाभ होगा? विचार इस पर भी करना चाहिए कि समाज पर उसका प्रभाव क्या और किस रूप में पड़ेगा! इन तमाम सवालों का जवाब सरकार की ओर से नियुक्त उस 10 सदस्यीय पैनल को देना है, जिसका जून महीने में गठन किया गया है। इस समय लड़कों के लिए विवाह की उम्र 21 और लड़कियों के लिए 18 साल तय है। सरकार की मंशा लड़कियों की आयु भी 21 साल करने की बताई जा रही है। लड़कियों की शादी की उम्र में बदलाव के इरादे की पहली बार जानकारी स्वयं प्रधानमंत्री ने लालकिले से 15 अगस्त को अपने भाषण में दी थी। तब से इस विषय पर कुछ समाज शास्त्रियों की त्वरित टिप्पणियां आ चुकी हैं। इनमें से कुछ का कहना है कि यह कदम नौनिहालों की मृत्यु दर में कमी लाने के लिहाज से सही है जबकि कुछ अन्य इसको महिलाओं के स्वास्थ्य और आर्थिक बेहतरी के लिहाज से सार्थक बता रहे हैं। उनके अनुसार विवाह की आयु बढ़ने से लड़कियों को पढ़ने–लिखने और अपने व्यक्तित्व के विकास के लिए भरपूर समय मिल सकेगा। इस विमर्श के साथ एक जरूरी प्रश्न यह भी है कि बाल विवाह के विरुद्ध सख्त कानूनी पाबन्दी के वाबजूद इतने बड़े पैमाने पर कच्ची उम्र में शादियां क्यों होती हैं! सरकार के आंकड़े बताते हैं कि देश में हर साल औसतन 1.55 करोड़ बाल विवाह होते हैं जो विश्व में सबसे ज्यादा हैं। एक अध्ययन के अनुसार भारत में 27 प्रतिशत विवाह 18 वर्ष से पहले और 7 फीसदी 15 साल से कम आयु में कर दिए जाते हैं। कानूनी पाबन्दी के वाबजूद समाज द्वारा अपने ही बच्चों और किशोरों के साथ यह सामाजिक अत्याचार तथा उनके अधिकारों का हनन पीढ़ी–दर–पीढ़ी क्यों कर होता चला आ रहा है? समाज शास्त्रियों का कहना है कि नाबालिग उम्र में शादी की समस्या का सम्बन्ध परिवार के आर्थिक हालात और पुरुष की वर्चस्ववादी सोच से जुड़ा हुआ है। दूसरे शब्दों में बाल विवाह का पहला बड़ा कारण गरीबी और दूसरा दकियानूसी विचार हैं। आर्थिक तंगी से जूझते माता–पिता पढ़ाई का खर्च बचाने के लिए बच्चों और खासकर लड़कियों का स्कूल छुड़वा देते हैं। इसके पीछे घर और मजदूरी के काम में हाथ बंटाने का मकसद भी रहता है। कच्ची उम्र में शादी की ज्यादती लड़कियों के साथ अधिक होती है। इसका एक और कारण यौनाचार के बारे में पुंसवादी विचार और पुरुष वर्चस्व वाले समाज में महिलाओं की यौन स्वतंत्रता पर अंकुश रखने की जिद है। गरीब माता–पिता दहेज में असमर्थ होने के कारण भी बच्चों खासतौर से लड़कियों की जल्दी शादी कर देते हैं। बच्चों का बालपन, उनके जीवन की सहजता और व्यक्तित्व का विकास छीन लेने वाले बाल विवाह की बुराई को कानून, सामाजिक जागरूकता तथा शैक्षिक समझदारी के जरिये दूर करने का दायित्व सभी का है, लेकिन यहां उन संगठनों और समाज शास्त्रियों की बात पर भी विचार करना होगा जो महिलाओं की वैवाहिक आयु बढ़ाने के प्रस्ताव को अनुचित बता रहे हैं। यह परामर्श 100 से अधिक नागरिक संस्थाओं ने सरकार को दिया है। उन्होंने दावा किया है कि इस कदम से माताओं और शिशुओं की सेहत में सुधार लाने में खास मदद नहीं मिलेगी। नागरिक अधिकारों से जुड़े संगठनों ने पूछा है कि शादी की न्यूनतम उम्र बढ़ाना एक कदम आगे रखना कैसे है क्योंकि यह अनेक महिलाओं को स्वेच्छा से विवाह करने का अधिकार देने से इनकार करता है। उन्होंने यह भी पूछा है कि यह उन परिवारों को अपराधी मानने में कैसे मदद करेगा, जिनके जिंदा रहने की जरूरतें एवं असुरक्षा न सिर्फ उन्हें जल्दी शादी करनेध्कराने और कम उम्र में रोजगारध्नौकरी पर जाने के लिए मजबूर करती है। नागरिक संस्थाओं ने सरकार से विवाह की उम्र न बढ़ाने का आग्रह किया है। इन संस्थाओं का दावा है कि 'यह लैंगिक समानता, महिलाओं के अधिकारों या लड़कियों के सशक्तीकरण को बढ़ावा नहीं देगा और मांओं एवं शिशुओं की सेहत को सुधारने में भी खास मददगार नहीं होगा।' इन संस्थाओं ने कहा, 'यह बहुत ही सतही समझ है कि महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए विवाह की उम्र 21 साल करना लैंगिक समानता का प्रतीक है। करीब 100 नागरिक संस्थाओं और 2,500 युवा आवाजों द्वारा समर्थित इस बयान में कहा गया, 'अगर उम्र के लिहाज से कानूनी समानता को लागू करने की बात है तो इसे महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए 18 साल करने पर विचार करना ज्यादा सार्थक होगा, जैसा कि विश्व के ज्यादातर हिस्सों में है।' इन्होंने कहा कि कानून के जरिए विवाह की उम्र बढ़ाना जल्दी शादी को



रोकने की बजाय इसे आपराधिक बनाएगा। नागरिक संस्थाओं ने अनुशंसा की है कि विवाह की उम्र बढ़ाने की बजाय, सरकार को स्कूली व्यवस्था और रोजगार के अवसरों को मजबूत करने पर विचार करना चाहिए। हमारे समाज की दकियानूसी समझ और पैतृक सत्ता की जिद इतनी ज्यादा रही है कि बाल विवाह के खिलाफ 1929 में पहला कानून (शारदा अधिनियम) बनाने के समय कांग्रेस के कुछ बड़े नेताओं ने इस कदम को 'हिंदुओं के सामाजिक रीति–रिवाजों' में दखलंदाजी कहकर उसका सख्त विरोध किया था। हालांकि इस विरोध के वाबजूद यह कानून पारित हुआ। इसके अनुसार 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से छोटे लड़के की शादी को गैरकानूनी घोषित कर दिया गया। कानून तोड़ने पर 15 दिन की कैद और एक हजार रुपये के आर्थिक दंड का प्रावधान किया गया। इस कानून में 1940 में मामूली सुधार किए गए, लेकिन 2006 में एक नया अनुच्छेद और जोड़ा गया कि बचपन में शादी हो जाने के बावजूद बालिग होने के दो साल के भीतर दम्पति में से कोई भी ऐसी शादी को नामंजूर कर सकता है। समाज में व्यापक स्तर पर माना जाता है कि बाल विवाह भी एक कुप्रथा है। साथ ही कानूनी पाबंदियां जारी हैं, लेकिन पिछड़े परिवारों में आज भी बच्चों के अधिकारों का यह हनन यथावत चल रहा है। यह ऐसा अभिशाप है जो हमारी पूरी सामाजिक व्यवस्था पर बहुत ही प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसका लड़के और लड़की के अपने तथा भावी संतानों के स्वास्थ्य पर बेहद खराब असर पड़ता है। नवजातों की मृत्यु दर खासी ऊंची रहती है, बालिग होने से पहले ही मां बन जाने वाली लड़की की अकाल मृत्यु की आशंका प्रबल हो जाती है। इतना ही नहीं, दोनों की शिक्षा और व्यक्तित्व का विकास भी बीच में ही रुक जाते हैं। एक स्वस्थ और विकसित समाज के लिए जरूरी है कि ऐसी बाल विरोधी प्रथाओं या परम्पराओं से मुक्ति के संगठित उपाय किए जाएं। इसमें स्वैच्छिक और गैर सरकारी संगठनों की भूमिका ज्यादा कारगर और सार्थक हो सकती है। जिस प्रकार बाल मजदूरी रोकने के लिए अनेक समाजसेवी संगठन सक्रिय और उपयोगी भूमिका निभा रहे हैं, उसी तरह का हस्तक्षेप बाल विवाह के मामले में भी किया जा सकता है। सभी को यह समझना होगा कि यह ऐसी सामाजिक बुराई है, जिसके दुष्प्रभाव बहुत दूरगामी और व्यापक हैं। इसलिए हर स्तर पर प्रयास करना होगा कि जागरूकता के जरिये इस अमानवीय रीति से भावी पीढ़ियों को मुक्त करने की दिशा में आगे बढ़ा जाए।

# नेतृत्व क्षमता से जीवन विकास के नये क्षितिज

दिनेश चमोला 'शैलेश'

इस दुर्लभ मनुष्य जीवन में किसी विशिष्ट क्षेत्र की उपलब्धियों के लक्ष्य छूने वाले व्यक्तित्व के लक्षण प्रारंभ से ही दिखाई देने लगते हैं। नेतृत्व के लक्षण प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप में या तो नैसर्गिक रूप से उनकी चिंतन क्षमता में प्रवेश कर जाते हैं या फिर उनके कृतित्त्व से ही कुछ विलक्षण करने की प्रामाणिकता प्रतिबिंबित होती है। उदर से महान होकर इस धरती पर कोई अवतरित नहीं होता। यदि प्रभुकृपा से पूर्वजन्मों की जमा पूंजी लेकर कोई आता भी है तो उसे भी कर्म के उस वृहद तालेनुमा रहस्य को ज्ञान, जिज्ञासा अथवा उत्कंठा की चाबी से ही खोलकर अपने पौरुष, जिजीविषा अथवा श्रमशक्ति का परिचय देना होता है। वस्तुतः यह दिव्य धरा ही हमारी हर प्रकार की प्रशिक्षणशाला है। अपनी प्रतिभा, जिज्ञासा से जिस ज्ञान की दिशा में हम दृढ़ इच्छाशक्ति व सम्पूर्ण निष्ठा से अग्रसर होते हैं तो वह कर्म की पगडंडी निश्छल रूप में हमारे प्रारब्ध की रूपरेखा तय करने लगती है। जीवन की महानतम उपलब्धियों के शिखर तक जाने के हर मार्ग की शुरुआत भी इसी कर्मभूमि पर सुनिश्चित होती है। अपनी महत्वाकांक्षाओं की उपयुक्त दिशा में उठा हुआ प्रत्येक कदम, न केवल हममें आत्मविश्वास की रचना करता है बल्कि हमारी महत्वाकांक्षाओं के गंतव्य को पाने की हमारी प्रबल उम्मीदवारी पर भी मोहर लगा देता है। संयुक्त राज्य अमेरिका के वुडबरी विश्वविद्यालय में प्रबंधन की प्रोफेसर जॉन मारक्वेस ने अपनी चर्चित पुस्तक 'लीडरशिप रू फाइंडिंग बैलेंस बिटवीन अम्बिसन्स एंड एक्सेप्टेंस' में कहा है कि चाहे नेतृत्व हो या अन्य कोई विशेषज्ञता, उनकी अपनी सकारात्मक विशेषताएं अथवा नकारात्मक कमजोरियां हो सकती हैं, लेकिन असली नेतृत्व वह है जो दोनों में संतुलन बनाये रखते हुए जीवन के रथ को सफलता की दिशा की ओर अग्रसर करे। अतः जीवन में सफल होने के लिए सही दिशा में चिंतन व व्यवस्थित योजना अतीव आवश्यक है। इस पुस्तक में लक्ष्योन्मुख व महत्वाकांक्षी जीवन व लक्ष्य में सफल होने की बात को कई दृष्टांतों, ग्राफों आदि के माध्यम से बताया गया है। इसमें इस बात पर भी बल दिया गया है कि सफलता पाने के लिए महत्वाकांक्षा के साथ–साथ उस क्षेत्र की जिम्मेदारियों को स्वीकार करने की क्षमता का भी विकास करना उतना ही जरूरी है। विद्यार्थियों में वृत्ति विकास, संगठनात्मक व्यवहार से सफलता की मंजिल तक पहुंचने में किन कठोर निर्णयों की आवश्यकता है, को भी समझाया गया है। किसी भी कार्य अथवा क्षेत्र के प्रति किसी में विशेष आकर्षण पैदा करने के लिए रुचिपूर्ण वातावरण निर्मित करने की आवश्यकता होती है। नेतृत्व क्या है, यह किस प्रकार प्रबंधन व आदेश से भिन्न है, नेतृत्व पैदा किया जाता है या जन्मजात होता है, यह क्यों अपेक्षित होता है, असली नेतृत्व क्या है, मजबूत व कमजोर नेतृत्व में क्या अंतर है, जैसे अनेक विषय हैं जो जीवन के किसी भी क्षेत्र में जाने से पहले आपकी अगुआई करने के लिए आपके साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़े हो सकते हैं। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के टेम्पलेटन कॉलेज में संगठनात्मक व्यवहार के फेलो कीथ ग्रिन्ट अपनी पुस्तक 'द आर्ट ऑफ लीडरशिप' में विस्तार से इन बिंदुओं पर चर्चा करते हैं। बहुत बार हमारा कोई नेतृत्व करता है लेकिन अधिकांशतः हम स्वयं ही अपना नेतृत्व कर रहे होते हैं। इसलिए सही विश्लेषण व विवेचन का ज्ञान आवश्यक है। केवल सपने देखने भर से कुछ नहीं होता, लेकिन बिना इनके भी लक्ष्यों के असली मुकाम हासिल नहीं किये जा सकते। सुव्यवस्थित कार्य योजना के बिना महज महत्वाकांक्षाएं भी कुछ नहीं कर सकतीं।

# यातायात माह नवम्बर के दूसरे दिन स्कूली छात्र. छात्राओं की जागरूकता रैली निकाली गयी

अमेठी ।यातायात माह नवंबर 2020 के उपलक्ष्य में जनपद अमेठी



पुलिस द्वारा यातायात जागरूकताधिमशन शक्ति रैली का आयोजन किया गया । आयोजन के द्वितीय दिन एम0जे0एस0 मेमोरियल ग्रीन वैली इण्टर कालेज की छात्र.छात्राओं द्वारा यातायात के नियम पालन करने व श्मिशन शक्तिश् के अन्तर्गत थानो पर स्थापित श्महिला हेल्प डेस्कश् व शिकायत पेटिका के संबन्ध में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा छात्र.छात्राओं को जानकारी दी गयीए तदोपरान्त छात्र छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली पुलिस कार्यालय गौरीगंज से निकाली गयी । रैली के साथ पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री दिनेश सिंहए अपर पुलिस अधीक्षक श्री दयाराम सरोजए क्षेत्राधिकारी गौरीगंज श्री संतोष सिंह व पुलिस के अधिकारीध्कर्म0 गण व यातायात पुलिस रैली के साथ चलकर आने.जाने वाले लोगों को यातायात के नियम पालन जैसे.नशे की हालत में वाहन न चलानेए निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठानेए वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करनेए अवयस्क को वाहन न चलाने देनेए सीट बेल्ट का प्रयोग करनेएदो पहिया वाहनो पर हेलमेट का प्रयोग करने आदि के संबन्ध में जागरूक किया गया तथा छात्र छात्राओं द्वारा भी जागरूक किया गया । साथ.साथ श्मिशन शक्तिश् अभियान के तहत नारी सुरक्षाए नारी सम्मानए नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद अमेठी में महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से 1090.वूमेन पॉवर लाइनए 181.महिला हेल्प लाइनए 108.एम्बुलेंस सेवाए 1076. मुख्यमंत्री हेल्पलाइनए 112.पुलिस आपातकालीन सेवाए 1098.चाइल्ड लाइनए 102.स्वास्थ्य सेवा आदि के बारे में भी जागरूक किया गया ।

# पीड़ित परिवार को मिली आर्थिक सहायता

अमेठी। प्रधान पति की जलाकर की गई हत्या के तीसरे दिन बंदोइया ग्राम प्रधान को प्रशासन ने आर्थिक सहायता मुहैया कराई। एसडीएम अमेठी के अनुसार ग्राम प्रधान के बैंक खाते में राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के 30 हजार रुपये के अलावा एससीध्एसटी एक्ट पंजी.त होने के बाद दिया जाने वाला चार लाख 12 हजार पांच सौ रुपया भेज गया है। भेटुआ ब्लॉक के बंदोइया की ग्राम प्रधान छोटका के पति अर्जुन कोरी य50द्ध गुरुवार रात गांव के ही .ष्ण कुमार तिवारी के मकान के पीछे बाउंड्रीवॉल से घिरे परिसर में गंभीर रूप से झुलसी अवस्था में मिले थे।

इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले जाते समय अर्जुन की मौत होने के बाद परिवार वालों ने दाह संस्कार से इन्कार करते हुए प्रशासन से 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता समेत कई मांगों को पूरा करने का आश्वासन मांगा था। मृतक के पुत्र सुरेंद्र ने इस संबंध में एक मांग पत्र भी एसडीएम अमेठी योगेंद्र सिंह के माध्यम से शासन को भेजा था। मांग पत्र में 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के अलावाए तीन बीघा .षि योग्य भूमिए परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरीए शस्त्र लाइसेंस व सुरक्षा की मांग की थी। प्रशासन के आश्वासन पर शनिवार सुबह ग्राम प्रधान के पति का अंतिम संस्कार होने के बाद प्रशासन ने पीड़ित परिवार की मांगों को पूरा करने की कवायद शुरू की। एसडीएम योगेंद्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना का 30 हजार रुपया व एससीध्एसटी एक्ट पंजी.त होने के बाद दिया जाने वाला चार लाख 12 हजार पांच सौ रुपया ग्राम प्रधान के बैंक खाते में आरटीजीएस से भेज दिया गया है। मांगों से जुड़ा ज्ञापन भी शासन को भेज दिया गया है जिसे पूरा करने पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जा रहा है। घटना के बाद प्रति दिन पीड़ित परिवार के घर आने जाने वालों के साथ परिवार के लोगों की दिक्कतों को देखते हुए हल्का लेखपाल जगदीश विश्वकर्मा व कानून गो बृजेश शुक्ल की ड्यूटी ग्राम प्रधान के घर पर लगाई गई है। एसडीएम योगेंद्र सिंह ने बताया कि कानून गो व लेखपाल अर्जुन के तेरहवीं संस्कार पूरा होने तक लगातार गांव में रहेंगे। ग्राम प्रधान के पति की हत्या के बाद गांव में शांति नहीं बिगड़े इसके लिए रविवार को भी भारी संख्या में पीएसी व पुलिस के जवान ग्राम प्रधान के घर व उसके आसपास डटे रहे। बंदोइया गांव में दलित ग्राम प्रधान के पति की जलाकर हुई हत्या के तीसरे दिन रविवार को बसपा का एक राज्य स्तरीय प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार से मिला। प्रतिनिधि मंडल में शामिल नेताओं ने ग्राम प्रधान व उनके परिवार से घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए भविष्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। पूर्व मंत्री गया चरण दिनकर के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल दोपहर बाद एक बजे गांव पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल सीधे पीड़ित परिवार के घर गया और ग्राम प्रधान छोटका वे उनके पुत्र सुरेंद्र के अलावा परिवार के अन्य सदस्यों से बात की। प्रतिनिधि मंडल ने परिवार से कहा कि न्याय की इस लड़ाई में बहुजन समाज पार्टी उनके साथ है।

# जिलाधिकारी ने एकीकृत कोविड कमांड अधिकारियों के साथ की बैठक कर दिए निर्देश



अमेठी। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने आज सीएमओ कार्यालय में संचालित एकी.त कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेन्टर में प्रभारी इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूमए प्रभारी सर्विलांसए प्रभारी सैम्पलिंगए प्रभारी स्टोरए मुख्य चिकित्सा अधिकारीए मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ कोविड.19 के संबंध में चल रही समस्त कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान समस्त उपजिलाधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रतिदिन जांच हेतु भेजे जाने वाले सैंपल के संबंध में जानकारी ली तथा सर्विलांस टीम की सक्रियता बढ़ाते हुए अधिक से अधिक लक्षण युक्त सैंपल जांच हेतु भेजने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पाजिटिव व्यक्ति के सम्पर्क में आये सभी व्यक्तियों की जांच अवश्य किया जाये तथा कोविड टेस्टिंग कार्य में वृद्धि की जाये। कोविड अस्पताल में मरीजों को गुणवत्तायुक्त भोजनए नाश्ता की व्यवस्था एवं अस्पताल में साफ. सफाई की समुचित व्यवस्था रखी जाये। कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों को विशेष ध्यान देकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये एवं मरीजों से फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाये। कोविड अस्पताल में भर्ती मरीजों को निर्धारित प्रोटोकॉल के मुताबिक भोजन देने के साथ. साथ उनका देखभाल भी बेहतर ढंग से किया जाये ताकि मरीजों को कोई दिक्कत न होने पाये। जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक जनपद अमेठी में 140587 सैंपल जांच हेतु भेजे गए हैंए जिनमें से 2910 मरीज पॉजिटिव आए हैंए अब तक 2750 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज किए गए हैंए वर्तमान में 133 एक्टिव केस हैं तथा अब तक जनपद में कुल 27 लोगों की कोरोना से मृत्यु हुई है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने अभियान चलाकर टैक्सी स्टैंडए रिक्शा इत्यादि लोगों का सैंपल कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए।

## सर्दी का मौसम अस्थमा रोगियों के लिए घातक

अमेठी। कोरोना का सर्वाधिक असर फेफड़ों पर होता है। बीमारी का घर कहा जाने वाला सर्दी का मौसम व बढ़ता प्रदूषण फेफड़ों के लिए नुकसानदायक है। दमा यअस्थमाद्ध रोगियों के लिए सर्दी का मौसम बेहद खतरनाक है। ऐसे में सर्दी के मौसम में अस्थमा रोगियों के साथ सभी को बेहद सतर्क रहना चाहिए।

सर्दी के मौसम का आगाज हो चुका है। ये ऐसा मौसम है जिसमें लू की समस्याए गले में खराशए सर्दीए जुकाम व बुखार जैसी बीमारियां कभी भी अपनी चपेट में ले सकती हैं। इस मौसम में हार्ट अटैक का खतरा भी बढ़ जाता है।

कोरोनाए प्रदूषण और सर्दीए इन तीनों का मेल स्वास्थ्य की .ष्टि से बेहद खतरनाक है। ऐसे समय में हर किसी को सतर्क रहने की जरूरत है। जरा सी लापरवाही घातक साबित हो सकती है। एडिशनल सीएमओ डॉ0 आरपी गिरि ने बताया कि इस समय वायु प्रदूषण की जो मात्रा है वह अस्थमा रोगियों की दिक्कत बढ़ाने वाली है। उन्होंने बताया कि सर्दी का मौसम अन्य बीमारियों को हवा देता है। थोड़ी सी सावधानी हमें बड़े नुकसान से बचा सकती है। ऐसे में सभी को कोशिश करनी चाहिए कि वह जब भी बाहर निकलें तीन लेयर वाला मास्क जरूर पहनें। जो लोग सिगरेट या बीड़ी पीते हैं उन्हें और ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है। ऐसे लोग धूम्रपान से परहेज करें। उन्होंने कहा कि कोरोना के कारण इस समय कोई भी बीमारी घातक साबित हो सकती हैए इसलिए दिक्कत होने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें।

# सड़क दुर्घटना में घायल फौजी की इलाज के दौरान मौत



अमेठी । बाइक से पत्नी का इलाज कराने कमांड अस्पताल लखनऊ जा रहे सैनिक को पानी के टैंकर ने पीछे से टक्कर मार दी थी। जिसमे पत्नी तो बच गई। लेकिनए इलाज के दौरान सैनिक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसा दस दिन पहले लखनऊ के गोसाईगंज के करीब हुआ था। वहीं रविवार को गांव लाए गए सैनिक के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ जुटी।

गांव पूरे राम प्रसाद शुक्ल बसंतपुर निवासी प्रेम चंद्र पांडेय के 26 वर्षीय पुत्र विक्रम कुमार पांडेय आर्मी मेडिकल कोर श्रीनगर में तैनात थे। वह एक अक्टूबर को छुट्टी पर घर आये थे। 21 अक्टूबर की सुबह बाइक से अपनी पत्नी कोमल पांडेय का इलाज कराने कमांड अस्पताल लखनऊ ले जा रहे थे। रास्ते में गोसाईगंज के पास एक पानी के टैंकर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमे पत्नी बाल.बाल बच गई। वहीं फौजी विक्रम गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल को लखनऊ के सैनिक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। डोंगरा रेजिमेंट अयोध्या के जवानों ने साथी को अंतिम सलामी दी।

# मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किए गए दो युवक निकले चोर गिरोह के सदस्य




ब्यूरो रिपोर्ट प्रेम शंकर पाण्डेय

कादीपुर सुलतानपुर कादीपुर पुलिस को दिन मंगलवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की दो युवक पटेल चौक पर है जो संदिग्ध लग रहे हैं मुखबिर की सूचना के आधार पर कादीपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्र अपनी पुलिस टीम के साथ मुखबिर द्वारा बताए गए उक्त स्थान पटेल चौक पर जा पहुंचे और दोनों युवकों को धर दबोचा थाने लाकर पुलिस ने युवकों की तलाशी ली तो दोनों के पास से आरी ब्लेड और टॉर्च बरामद हुआ दोनों युवकों की पहचान रमाकांत निषाद पुत्र जोखू राम निषाद निवासी ग्राम अर्जानी पुर थाना कोतवाली कादीपुर के साथ ही दूसरे युवक की पहचान अजीत कुमार पुत्र अमृतलाल निवासी ग्राम अंदा रायपुर थाना कोतवाली कादीपुर सुल्तानपुर के रूप में हुई कादीपुर कोतवाली पुलिस ने पकड़े गए दोनों युवकों के खिलाफ धारा चार सौ एक के तहत मुकदमा दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराने के बाद न्यायालय भेज दिए उक्त धरपकड़ अभियान में प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्र सहित उप निरीक्षक राकेश कुमार पांडे उपनिरीक्षक ऊदल सिंह चौहान कांस्टेबल चंदन कुमार कांस्टेबल बृजनंदन शामिल रहे।

# आपदा में बकरी पालन ने दिखाई स्वावलंबन की राह

बाजारशुकुल,अमेठी ।मलखान ने बकरी पालन के जरिए घर व परिवार की जरूरतों को पूरा करने की ठानी है। कोरोना संक्रमण काल में नौकरी छोड़ गांव आने के बाद बीस बकरियों के सहारे काम की शुरूआत की। आज उनके पास कुल 35 बकरियां हो गई हैं। पांच माह ही 10 से 12 हजार रुपये प्रतिमाह आमदनी भी शुरू हो गई है। महमदपुर निवासी मलखान सिंह स्नातक की परीक्षा पास की और नौकरी न मिली तो अपनी हिम्मत नहीं हारी। प्राइबेट नौकरी के तलाश में 2004 में दिल्ली गए और रेमंड कम्पनी में सेल्स रिटेलर का काम करने लगे। देश व दुनिया में कोरोना महामारी ने अपने पांव पसारे तो मलखान ने नौकरी छोड़ दी और गांव आ गए। प्रशिक्षण आया कामए शुरू किया कारोबार रू 2019 में भारतीय बकरी अनुसन्धान संस्थान मथुरा से प्रशिक्षण ले चुके मलखान ने बकरी पालन का मन बनाया और लॉकडाउन के दौरान यू ट्यूब के जरिये उन्होंने सारा खाका खीचा। मई महीने में लायी गयी 20 बकरियों से आज 35 की संख्या हो गयी है। मलखान कहते हैं कि एक लाख की लागत से शुरू हुआ बकरी पालन अब आमदनी देने लगा है। पांच माह में दो बच्चे देती हैं बर्बरी बकरी रू मलखान बताते है कि बर्बरी नस्ल की बकरी मात्र पांच महीने में दो बच्चे देती है और इन्हें बांधकर रखा जा सकता है। बकरियों के दूध से चिकनगुनियाए डेंगू व टाइफाइड जैसी बीमारी से पीड़ितों को लाभ होता है और इनकी सेवा से सुकून भी मिलता है।इन बीमारियों पर रखना पड़ता है ध्यान रू बकरी में अफराए एफएमडीए पीपी व खुरपका और मुंहपका जैसी बीमारियां होती हैं। जिनके बचाव के लिए बैक्सीनेशन होता है। बकरियों में सबसे खतरनाक बीमारी अफरा है। उन्हें सरकारी चिकित्सा नहीं मिलती। वह स्वयं बैक्सीन लेकर इन्हें चिकित्सा प्रदान करते हैं।



## कार्यालय ग्राम पंचायत जेठू मवई, वि0खं0- गौरीगंज जनपद- अमेठी

पत्रांक– /निविदारुग्रा0पं0सं0–/2020–21 दिनांक–02.11.2020

### अल्पकालीन निविदा

राज्यवित्त आयोग एवं मनरेगा कन्वजेंस अन्तर्गत ग्राम पंचायत जेठू मवई में ग्राम पंचायत सचिवालय/पंचायत घर में निर्माण कार्य हेतु दि0 10.11.2020 को 3 बजे मुहरबंद निविदा रजिस्टर्ड फर्मो/संस्थाओं से आमन्त्रित की जाती है जो कि स्वयं अथवा डाक द्वारा कार्यालय कार्य दिवस में दिया जा सकेगा। प्राप्त टेण्डर उसी दिनांक को 3.30 बजे टेण्डरदाताओं की उपस्थिति में अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोले जायेंगें। कार्य का स्थल सहित विवरण निम्नवत है:–

| कार्य का नाम स्थल विवरण सहित | आपूर्ति की जाने वाली सामाग्री | अनु0लागत | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. ग्राम पंचायत जेठू मवई में पंचायत भवन का निर्माण कार्य | ईट, गिट्टी, सीमेंट, बालू, सरिया, ग्रिल, दरवाजा आदि | 15.85 लाख | 27000.00 |

नोट–शर्तें–

1. सन्दर्भित सामाग्री की आपूर्ति कार्यभार निर्धारित मात्रा/स्वीकृत लागत के अन्तर्गत की जायेगी। 2. टेण्डरदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे कार्यस्थल का भलीभांति निरीक्षण कर लें। 3. कोई सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी। कार्यवार प्राकलन की मात्रा व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 4. निर्धारित कार्य एवं स्वीकृत प्राक्कलन दर के अतिरिक्त अन्य कोई व्यय अथवा चार्जेज देय नही होगा। 5. सामग्री उपरान्त प्रस्तुत बिल में से नियमानुसार आयकर/जी0एस0टी0 कटौती के पश्चात ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. अधोहस्ताक्षरी को किसी भी टेंडर को बिना कारण बताये रद्द किये जाने का पूर्ण अधिकार होगा। 7. ससमय आपूर्ति न करने अथवा मानक/गुणवत्ता के विपरीत होने की स्थिति में आदेश निरस्त कर दिया जायेगा। 8. सामाग्री की गुणवत्ता में कोई़ त्रुटि पाये जाने पर सम्बन्धित से वसूली अपेक्षित होगी। 9. पंजीकृत निविदादाता फर्म/संस्था आयकर दाता व व्यापार कर दाता होना आवश्यक है।

जयशंकर
ग्राम प्रधान
जेठू मवई गौरीगंज, अमेठी

दीक्षा द्विवेदी
सचिव
जेठू मवई गौरीगंज, अमेठी



## अर्जुन हत्याकांड में पुलिस को सीसीटीवी पर भरोसा

डा0 बृजेष कुमार उपाध्याय

अमेठी । बंदोइया प्रधान के पति अर्जुन की आग से जलने से हुई मौत कई सवाल खड़े कर रही है। महिला प्रधान की तहरीर में कुल सात लोगों के नाम हैं। जिसमें प्रधानी के कार्यों की शिकायत करने वाले पांच लोगों पर अपहरण कर जिदा जलाने का आरोप हैं तो प्रधानी का काम देखने वाले दो करीबी लोगों पर दबाव बनाने का आरोप भी लगाया गया है। ऐसे में गांव के दोनों ही खेमे जांच की जद में हैं। दिन में जांच को आने वाली थी टीमए शाम को हुए लापता रू बीते गुरुवार को दिन में गांव में हुए विकास कार्यों की जांच को टीम आने वाली थी और प्रधान पति अर्जुन शाम सात बजे लापता हो गए। जिसकी सूचना थाने पर दी गई। सवाल यह उठ रहा है कि ग्राम सभा की राजनीति से जुड़े किसी भी व्यक्ति को शाम सात बजे ही कैसे लापता माना जा सकता है। आखिर सीसीटीवी में क्या है रिकार्ड रू अर्जुन अधजली हालत में .ष्ण कुमार के मकान की बाउंड्रीवाल के अंदर पाए गए थे। जहां कुल आठ सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। कैमरों में अहाते का पूरा क्षेत्र कवर हो रहा है। ऐसे में पूरी घटना उसमें रिकार्ड जरूर हुई होगी। घटना की विवेचना कर रहे सीओ संतोष सिंह कहते हैं कि सभी सीसीटीवी फुटेज का डीवीआर कब्जे में लिया गया है। उसे देखा जाएगा। मृतक के साथ ही सभी आरोपितों के मोबाइल लोकेशन व कॉल डिटेल भी देखी जा रही है। प्रधानी का कार्यभर देखने वाले दो लोगों पर दबाव बनाने की बात तहरीर में कही गई है। किसी तरह का और क्यों दबाव बना रहे थे। इसकी भी जांच की जा रही है।वहीं एसपी दिनेश सिंह ने कहा कि मामले में जांच जारी है किसी भी स्थिति में दोषी कानून से बचेंगे नहीं।

## गैंगेस्टर का ईनामिया अपराधी गिरफ्तार

अमेठी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को प्रभारी निरीक्षक संग्रामपुर राजीव सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 365/20 धारा 2/31 गैंगेस्टर एक्ट में वांछित व ईनामिया अभियुक्त सूरज सिंह पुत्र शमशेर बहादुर सिंह नि0 धनापुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी को धनापुर चौराहे के पास से समय करीब 10.00 बजे दिन में गिरतार किया गया । गिरतार अभियुक्त रूपये 25000 का ईनामिया व शातिर अपराधी है । थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## एएसपी का आदेश नही मानती अंतू पुलिस

प्रतापगढ़। दबंगो पर हत्या के प्रयास का आरोप के बाद भी नही हो रही गिरतारी। खुलेआम घूम रहे हैं दबंग दर दर भटक रहा है पीड़ित। अंतू पुलिस की लापरवाही से हो सकती है बड़ी घटना। दो बार पकड़ने के बाद भी रसूख के चलते छूट गए दबंग। पीड़ित राकेश कुमार को 26 मार्च को मारी गई थी गोली। संडवा चंद्रिका के हनुमानपाण्डेय का पुरवा का मामला। सरेआम घूम रहे दबंगों से दहशत में परिवारजी रहा है ।

# नम आंखों से दी गई मां भगवती को अंतिम विदाई

अमेठी । शनिवार की देर रात तक विधिवत पूजन.अर्चन के बाद देवी प्रतिमाओं को इसौली घाट पर विसर्जन का सिलसिला चलता रहा। माता की विदाई के पूर्व भक्तों ने अंतिम दर्शन कर आरती उतारी। कस्बे में जगह.जगह पुष्प वर्षा कर महिलाओं ने भी मां भगवती की विदाई की। वैश्विक महामारी कोविड.19 के चलते शासन.प्रशासन से मिली गाइडलाइन के अनुसार इस बार दूकानों व घरों में देवी प्रतिमाएं स्थापित की गईं थीं। शनिवार की शाम पूजा.अर्चना के बाद देवी प्रतिमाओं को विसर्जन शोभायात्रा के लिए वाहनों पर सजाया गया। ढोल. नगाड़ों की थाप पर युवा फिल्मी गानों की धुन पर थिरकते नजर आए। कस्बे के संडाबंगला मोड़ए पारसारथी मार्गए पूरे शिवा तिवारी वार्डए गल्ला मंडी मोड़ए शिवदास गलीए इसौली रोडए सब्जी मंडी गेटए रामजानकी मंदिर गेटए हनुमानगढ़ी गेटएगुरूद्वारा मार्गए रेलवे स्टेशन गलीएदयानंद गलीए गांधीपार्क मैदान आदि स्थलों से गुजरते हुए देवी प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए रवाना किया गया। चेयरमैन बृजेश अग्रहरी ने माता के दर्शन कर आरती उतारी।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात माह–नवम्बर 2020 का किया गया शुभारम्भ’

संवाददाता मोहम्मद इमरान सुल्तानपुर– जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय के सम्मुख यातायात माह नवम्बर–2020 का फीता काट कर शुभारम्भ किया गया तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु आयोजित यातायात जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बताया गया कि दुर्घटना से देर भली का नारा जन–जन तक पहुचायें जिससे लोगो का जीवन बचाया जा सके इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर यातायात



उ0नि0 तथा अन्य अधिकारी कर्मचारीगण सम्मिलित हुए। जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से आम जनमानस में यातायात नियमों का पालन सम्बन्धी जागरूकता जैसे सीट बेल्ट हेलमेट पहनना, ओवर स्पीडिंग न करना, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन ईयर फोन का प्रयोग न करना, नशे की हालत में वाहन न चलाने आदि के संबंध में जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु बताया।

## चोरी की ट्रैक्टर ट्राली के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को उ0नि0 सन्तोष कुमार मिश्र थाना मुसाफिरखाना मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त छोटू पासी पुत्र बब्लू पासी ग्राम डोमा पारा थाना गोसाईगंज जनपद सुल्तानपुर को 01 अदद चोरी की ट्रैक्टर की ट्राली के साथ ग्राम रामपुर लोकराय सोना ईठ भठ्ठा के पास से समय करीब 07.20 बजे प्रातरू में गिरतार किया गया । पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि 23अक्टूबर 2020 की रात्रि मे ग्राम छतरपुर में खलिहान से कमलेश्वर प्रसाद पुत्र शंकर सिंह निवासी ग्राम गाजनपुर की ट्राली को चोरी कर बेचने के लिये छुपा दिया था । थाना मुसाफिरखाना द्बारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## महिलाओं को निःशुल्क मिले सब्जी के बीज

अमेठी । आईएफएफडीसी द्वारा चलाए जा रहे पोषण अभियान के अंतर्गत हरखूमऊ .षि वानिकी सहकारी समिति ने महिलाओं को सब्जी बीज वितरित किया। समिति के सचिव अशोक कुमार सिंह ने इफको के प्रबंध



निदेशक डॉण् उदय शंकर अवस्थी व विपणन निदेशक योगेंद्र कुमार द्वारा प्रेषित पंच मिश्रण सब्जी बीज के किट क्षेत्र की 100 महिलाओं को निश्शुल्क प्रदान किया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अपील की कि वह अपने घर आंगन सहित खेतों में पांच किस्म के सब्जी बीज बोकर शुद्ध सब्जी उगाएं। जिससे उन्हें बाजारू सब्जी न खरीदना पड़े। आईएफएफडीसी के निदेशक गुरु प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि समिति समय.समय पर किसानोंएमहिलाओं का सहयोग करती रहती है। इस अवसर पर महेंद्र सिंहएअमर दुबेए ओंकार त्रिपाठीएपुष्पा सिंह यादवए ग्राम प्रधान पवन कुमार उपस्थित रहे।

# सीआरएस निरीक्षण पूरा, 30 मिनट में पहुंची सीआरएस स्पेशल

पीलीभीत। पूर्वोत्तर परिक्षेत्र लखनऊ के रेल संरक्षा आयुक्त मोहम्मद लतीफ खान ने दूसरे दिन निगोही से शहबाजनगर तक रेलखंड का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुल–पुलियों को भी देखा गया। शहबाजनगर से बीसलपुर तक स्पीड ट्रायल में सीआरएस स्पेशल ट्रेन ने आधा घंटे में दूरी को तय किया। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर ट्रेन संचालन निर्भर करेगा। क्षेत्रीय लोगों में काफी उम्मीदें हैं कि दीपावली पर कोई खुशखबरी मिल जाए। रविवार को सीआरएस मोहम्मद लतीफ खान ने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) आरके यादव, डीआरएम इज्जतनगर आशुतोष पंत सहित निर्माण संगठन एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नव अमान परिवर्तित निगोही से शहबाजनगर तक रेल लाइन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुल–पुलियों की गुणवत्ता को भी परखा। रेल लाइन के प्वाइंटों के बारे में इंजीनियरिंग स्टाफ से जानकारी ली। पहले दिन 31 अक्टूबर को बीसलपुर से निगोही 22.53 किमी का निरीक्षण किया गया था। दूसरे दिन एक नवंबर को निगोही से शहबाजनगर तक 19.71 किमी रेलखंड का निरीक्षण किया। रेल लाइन के बारे में अफसरों से जानकारी की। निरीक्षण होने के बाद शहबाजनगर से बीसलपुर रेल खंड पर सीआरएस स्पेशल ट्रेन 118 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से दोपहर दो बजकर 40 मिनट पर दौड़ाई गई। ट्रेन ने शहबाजनगर से बीसलपुर 42.44 किमी की दूरी तय करने में 30 मिनट का समय लगाया। बीसलपुर में ट्रेन पहुंचने पर लोगों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अब सीआरएस की जांच रिपोर्ट पर ट्रेन का संचालन निर्भर करेगा।

## पीलीभीत में घरेलू कलह से परेशान दुकानदार ने कर ली आत्महत्या

पीलीभीत।शहर में यशवंतरी देवी मंदिर के सामने पूजा पाठ की सामग्री की दुकान करने वाले राजकुमार देवल (44) ने दुकान के भीतर ही फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। सोमवार की सुबह जब उसका बेटा



घरेलू कलह से परेशान दुकानदार ने कर ली आत्महत्या

अंशु चाय लेकर पहुंचा तो पिता को फंदे पर लटका देख उसकी चीख निकल गई। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग जुट गए। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ही शव को नीचे उतारा। सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत द्विवेदी के मुताबिक राजकुमार देवल का किसी बात को लेकर पत्नी मिथलेश से विवाद हो गया था। जिसके बाद उसने आत्महत्या कर ली। घटना की बाबत अभी तक पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पत्रकार उत्पीड़न के विरुद्ध डीएम को सौंपा ज्ञापन

## पत्रकार उत्पीड़न के मामले को पत्रकार समिति के समक्ष प्रथम दृष्टया उठाया जाना चाहिए : प्रदेश अध्यक्ष

पीलीभीत। आए दिन पत्रकारों पर तरह तरह का उत्पीड़न और उनके विरुद्ध कार्रवाईयां दिनों दिन बढ़ती जा रही है इससे पत्रकारों में काफी रोष व्याप्त है। इसी क्रम में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विगत काफी समय से हो रहे पत्रकारों पर उत्पीड़न के चलते समस्त पत्रकारों की सहमति से उत्पीड़न के विरुद्ध आज एक बड़ी संख्या में पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल ऑल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐपजा) के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद नसीम खान के नेतृत्व में पीलीभीत कलेक्ट्रेट जिलाधिकारी से मिलने पहुंचा। वहां पर जिलाधिकारी के अति व्यस्तता के कारण अपर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं को बताया जिस पर अपर जिलाधिकारी ने आश्वस्त करते हुए कहा की अति शीघ्र जिलाधिकारी से वार्ता कर समस्या के समाधान किया जाएगा उसी क्रम में विगत दिनों अनुज सक्सेना ब्यूरो चीफ दैनिक आज एवं मंडल संगठन मंत्री ऐपजा पर जिला प्रशासन की ओर से लिखे गए मुकदमे के विरोध में आज पत्रकारों ने उनके समक्ष रखा तथा उन पर लगे हुए धाराओं को समाप्त कर निष्पक्ष जांच कराने के आदेश की मांग की इस संबंध में उनसे अनुरोध किया गया पत्रकार समिति के समक्ष मामले को प्रथम दृष्टया उठाया जाए तदोपरांत अगर पत्रकार दोषी प्रतीत होता हो तभी उसके विरुद्ध न्यायिक जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में बरेली मंडल अध्यक्ष(ऐपजा) नीरज राज सक्सेना, जिला संरक्षक रफीक अनवर वारसी, जितेंद्र मोहन सक्सेना, विकास दीक्षित जिला अध्यक्ष, पंकज सक्सेना, प्रियंक पाठक, अजय राठौर, बिलाल रजा खान, संदीप शर्मा, मुकेश कुमार प्रजापति, केशव प्रजापति, ईश्वरी प्रसाद संतोष गंगवार, सुधीर मिश्रा, आकाश पाठक, शुभम मिश्रा,सत्यजीत, सूरज मौर्य, पवन कुमार, अमन पाठक, मोहम्मद अकरम सहित अनेकों पत्रकार मौजूद रहे।

# पोलिंग पार्टियों को समय से किया गया रवाना

## बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र को 01 से 07 जोन में बांटा गया:



संवाददाता देवेंद्र तिवारी उन्नाव 162–बांगरमऊ विधानसभा उप निर्वाचन को शान्तिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से तैनात की गई पोलिंग पार्टियों को अग्निशमन दोस्ती नगर से रवाना किये जाने की स्थिति को जिलाधिकारी श्री रवीन्द्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री आनन्द कुलकर्णी द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने अग्निशमन दोस्ती नगर में पोलिंग पार्टियों की उपस्थिति एवं वी वी पैड्ध ई0वी0एम0 मशीन की उपलब्धता आदि के बारे में विस्तार से जानकारी मुख्य विकास अधिकारी डा0 राजेश कुमार प्रजापति एवं अपर जिलाधिकारी श्री राकेश कुमार सिंह से ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पोलिंग पार्टियों की उपस्थिति को शतप्रतिशत सुनिश्चित कराया जाये, जो चुनाव कर्मी अनुपस्थित पाये जायें कारण सहित कार्यवाही की जाये। उन्होंने कार्मिक प्रभारी को निर्देश दिये कि समय से उपस्थिति दर्ज करा कर पालिंग पार्टियों को ई0वी0एम0 मशीन उपलब्ध करा कर समय से गन्तव्य की ओर रवाना किया जाये। जोनलध सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश देते हुये कहा कि अपने–अपने क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों की उपस्थिति सुनिश्चित कर पार्टियों को उपलब्ध कराये गये शासकीय वाहन से रवाना करायें तथा यह भी सुनिश्चित कर लिया जाये कि जबतक पोलिंग बूथ पर पार्टियां न पहुंच जायें तब तक चिन्हांकित पोलिंग बूथों पर सम्पर्क बनाये रहें। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गई धनराशि पोलिंग पार्टियों को समय से उपलब्ध करा दें।

जिलाधिकारी ने बताया कि पोलिंग पार्टियों को खाने–पीने की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर सुनिश्चित करा दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था के पूरे प्रबन्ध किये जा चुके हैं।

जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन सम्पन्न कराये जाने को लेकर पहले से ही सतर्कता बरती जा रही है। बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र को 01 से 07 जोन में बांटा गया है, जिसमें सुपर जोनल मजिस्ट्रेटध सुपर जोनल पुलिस अधिकारी नामित किये गये हैं, यह अधिकारी अपने सुपर जोन में शान्तिपूर्वक मतदान सम्पन्न करायेंगे। तहसील बांगरमऊ के कार्यालय भवन में कन्ट्रोल रूम स्थापित करते हुये नगर मजिस्ट्रेट उन्नाव को प्रभारी अधिकारी कन्ट्रोल रूम नामित किया गया है। प्रभारी अधिकारी कन्ट्रोल रूम के साथ–साथ टीम प्रभारीध सहप्रभारी 02 नवम्बर से 03 नवम्बर तक आवंटित कार्यों को सम्पन्न कराने में बराबर सम्पर्क में रहेंगे इस हेतु जोन एवं सेक्टरवार सम्बन्धित निर्वाचन सम्बन्धी कार्यों की जिम्मेदारी तय कर दी गई।

दोस्तीनगर में किसी कर्मी को किसी तरह की परेशानी न हो, इस लिये कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज कराने हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों की काउन्टरध जोनवार तैनाती की गई। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से कर्मियों को होने वाली समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया गया ।

## हाथरस केस में अगली डेट 25 नवंबर को

लखनऊ,02 नवम्बर 2020 (यूएनएस)। हाथरस प्रकरण में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में आज सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति पंकज मित्तल और न्यायमूर्ति राजन रॉय की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान एडीजी लॉ एंड आर्डर प्रशांत कुमार, सचिव गृह विभाग तरुण गाबा, तत्कालीन एसपी हाथरस विक्रांत वीर हाजिर रहे। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली डेट 25 नवंबर तय किया है। सभी निगाहें न्यायालय की कार्यवाही पर टिकी हुई हैं। सभी यह जानना चाहते हैं कि आखिर इस मामले में अब क्या नया सामने आएगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पीड़ित परिवार की सुरक्षा का जिम्मा अब केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने संभाल लिया है। रविवार को सीआरपीएफ की टीम ने बिटिया के घर पहुंचकर इसके आसपास के इलाके को सुरक्षा घेरे में ले लिया। प्लाटून कमांडर सहित सीआरपीएफ के 80 जवान पीड़ित के परिवार की सुरक्षा करेंगे। यह जवान तीन शिफ्टों में परिवार की सुरक्षा के लिए मुस्तैद रहेंगे। पीड़ित परिवार के घर के बाहर अभी भी सिविल पुलिस लगी है। अब परिवार के सदस्य अगर कहीं बाहर जाएंगे तो सिविल पुलिस नहीं जाएगी। उसकी जिम्मेदारी सीआरपीएफ ने संभाल रखी है। हाइवे से गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर पीएसी के जवान तैनात है। हाथरस जिले के एक गांव में 14 सितंबर को 19 वर्षीय दलित लड़की से चार लड़कों ने कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया था। इस लड़की की बाद में 29 सितंबर को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। मौत के बाद आनन–फानन में पुलिस ने रात में अंतिम संस्कार कर दिया था, जिसके बाद काफी बवाल हुआ। परिवार का कहना है कि उसकी मर्जी से पुलिस ने पीड़िता का अंतिम संस्कार किया, वहीं पुलिस ने इन दावों को खारिज किया।

## रामनगर ने रानीनगर को हराकर ट्रॉफी जीती

पीलीभीत। कबड्डी प्रतियोगिता के समापन पर ट्रांस क्षेत्र के रामनगर ने 21 अंक से रानीनगर को हराकर विजेता ट्रॉफी जीत कर बाजी मार ली है। सिंगाही खुर्द में मुस्कान सिटी द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। रविवार को समापन के दौरान दाव पेच दिखाये। खेल में गौढी क्लब रामनगर ने रानीनगर को हराकर विजेता टीम बनी। फाइनल मैच में रामनगर ने 21 अंक से रानीनगर को हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा करके बाजी मार ली है। इस दौरान पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि सम्पूर्णानगर के व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष इंद्रजीत सूरी, अजय गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, संजय गुप्ता, आलोक सिंह द्वारा पुरस्कृत कर उत्साहवर्धक किया गया। मैच के मुख्य निर्णायक अजय गुप्ता रहे। उपविजेता और विजेता टीम को धनराशि दी गई।

## रास्ता खुलवाने की मांग को लेकर टावर पर चढ़ गया युवक

बहराइच,02 नवम्बर 2020 (यूएनएस)। जिले में रेहरा बाजार स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनापार निवासी एक युवक रास्ते को लेकर हुए विवाद में अपनी बात मनवाने के लिए टावर पर चढ़ गया। गांव के प्रधान ने उसके घर से निकलने के रास्ते पर दीवार खड़ी कर दी है। युवक दीवार गिरवाने के लिए दौड़कर थक गया। सुनवाई न होने पर उसने टावर पर चढ़कर प्रशासनिक अमले को सुनवाई के लिए मजबूर किया। हालांकि एसडीएम ने रास्ते का मुवायना करने के बाद दीवाल गिराने की बात कही है। युवक करीब दो घंटे तक टावर पर चढ़ा रहा, जिसके कारण पुलिस हलकान रही। सोनापार निवासी सोनी लाल यादव (35) पुत्र राम मोहित यादव ने बताया कि उसका घर प्राथमिक विद्यालय के पीछे है। करीब डेढ़ साल पहले प्रधान ने स्कूल की चहार दीवारी का निर्माण कराया है। घर से निकलने का रास्ता बंद हो गया है। सोनीलाल के मुताबिक पिछले एक साल से सरकारी दफ्तरों का चक्कर काटकर थक चुका था। सुनवाई न होने पर सोमवार सुबह वह करीब आठ बजे टावर पर चढ़ गया। करीब तीन घंटे बाद उतरौला के एसडीएम अरुण कुमार गौड़ व सीओ राधारमण सिंह मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक पारस प्रसाद के समझाने पर वह नीचे उतरा।

## अधेड़ पर धारदार हथियार से हमल

सीतापुर,02 नवम्बर 2020 (यूएनएस)। रामकोट थाना क्षेत्र में दो अधेड़ में विवाद हो गया। बात बढ़ने पर एक ने दूसरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसको जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया है। मामले में केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। रामकोट थाना क्षेत्र के बरबटापुर गांव निवासी साठ वर्षीय संतराम घर के पास ही हैंडपंप पर पानी ले रहा था। इस बीच प्यारेलाल भी वहां पहुंच गया। दोनों में हंसी मजाक होने लगा। दोनों में विवाद हो गया। इसके बाद प्यारेलाल ने धारदार हथियार से संतराम के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया। घटना को लेकर संतराम के परिवार के पंकज ने तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी प्यारेलाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर उसे पकड़ लिया है। एसओ संजीत सोनकर का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# कृष्णा नगर मे स्कूटी रेहन रख कर चोरी का झूठा मुकदमा लिखवाने वाला जालसाज गिरफ्तार

## चिन्हट सरोजनी नगर आशियाना और मोहनलालगंज पुलिस को भी मिली सफलता

लखनऊ,02 नवम्बर 2020 (यूएनएस)। लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस को सोमवार को बड़ी कामयाबिया हाथ लगी है। कृष्णा नगर पुलिस ने एक ऐसे जालसाज को गिरफ्तार किया है जिसने अपनी स्कूटी को रेहन रख कर 14 हजार रूपए लिए और अपनी स्कूटी के चोरी होने का मुकदमा भी कृष्णा नगर थाने मे दर्ज कर दिया। शातिर दिमाग जालसाज बक्शी का तालाब गंगोर के रहने वाले कुलदीप पाल को कृष्णा नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया तो उसकी सारी होशियारी धरी की धरी रह गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए कुलदीप ने बताया कि उसके मित्र चन्द्र शेखर को स्कूटी की जरूरत थी लेकिन उसे लोन नही मिल पा रहा था इस लिए कुलदीप ने अपने मित्र चन्द्र शेखर को प्रेरित कर स्कूटी अपने नाम से फाईनेन्स करा ली जिसकी किश्ते उसका मित्र चन्द्र शेखर ही देता था लेकिन स्कूटी कुलदीप के पास ही थी । चन्द्र शेखर ने अपनी स्कूटी मांगी तो कुलदीप ने 15 अक्टूबर को स्कूटी चोरी होने का मुकदमा कृष्णा नगर कोतवाली मे दर्ज करा दिया जबकि स्कूटी कुलदीप ने बक्शी का तालाब के रहने वाले संजय शर्मा के पास 14 हजार रूपए लेकर रेहन रख दी थी । शातिर दिमाग कुलदीप की योजना थी कि इन्श्योरेन्स कम्पनी से जब क्लेम मिलेगा तो वो संजय से लिया हुआ कर्ज उसे वापस कर स्कूटी वापस लेलेगा लेकिन पुलिस ने चोरी का मुकदमा लिखने के बाद जब मुकदमे की जॉच शुरू की तो सच्चाई परत दर परत खुलती चली गई और खुद की गाड़ी को प्लानिंग के तहत फर्जी तरीके से चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराने वाले कुलदीप के खेल को पुलिस ने बेनाकाब कर दिया। आशियाना पुलिस ने अप्राकृतिक दुराचार के मुकदमे मे फरार चल रहे सालेह नगर आशियाना के रहने वाले मोसीन को गिरफ्तार कर लिया है। आशियाना पुलिस ने ही चोरी के मुकदमे मे वांछित चल रहे रूचिखण्ड आशियाना के रहने वाले अवधेश शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है । सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़े गए अवधेश ने पुलिस को बताया कि वो एटीएम पर पैसे निकालने गया था तब उसे एक बैग मिला था जिसे वो लेकर चला आया था पुलिस ने अवधेश के पास से 51 हजार 5 सौ रूपए और चार पाकेट डायरी बरामद की है। इसके अलावा चिन्हट पुलिस ने 100 ग्राम स्मैक के साथ कवड़िया टोला चिन्हट के रहने वाले मो0 हसीब उर्फ बाबू और टेराखास चिन्हट के रहने वाले मो0 सलमान को गिरफ्तार किया है हालाकि पुलिस ये पता नही लगा पाई है कि गिरफ्तार किए गए लोगो के पास से बरामद स्मैक इन लोगो ने किससे खरीदी थी बताया जा रहा है कि ये लोग नशे के आदी लोगो को स्मैक बेचते थे। मोहनलालगंज पुलिस ने 1226 रूपए के साथ ग्राम पुरसैनी मोहनलालगंज के रहने वाले कृष्ण कुमार द्विवेदी को गिरफ्तार किया है कृष्ण कुमार पर आरोप है कि उसने मोहनलालगंज के एक ढाबे मे रख्खे गुल्लक से पैसे चुराए थे। इसके अलावा सरोजनी नगर पुलिस ने 25 ग्राम स्मैक के साथ नादरगंज सरोजनी नगर के रहने वाले मो0 सिराज को गिरफ्तार किया है।

# दो गाड़ियों की टक्कर में 6 की मौत, 10 घायल

बहराइच,02 नवम्बर 2020 (यूएनएस)। जिले में सोमवार तड़के सुबह दो वाहनों के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस हादस में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 10 अन्य लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल तो शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मिली सूचना के अनुसार गोंडा–बहराइच राजमार्ग पर शिवदहा मोड़ के पास जायरीनों से भरी वैन को अज्ञात वाहन ने आज तड़के सुबह टक्कर मार दी जिससे वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि छह जायरीनों की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 10 लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। घायलों में तीन की हालत नाजुक बनी हुई है। जियारत से लौट रहे श्रद्धालुओं की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। पयागपुर थानाध्यक्ष मुकेश सिंह ने बताया कि अम्बेडकरनगर के किछौछा में श्रद्धालु जियारत करने गए थे। वहां से जियारत करके लखीमपुर लौट रहे थे। शिवदहा मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन ने वैन को टक्कर मार दी जिसमें 6 लोगों की मौत हुई है। घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती कराया गया है। चांद खां (51 वर्षीय), सलमा बेगम (50 वर्षीय), निशा तबस्सुम (20), इफ्तिखार अहमद (45), शरीफ परवाज (15), शकील (8), साइना (17), सूफिया परवीन (4), नूरजहां (40), अज्ञात महिला (50), सोहन (50), सलीम (60), गुलनाज (60), नौसीन (10), तरन्नुम (17) व ड्राइवर छोटा बरसोला सहित 16 लोग सवार थे। चालक विनोद तिकोना, चांद, स्कूल, सोहन लाल, पत्नी सोहन, सकील पुत्र इफ्तिखार व सलीम समेत 6 लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि बाकि 10 लोग घायल हो गए। जिन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। जिनमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। ड्राइवर को झपकी आने से हादसा होना बताया जा रहा है।

# सीमा पर मालवाहक वाहनों के चालक व खलासी की होगी एंटीजन जांच

बहराइच,02 नवम्बर 2020 (यूएनएस)। मुख्य चिकित्साधिकारी ने सीमा पर संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का रविवार को जायजा लिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। गंदगी मिलने पर नाराजगी जतायी। इसके बाद मुख्य चिकित्साधिकारी ने भारत–नेपाल सीमा पर कोरोना जांच व रोकथाम के लिए उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। सीएमओ ने कहा कि अधिकारियों से वार्ता कर भारतीय क्षेत्र से नेपाल जाने वाले मालवाहक वाहनों के चालक व खलासी की भी एंटीजन जांच की जाएगी, जिससे लोगों में संक्रमण का पता चल सके। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश मोहन श्रीवास्तव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा पहुंचे। यहां पर उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेते हुए अस्पताल परिसर का भ्रमण किया। गंदगी पर सीएमओ ने नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि डेंगू और कोरोना संक्रमण का दौर चल रहा है। ऐसे में अस्पताल की व्यवस्था चौक चौबंद रहनी चाहिए। इसके बाद मुख्य चिकित्साधिकारी भारत–नेपाल सीमा पर स्थित रुपईडीहा पहुंचे। यहां पर स्वास्थ्य चौकी का निरीक्षण कर कोरोना जांच की स्थिति जांची। ग्रामीणों ने रुपईडीहा में कोरोना फैलने और डेंगू के प्रसार होने की जानकारी दी। इस पर सीएमओ ने कहा कि संक्रमण पर अंकुश के लिए जांच और इलाज चल रहा है। जल्द ही सबसे निजात मिलेगी। सीएमओ ने कहा कि भारतीय क्षेत्र से नेपाल को माल वाहक वाहन प्रवेश कर रहे हैं। ऐसे में संक्रमण फैलने से रोकने के लिए मालवाहक वाहनों के चालक व खलासी की भी जांच कराई जा सकती है। इसके लिए उच्चाधिकारियों से वार्ता की जाएगी। गोष्ठी में लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान अधीक्षक डॉ. अर्चित श्रीवास्तव, महिला उपनिरीक्षक सरिता कुमारी, डॉ. धर्मेंद्र रंजन आदि मौजूद रहे।

# डेंगू बुखार को, महामारी का रूप धारण करने से पहले ही नियन्त्रित किया जाय

सीतापुर,02 नवम्बर 2020 (यूएनएस)। जिला मजिस्ट्रेट विशाल भारद्वाज ने डेंगू पर प्रभावी नियन्त्रण सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि अपने कार्यालय में और उसके आस–पास पानी एकत्रित न होने दें। गड्ढ़ों को मिट्टी से भर दें। रूकी हुई नालियों को साफ कर दें। फूल दानों का सारा पानी सप्ताह में एक बार पूरी तरह खाली कर दें, उन्हें सुखाएं तथा फिर से भरें। खाली व टूटे–फूटे टायरों, डिब्बों तथा बोतलों आदि का उचित विसर्जन करें। कार्यालय के आस–पास सफाई रखे। पानी की टंकियों तथा बर्तन को सही तरीके से ढक कर रखें ताकि मच्छर उसमें प्रवेश न कर सके और प्रजनन न कर पायें। पानी के श्रोतों में आप कुछ छोटी किस्म की मछलियाँ (जैसे कि गैम्बुसिया, लेबिस्टर) भी डाल सकते हैं। ये मछलियाँ पानी में पनप रहे मच्छरों व उनके अण्डों को खा जाती है। यदि संभव हो तो खिड़कियों व दरवाजों पर महीन जाली लगवाकर मच्छरों को कार्यालय में आने से रोकें। यदि किसी कारणवश दरवाजों व खिडकियों पर जाली लगवाना संभव नहीं है तो प्रतिदिन पूरे कार्यालय में पायरीशम घोल का छिड़काव करें। मच्छरों को भगाने व मारने के लिए मच्छर नाशक क्रीम, स्प्रे, मैट्स, कॉइल्स आदि प्रयोग करें। गुग्गल के धुएं से मच्छर भगाना एक अच्छा देशी उपाय है व सिजेट्रोला तेल भी मच्छरों को भगाने में काफी प्रभावी है।ऐसे कपड़े पहने ताकि शरीर का अधिक से अधिक भाग ढका रहे। कार्यालय के अन्दर सभी क्षेत्रों में सप्ताह में एक बार मच्छर–नाशक दवाई का छिड़काव अवश्यक करें। यह दवाई फोटो फ्रेम्स, परदो, कलैण्डरों आदि के पीछे तथा कार्यालय के स्टोर कक्ष व सभी कोनों में अवश्य छिड़कें। फ्रिज के नीचे रखी हुई पानी इकट्ठा करने वाली ट्रे को भी प्रतिदिन खाली कर दें। अपने कार्यालय के आस–पास के क्षेत्र में सफाई रखें। कूड़ा–करकट इधर–उधर न फेकें। कार्यालय के आस–पास जंगली घास व झाडियाँ आदि न उगने दें। (कार्यालय के आस–पास कम से कम 100 मी0 के अर्धव्यास में तो बिलकुल नहीं) ये मच्छरों के लिए छिपने व आराम करने के स्थलों का कार्य करते हैं। यदि आपको लगता है कि आपके क्षेत्र में मच्छरों की संख्या में अधिक वृद्धि हो गयी है या फिर बुखार से काफी लोग ग्रसित हो रहे है तो अपने स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र, नगर पालिका या पंचायत केन्द्र में अवश्य सूचना दें। यह भी याद रखने योग्य बात है कि एडीज मच्छर दिन में भी काट सकते है। इसलिये इनके काटने से बचाव के लिए दिन में भी आवश्यक सावधानियां बरतें। डेंगू बुखार सर्वाधिक रूप से जुलाई से अक्टूबर माह के बीच की अवधि में होता है क्योंकि इस मौसम में मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ होती है इसलिये इस मौसम में हर सावधानी बरतनी चाहिए। यदि आपको कभी ऐसा लगे कि काफी व्यक्ति ऐसे बुखार से पीडित है जो डेंगू हो सकता है तो शीघ्रातिशीघ्र स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों को इसकी सूचना दें। ऐसा करने से डेंगू बुखार को, महामारी का रूप धारण करने से पहले ही आवश्यक कदम उठाकर नियन्त्रित किया जा सकेगा। उन्होंने आदेश का तत्काल प्रभाव से कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुये कहा है कि निर्देशों का अनुपालन न किये जाने पर संबंधित कार्यालयाध्यक्ष के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने आम जनता से भी उपरोक्तानुसार सावधानियां अपने निवास स्थल के आस–पास अपनाकर डेंगू से सुरक्षित रहने की अपील भी की है।

## करवा चौथ को लेकर बाजार गुलजार

सीतापुर,02 नवम्बर 2020 (यूएनएस)। करवा चौथ का त्योहार करीब आने से शहर की बाजार में रौनक नजर आने लगी है। बाजार में मेंहदी, कपड़े व पूजा सामग्री की दुकानें सज गई हैं। ज्वैलरी की दुकानों पर भी खरीददारी के लिए ग्राहक पहुंच रहे हैं। त्योहार के मद्देनजर रविवार को भी शहर की बाजार खुली रही। सोमवार देर शाम तक बाजार में गहमा–गहमी रही। पति की लंबी उम्र के लिए करवा चौथ का त्योहार 4 नवंबर को मनाया जाना है। आधुनिक युग के अनुसार बाजार में तरह–तरह की चूड़ियां, कपड़े, श्रृंगार व पूजा सामग्री की दुकानें सज गई हैं। करवा चौथ को खास बनाने के लिए सुहागिनों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बाजार में भीड़ बढ़ने लगी है। महिलाएं रंग–बिरंगी चूड़ियों की खरीदारी तो कुछ मेहंदी लगाने के लिए पति की पसंदीदा डिजाइन तलाश करने में मशगूल दिखाई दीं। सराफ और साड़ियों की दुकानों पर भी गहमा–गहमी नजर आई। शाम ढलने पर भीड़ में इजाफा हो गया। देर शाम तक महिलाएं अपनी पसंदीदा वस्तुओं की खरीदारी करती रहीं। सुहागिनों के लिए बेहद खास इस त्योहार की तैयारियों से शहर के बाजार में खासी रौनक बनी हुई है।

## कोतवाल ने पढ़ाया छात्र छात्राओं को यातायात नियम का पाठ

सीतापुर,। महमूदाबाद के सेठ रामगुलाम पटेल मेमोरियल इंटर कॉलेज में कोतवाल अनिल पांडेय ने यातायात माह को लेकर छात्र छात्राओं को जागरूक किया इस अवसर पर कोतवाल अनिल पांडेय ने कहा कि वाहन चलाते समय सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें वाहन चलाते समय हेलमेड सीटबेल्ट का प्रयोग करे शराब पीकर वाहन न चलाये 18 से कम उम्र के बच्चे वाहन न चलाये तेजगति से वाहन न चलाये वाहन चलाते समय फोन व ईयर फोन का इस्तेमाल न करे जिससे वाहन दुर्घटनाओं को रोका जा सके वही कालेज की प्रधानाचार्या ऊषा वर्मा ने मौजूद छात्र छात्राओं को जागरूक किया।

प्रकाशक, मुद्रक,स्वामी, एवं सम्पादक चन्द्र प्रकाश द्वारा,शिरीन प्रिंटिग प्रेस,भूसामंडी,कसाईबाड़ा,अमीनाबाद, लखनऊ से मुद्रित करा कर ३३ भगवती निवास पानदरीबा चारबाग, लखनऊ से प्रकाशित।

सम्पादक
चन्द्र प्रकाश
मो.9305619783
प्रधान सम्पादक
धर्मेन्द्र हिन्द
मो.9454064212
R.N.I.NO
UPHIN/2014/56940

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

# डीएम ललितपुर की पत्नी के विडियो की महिला आयोग से जाँच की मांग

लखनऊ,संवाददाता। एक्टिविस्ट डॉ नूतन ठाकुर ने आज राष्ट्रीय महिला आयोग से आईएएस तथा डीएम ललितपुर ए दिनेश कुमार की पत्नी राजकुमारी द्वारा जारी किये गए .36 मिनट के एक वीडियो की जाँच की मांग की है, इस वीडियो में दिनेश कुमार की पत्नी राजकुमारी रोते हुए पति और ससुराल के लोगों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मदद की गुहार लगा रही थीं. वीडियो में त्रज्कुमारी ने आरोप लगाया था कि उनके पति तथा उनकी सास उन्हें बहुत तेज मारते हैं, बहुत टार्चर करते हैं, दहेज के लिए परेशान कर रहे हैं, दूसरी शादी करना चाहते हैं आदि। बाद में राजकुमारी ने अपना बयान बदल लिया तथा इसे अपना व्यक्तिगत मामला बताया, नूतन ने कहा कि एक डीएम तथा एक आईएएस अफसर द्वारा इस प्रकार की हरकतें किये जाने को उनका व्यक्तिगत मामला नहीं माना जा सकता है. जिले के डीएम द्वारा महिला उत्पीड़न किया जाना अत्यंत गंभीर प्रकरण है और उनका व्यक्तिगत मामला मात्र नहीं है. उन्होंने कहा कि अन्य कोई विकल्प नहीं होने पर राजकुमारी द्वारा अपना बयान बदलना बड़ी बात नहीं है किन्तु इससे मामला खत्म नहीं हो जाता है। अतः उन्होंने प्रकरण की राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा जाँच करवाते हुए कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# मुख्यमंत्री ने बहराइच में सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद बहराइच में एक सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को इस हादसे में घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

# लेफ्टिनेंट जनरलन वदीप सिंह लांबा सेवा निवृत्त

लखनऊ,संवाददाता। लेफ्टिनेंट जनरलन वदीप सिंह लांबा, पीएचसी, कमांडेंट, एएमसी सेंटर एंड कॉलेज, लखनऊ और ओआईसी रिकॉर्ड्स 31 अक्टूबर 2020 को सक्रिय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। अपनी सेवानिवृत्ति के दिन, लेफ्टिनेंट जनरल नवदीप सिंह लांबा, पीएचएस, कमांडेंट, एएमसी सेंटर एंड कॉलेज, लखनऊ और ओआईसी रिकॉर्ड्स ने 31 अक्टूबर 2020 को एएमसी सेंटर और कॉलेज में वॉर मेमोरियल पर माल्यार्पण कर आर्मी मेडिकल कोर के बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने अपने कर्तव्य की लाइन में सर्वोच्च बलिदान दिया। इस समारोह में सेना चिकित्सा कोर के अधिकारियों, जूनियर कमीशंड अधिकारियों और जवानों ने भाग लिया। इससे पहले, लेफ्टिनेंट जनरल नवदीप सिंह लांबा ने 29 अक्टूबर 2020 को एएमसी सेंटर एंड कॉलेज के ओपन एयर ऑडिटोरियम में एक विशेष सैनिक सम्मेलन को भी संबोधित किया। अपने संबोधन में, जनरल ऑफिसर ने अधिकारियों, जूनियर कमीशंड अधिकारियों और ? जवानों को गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण देने पर जोर दिया,ताकि सशस्त्र बलों के कर्मियों को व्यापक और कुशल स्वास्थ्य देखभाल प्रदान की जास के। उन्होंने प्रशिक्षक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने और सभी प्रशिक्षुओं के लिए रोल मॉडल बनने पर गर्व करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में कोविड–19 से संबंधितप्रोटोकॉलका पालन किया गया।

# कांग्रेस की पूर्व सांसद अनु टंडन सपा में हुई शामिल, अखिलेश ने किया स्वागत

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश के उन्नाव से कांग्रेस की सांसद रह चुकीं अनु टंडन ने सोमवार को समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। इसकी जानकारी खुद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दी है। अखिलेश यादव ने ट्वीट कर लिखा कि, "पूर्व सासंद अनु टंडन जी का समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत!" गौरतलब है कि अनु टंडन ने एक ट्वीट कर बताया था कि उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने आगे लिखा कि दुर्भाग्यवश प्रदेश नेतृत्व के साथ कोई तालमेल ना होने के कारण मुझे कई महीनों से काम में उनसे कोई सहयोग प्राप्त नहीं हो रहा। टंडन ने कहा कि 2019 का चुनाव हारना मेरे लिए इतना कष्टदायक नहीं रहा, जितना पार्टी संघठन की ताबाही और उसे बिखरते हुए देखकर हुआ।

# प्रियंका गांधी का तंज, बीजेपी अपने पूंजीपति मित्र को दीवाली में गिफ्ट करेगी 6 एयरपोर्ट

लखनऊ,संवाददाता। लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे का संचालन आज से अडानी ग्रुप करेगा। अडानी ग्रुप के पास इस एयरपोर्ट की जिम्मेदारी अगले 50 साल तक होगी। इस पर सोमवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने ट्वीट करके भाजपा पर जोरदार हमला बोला। प्रियंका गांधी ने अपने ट्वीट में लिखा कि भाजपा का जनता को दीवाली का गिफ्ट। भयंकर महंगाई भाजपा का अपने पूंजीपति मित्र को दीवाली गिफ्ट। उन्होंने कहा कि 6 एयरपोर्ट पूजीपतियों का साथ, पूंजीपतियों का विकास। बता दें कि लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट के लिए अडानी ग्रुप के साथ हुए करार के मुताबिक शुरुआती तीन साल तक अडानी समूह के अधिकारी एयरपोर्ट प्रशासन के साथ काम करेंगे। 34 साल पुराने इस हवाई अड्डे को सरकारी और खास उद्योगपतियों के इस्तेमाल के लिए सन 1986 में बनाया गया था। जबकि 17 जुलाई 2008 को इस एयरपोर्ट को यात्रियों के लिए शुरू किया गया। उसके बाद मई 2012 में लखनऊ एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का दर्जा मिला। आज लगभग 160 से अधिक विमानों का यहां से संचालन होता है और 55 लाख से अधिक यात्री सालाना यहां से सफर करते है।

# 7 विधानसभा सीटों पर आज होगा मतदान, पोलिंग पार्टियां हुई रवाना

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश की 7 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान कल 3 नवम्बर को कराया जाएगा। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए पोलिंग पार्टी और अर्द्धसैनिक बल सभी विधानसभा क्षेत्र में आज सुबह रवाना हो गए। शाम तक सभी पोलिंग पार्टी के पीठासीन अधिकारी को अपने पहुंचने तथा मतदान केंद्र पर सभी जरूरी तैयारी के बारे में जिला निर्वाचन अधिकारी को रिपोर्ट देनी होगी। विधानसभा के 2017 में हुए चुनाव में इन सीटों पर 56 प्रतिशत से लेकर 76 प्रतिशत तक मतदान हुआ था। लेकिन उपचुनाव में मतदाताओं की दिलचस्पी कुछ कम होती है। कोरोना काल में प्रत्याशियों और उनके दलो के लिए मतदान कराना बड़ी चुनौती होगी। अमरोहा के नौगंवा सादात, बुलंदशहर, फिरोजाबाद की टुंडला, उन्नाव की बांगरमऊ, कानपुर की। घाटमपुर, देवरिया और जौनपुर की मल्हनी सीट पर उपचुनाव हो रहा है।

# चौक में काबीना मंत्री के रिश्तेदार सहित तीन दुकानो के चोरो ने तोड़े ताले

## दो साल पहले भी हुई थी काबीना मंत्री के रिश्तेदार की दुकान मे चोरी

लखनऊ,संवाददाता। दो साल मे दूसरी बार चौक थाना क्षेत्र के यहियागंज मे प्रदेश सरकार के वरिष्ठ कबीनामंत्री के करीबी रिश्तेदार की दुकान के पुलिस से बेखौफ चोरो ने ताले तोड़ तोड़ कर पुलिस की मुस्तैदी पर सवालिया निशान लगा दिए है। पुलिस से बखौफ चोरो ने दो सौ मीटर के दायरे मे एक नही बल्कि तीन दुकानो के ताले तोड़े लेकिन चोरी की वारदात को एक दुकान मे ही अंजाम दे सके। यहियागंज बाजार मे स्थित काबीना मंत्री के रिश्तेदार कैलाश नाथ शर्मा की रद्दी की दुकान मे साल 2018 मे भी चोरी हुई थी लेकिन पुलिस चोरी की उस वारदात का खुलासा नही कर पाई जिससे चोरो का मनोबल बढ़ा और बीती रात फिर कैलाश नाथ शर्मा की रद्दी की दुकान के चोरो ने ताले तोड़ दिए। इन्स्पेक्टर चौक का कहना है कि चोरो ने दो दुकानो के ताले तोड़े है लेकिन एक दुकान से ही चोर करीब दो हजार की नकदी चोरी करने मे सफल हुए है उन्होने बताया कि सीसीटीवी कैमरे मे एक चोर की तस्वीर कैद हुई है वारदात का जल्द खुलासा किया जाएगा। जानकारी के अनुसार यहियागंज के रहने वाले रवि गुप्ता की यहियागंज बर्तन बाजार मे गुप्ता मेटल स्टोर के नाम से दुकान है उनकी दुकान के करीब ही प्रदेश सरकार के काबीना मंत्री के रिश्तेदार कैलाश नाथ शर्मा की रद्दी की दुकान है। सोमवार की सुबह जब रवि गुप्ता का पुत्र हर्षित गुप्ता अपनी दुकान खोलने आया तो दुकान के ताले टूटे हुए थे इसके अलावा कैलाश नाथ शर्मा की दुकान के ताले भी टूटे हुए थे। हर्षित द्वारा पुलिस को सूचना दी गई तो पुलिस भी मौके पर पहुँची। हर्षित गुप्ता ने बताया कि चोर उसकी दुकान से करीब दो हजार रूपए की नकदी चुरा कर ले गए है इन दो दुकानो के अलावा चोरो ने यहीं के रहने वाले बल्लू की त्रिपति मेटल स्टोर के ताले भी ताड़े लेकिन चोर उनकी दुकान के अन्दर इस लिए दाखिल नही हो सके क्यूंकि उनकी दुकान मे अन्दर से भी सेन्टर लाक लगा हुआ था जिसे चोर तोड़ पाने मे असफल रहे। डीसीपी पश्चिम देवेश पाडेण्य का कहना है कि क्षेत्र मे लगातार गश्त हो रही है पालीगान और पिकेट डियूटी लगातार चल रही है उन्होने कहा कि घटना हुई है तो घटना का जल्द खुलासा करने का प्रयास भी किया जाएगा उन्होने बताया कि दुकानो के ताले तोड़ने वाले चोरो की गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी कैमरो की फुटेज चेक की जा रही है वारदात का जल्द खुलासा किया जाएगा। आपको बता दे कि कैलाशनाथ शर्मा की रद्दी की दुकान मे साल 2018 मे चोरो ने ताले तोड़ कर करीब 10 हजार रूपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था 2018 मे हुई चोरी की वारदात के बाद पुलिस ने यहियागंज बाजार मे रात्रि गश्त को भी बढ़ा दिया था लेकिन शातिर चोरो ने पुलिस की रात्रि गश्त की मुस्तैदी पर भी सवालिया निशान लगाते हुए एक ही रात मे तीन दुकानो के ताले तोड़ कर पुलिस को एक बार फिर से चुनौती दे डाली है हालाकि चौक पुलिस ने एक रात मे चोरो द्वारा तीन दुकानो के ताले तोड़े जाने की वारदात को चुनौती के रूप मे लिया है । इन्स्पेक्टर चौक विश्वजीत सिंह का कहना है कि दो दुकानो के ताले चोरो ने तोड़े है एक दुकान से दो हजार रूपए चोरी हुए है उन्होने कहा कि सीसीटीवी कैमरे मे एक चोर की तस्वीर कैद हुई है वारदात का जल्द खुलासा किया जाएगा। शल मीडिया मैनेजमेंट और व्यक्तिगत ब्रांडिंग में इतना लीन है कि पार्टी व मतदाता के बिखर जाने का उनको कोई इल्म नहीं है।

# लव जेहाद के खिलाफ योगी का फैसला सराहनीय कदम : वसीम रिजवी

लखनऊ,संवाददाता। लव जिहाद को लेकर शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वसीम रिजवी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, ''बहुत दिनों के बाद समाज ने समझा है कि लव जिहाद क्या है। ये कट्टरपंथी मुसलमान नौजवानों लड़कों की सोची समझी साजिश है। जो सोशल मीडिया के माध्यम से या अन्य जरियों से बहुत सालों से चल रही है। किसी हिंदु लड़की से धोखा देकर शादी करना फिर उनके मोहब्बत के जज्बातों से खेलना फिर उनको मुसलमान बना लेना। इसको कट्टरपंथी मुसलमान सवाब समझते हैं। अगर मोहब्बत दोनों तरफ से है तो खाली लड़कियों को ही क्यों अपना धर्म बदलना पड़ता है। मैंने तो कभी नहीं सुना कि कोई लड़का किसी हिंदु लड़की की मोहब्बत में हिंदु बन गया हो। ये विचारों और धर्म की हत्या है। इसपर कानून लाना बेहद जरूरी है।'' रिजवी ने कहा, ''मुख्यमंत्री योगी जी ने जो कानून लाने की बात कही है वह वह सरकार का सराहनीय कदम है। मैं योगी जी के बात से सहमत हूँ। ऐसा कानून पूरे हिंदुस्तान में बनना चाहिए ताकि किसी के साथ कोई जुल्म और ज्यादती मोहब्बत और जिहाद के नाम पर न हो सके।''बीते दिनों योगी आदित्यनाथ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश का हनवाला देते हुए कहा था कि शादी विवाह के लिए धर्म परिवर्तन जरूरी नहीं है। सरकार ने फैसला किया है कि लव जिहाद को सख्ती से रोका जाएगा। इसके लिए प्रभावी कानून बनाए जाएंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग नाम छिपाकर बहु–बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करते हैं, वे अगर सुधरे नहींतो 'राम नाम सत्य है' की अंतिम यात्रा निकलने वाली है।

# योगी सरकार मानवाधिकारों पर बर्बरतापूर्वक तेज हमले कर रही : माकपा

लखनऊ,संवाददाता। वामदलों की एक बैठक 10 विधानसभा मार्ग लखनऊ में संपन्न हुई। बैठक में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की योगी सरकार संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए नागरिक स्वाधीनता, जनतांत्रिक अधिकार और मानवाधिकारों पर बर्बरतापूर्वक तेज हमले कर रही है, साथ ही किसानों, मजदूरों तथा मेहनतकश जनता के जीवन व उनकी जीविका को भी तहस–नहस करने में लगी है। दलितों, महिलाओं और आदिवासियों पर हमले करने वालों के योगी सरकार के रहमोकरम से हौसले बुलंद हैं। उनके उत्पीड़न व उनके विरूद्ध हिंसा में तीव्र गति से वृद्धि हुई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा गोहत्या निरोधक कानून का दुरूपयोग कर निर्दोषों को फंसाने तथा डा0 कफील पर लगायी गयी रासुका को मौलिक अधिकारों का हनन मानते हुए इसे निराधार बताने वाले दो फैसलों से स्पष्ट हो गया है कि भाजपा की योगी सरकार अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर उनके खिलाफ हिंसा व नफरत फैलाने में संविधान की धज्जियां उड़ाने की चरम सीमा पार कर गयी है। योगी सरकार की जनविरोधी नीतियों और बिगड़ी कानून



व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाने वाले राजनैतिक दलों, सामाजिक संगठनों तथा बुद्धिजीवियों को गिरफ्तार कर उनके ऊपर फर्जी संगीन धारायें लगायी जा रही हैं। उन्हें तरह–तरह से उत्पीड़ित किया जा रहा है। अभी हाल ही में भाकपा माले के लखनऊ जिले के प्रभारी रमेश सिंह सेंगर को उनके पार्टी कार्यालय में घुसकर रात्रि में गैर कानूनी तरीके से बिना कोई कारण बताये पुलिस उठा ले गयी। माकपा राज्य कार्यालय में धरना प्रदर्शन न करने की धमकी भरी नोटिस दी गयी। वामपंथी दलों ने इन सभी परिस्थितियों पर मंथन करते हुए तय किया है कि प्रदेश की तानाशाह एवं जनतंत्र व संविधान विरोधी सरकार का जवाब देने के लिए प्रदेश में वामपंथी, लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष दलों, सामाजिक संगठनों एवं ताकतों का एक व्यापक मंच बनाने की कोशिश को साकार करने का प्रयास किया जायेगा। बैठक में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव डा0 गिरीश चंद्र शर्मा, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव डा0 हीरालाल यादव, भाकपा माले के प्रदेश का0 सुधाकर यादव, फारवर्ड ब्लाक के प्रदेश संयोजक अभिनव कुशवाहा, माकपा के राज्य सचिव मण्डल सदस्य का0 बी0एल0 भारती एवं का0 रवि मिश्रा, भाकपा के प्रदेश सहसचिव का0 अरविंद राज स्वरूप, भाकपा माले के राधेश्याम व अरूण तथा रमेश सिंह सेंगर आदि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता का0 हीरालाल यादव, राज्य सचिव माकपा उ0प्र0 ने की।

# राजनीति से संन्यास कबूल, लेकिन बीजेपी से समझौता नहीं : मायावती

लखनऊ,संवाददाता। बसपा सुप्रीमो मायावती ने 29 अक्टूबर को दिए बयान पर सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सफाई दी है। मायावती ने ये साफ किया है कि वह बीजेपी साथ नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक जिंदा हूं बीजेपी से समझौता नहीं करूंगी। इस दौरान मायावती ने समाजवादी पार्टी पर जोरदार हमला बोला है। मायावती ने कहा कि मेरे बयानों को गलत तरीके से प्रचारित किया गया है। सपा ने दलित विरोधी काम किए हैं। सपा को बसपा के खिलाफ रजी साजिश में कामयाब नहीं होने देंगे। एमएलसी चुनाव में सपा को हराने के लिए बीजेपी को वोट डालने वाले बयान के बाद मायावती ने कहा कि उनके इस बयान को समाजवादी पार्टी और कांग्रेस मुसलमानों को भड़काने का षड्यंत्र कर रही है। उन्होंने मुसलामानों को आश्वासन दिया कि वह राजनीति से तो संन्यास ले सकती हैं, लेकिन भविष्य में बीजेपी से कभी गठबंधन नहीं करेंगी। मैं हार मानने वाली महिला नहीं हूं। सपा के खिलाफ किसी को भी समर्थन दे सकते हैं। मायावती ने कहा कि बसपा राज में हिंदू–मुस्लिमों का एक भी दंगा नहीं हुआ, लेकिन सपा सरकार में दंगों की भरमार रही है।



इतना ही नहीं मायावती ने कहा कि सपा उम्मीदवार को जीतने नहीं देंगे। मायावती ने आगे बोलते हुए कहा कि उन्होंने जब पहले बीजेपी से गठबंधन किया था तब भी वह नहीं झुकी थीं। उन्होंने कहा कि मैंने सत्ता का त्याग कर दिया, लेकिन बीजेपी के आगे झुकी नहीं। उन्होंने कहा कि वे चार बार मुख्यमंत्री रहीं, लेकिन कभी भी हिंदू–मुस्लिम दंगा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने उनपर दबाव डालने के लिए सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल किया. लेकिन तब भी वे नहीं झुकीं। मायावती ने कहा कि बीजेपी की विचारधारा और उनकी पार्टी की विचारधारा अलग है। उन्होंने कहा कि 2003 में जब केंद्र में बीजेपी की सरकार थी तो उन्हें झूठे केस में फंसाकर गठबंधन का दबाव बीजेपी ने बनाया। उस वक्त सोनिया गांधी ने उनसे फोन पर बात की थी और कहा था कि मेरे साथ अन्याय हो रहा है, कांग्रेस की सरकार आने पर उनके साथ न्याय होगा, लेकिन उसके बाद कई सालों तक कांग्रेस की सरकार केंद्र में रही लेकिन उन्होंने भी कुछ नहीं किया। मायावती ने कहा कि श्मैं मुसलमानों से साफ कह देना चाहती हूं कि बीजेपी के साथ कभी गठबंधन नहीं करूंगी। राजनीति से संन्यास ले लूंगी, लेकिन गठबंधन नहीं करूंगी। हालांकि उन्होंने कहा कि न ही वह राजनीति से संन्यास लेने जा रही हैं और न ही किसी के दबाव में वाली हैं।

# 88 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे वोटर्स

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश विधानसभा की सात सीटों पर उप चुनाव के लिए मंगलवार को होने जा रहे मतदान में निर्दलीय समेत कुल 88 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला मतदाताओं के हाथ में होगा। निर्वाचन आयोग ने सकुशल चुनाव संपन्न कराने की तैयारी पूरी कर ली है। जिन सातों सीटों पर तीन नवंबर को मतदान होना है उनमें से छह सीटें पहले सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास थीं और एक सीट समाजवादी पार्टी (सपा) के पास रही हैं। इस उपचुनाव का परिणाम 10 नवंबर को आएगा। हाथरस और बलरामपुर में दलित समुदाय की महिलाओं के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के बाद कानून–व्यवस्था के मुद्दे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार विपक्ष के चौतरफा हमलों का सामना कर रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शनिवार को जौनपुर और देवरिया की चुनावी सभाओं में एलान किया कि उनकी सरकार लव जिहाद से निपटने के लिए एक कानून लाएगी। वहीं पिछले सप्ताह भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने उप चुनाव के लिए आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार के लिए बुलंदशहर में अभियान शुरू किया था। चंद्रशेखर के नेतृत्व में बनी आजाद समाज पार्टी का इस उप चुनाव में पहली बार परीक्षण होगा कि दलित मतदाताओं के बीच उनकी पकड कितनी मजबत है। आजाद समाज पार्टी का उदय भीम आर्मी के राजनीतिक आंदोलन के फलस्वरूप हुआ है। पार्टी ने बुलंदशहर में मोहम्मद यामीन को अपना उम्मीदवार बनाया है। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि सातों सीटों पर जहां उप चुनाव होना है वहां निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, समावेशी और कोविड–19 के दृष्टिगत सुरक्षित मतदान के लिए समस्त तैयारी पूरी कर ली गई है। शुक्ला ने मतदाताओं से अपेक्षा की है कि कोविड–19 से सुरक्षा के लिए किये गये उपायों का पूरी तरह पालन करते हुए शारीरिक दूरी बनाकर मतदान करें। सातों सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव में निर्दलीय समेत कुल 88 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें सर्वाधिक 18 प्रत्याशी बुलंदशहर सीट पर हैं। जौनपुर जिले की मल्हनी सीट पर 16 उम्मीदवार आमने–सामने हैं। अमरोहा जिले की नौगांव–सादात सीट और देवरिया सीट पर 14–14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा फिरोजाबाद की टूंडला और उन्नाव की बांगरमऊ सीट पर 10–10 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि कानपुर की घाटमपुर विधानसभा सीट पर सबसे कम छह उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इसके साथ ही भाजपा, सपा, कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने इस चुनाव में अपने–अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। कुछ सीटों पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुसलमीन ने भी अपने प्रत्याशी उतारे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं डॉ. दिनेश शर्मा तथा पार्टी पदाधिकारियों एवं अन्य मंत्रियों ने डिजिटल माध्यम से संवाद के अलावा चुनाव क्षेत्रों में जाकर लगातार जनसभाएं और जनसंपर्क किया।

# कांग्रेस का हाथ छोड़ सपा में शामिल हुई अन्नू टंडन

लखनऊ,संवाददाता। कांग्रेस का हाथ छोड़ सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) में शामिल हुई उन्नाव की पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की संभावनाएं लगातार क्षीण हो रही है। क्षेत्र की जनता के विकास की खातिर भावनाओं को दरकिनार कर सपा में शामिल होने का फैसला किया। टंडन ने सपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा '' मैं कांग्रेस में 12–15 साल रही। वर्ष 2019 से मुझे महसूस हुआ कि कांग्रेस आगे नहीं बढ़ रही है। पार्टी का मौजूदा प्रदेश नेतृत्व काबिल नहीं है। मुझे कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से पूर्ण स्नेह मिला हालांकि प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ काम करने का ज्यादा मौका नहीं मिला। वह सक्रिय राजनीति में



अभी अभी आयी है। अपनो की खातिर भावनाओ को दरकिनार कर सपा के साथ काम करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को रोकने की क्षमता सिर्फ सपा के पास है। सपा शासनकाल में वह अखिलेश यादव के कामकाज से बेहद प्रभावित रहीं है और शायद यही कारण रहा कि उन्होने आज सपा की सदस्यता हासिल की। उन्नाव की पूर्व सांसद ने कहा कि अखिलेश यादव ही प्रदेश को विकास के रास्ते पर ले जा सकते हैं। उन्हें खुशी है कि यादव के नेतृत्व में वह और उनके समर्थक सपा की विचारधारा को आगे बढ़ायेंगे। इस मौके पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रहने के दौरान उन्हें टंडन की लोकप्रियता का अहसास हो गया था।

# शायर मुनव्वर राना के खिलाफ नफरत फैलाने के आरोप में मुकदमा

लखनऊ,संवाददाता। शायर मुनव्वर राना के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में कथित रूप से धार्मिक आधार पर समूहों में दुश्मनी को बढ़ावा देने के आरोप में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार मुनव्वर राना ने फ्रांस में एक पत्रिका में प्रकाशित कार्टून और एक व्यक्ति की हत्या के संदर्भ में एक न्यूज चौनल को साक्षात्कार दिया था जिसमें उनका बयान कथित रूप से विभिन्न समुदायों में वैमनस्य फैलाने और सामाजिक सौहार्द पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि रविवार को हजरतगंज कोतवाली में तैनात एक उपनिरीक्षक ने मुनव्वर राना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। उनके खिलाफ धारा 153–ए (धर्म और भाषा के आधार लोगों में नफरत फैलाने की कोशिश), 295–ए (किसी वर्ग की धार्मिक भावना का अपमान करने के इरादे से किया गया दुर्भावनापूर्ण कृत्य), 505(1(बी) (जनता के बीच भय पैदा करने के इरादे से शरारत करना और अपराध के लिए प्रेरित करना), 505 (2) (नफरत पैदा करने वाला बयान देना) तथा सूचना प्रोद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 67 और 66 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। राना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए पुलिस उपनिरीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे राना के बयान से लोक शांति भंग होने की पूर्ण आशंका है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने साक्षात्कार का संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की है और मामले की जांच की जा रही है।

# प्रदेश में अपराधिक घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही : आराधना

लखनऊ,संवाददाता। कोंग्रेसी नेता आराधना मिश्रा उर्फ मोना ने सीएम योगी को लिए पत्र में उनसे मांग करते हुए कहा मुख्यमन्त्री जी प्रदेश में अपराधिक घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है, और अपराधी बेखौफ होकर अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। दिनांक– 30 अक्टूबर, 2020 दिन शुक्रवार की रात्रि जनपद कानपुर नगर के थाना घाटमपुर के अंतर्गत ग्राम भदरस निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य, विमल बाजपेयी उर्फ पप्पू पुत्र पूरन बाजपेयी उम्र लगभग 40 वर्ष की गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी गयी। इस दुःखद घटना से जहॉ उनके परिवार के जीविकोपार्जन का सहारा छिन गया हैं वहीं पूरे जनपद में शोक एवं भय का माहौल व्याप्त हो गया है। इस प्रकरण में प्रथम दृष्ट्या मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस की भूमिका संदिग्ध है अतः पुलिस द्वारा निष्पक्ष जॉच होना संभव नहीं है, परिवार के अन्य लोगों पर भी दबाव डाला जा रहा है। अतः पीड़ित परिवार को समुचित सुरक्षा उपलब्ध कराना आवश्यक है। आपसे आग्रह है ।

# यह पशुओं का निवाला है, जलाने से होगा नुकसान

संवाददाता,संतकबीर नगर। पशुओं के निवाले को आग के हवाले नहीं किया जाना चाहिए। इससे दोहरा नुकसान होता है। खेतों की उर्वरा शक्ति कम होने के साथ ही पशु संपदा संरक्षण को भी झटका लगता है। इससे सभी को परहेज करने की आवश्यकता है। रविवार को जिले के स्काउटध गाइड के प्रशिक्षुओं ने रविवार को जनजागरण अभियान चलाया।खलीलाबाद के बिसरापार, गिठनी, मैनसिर, कटका, विषयाहन्नू, शिकारपार आदि गांव के खेतों में पहुंचकर सभी ने किसानों को जागरूक किया। सभी ने पराली को निकट के गोआश्रय केंद्रों पर पहुंचाने के लिए निवेदन भी किया। पराली जलाने पर मुकदमा दर्ज किए जाने की भी जानकारी दी गई। जिला सचिव रविप्रकाश श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त अभिषेक कुमार सिंह, विकास कुमार, जीशान अंसारी, गिरिजेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

# यातायात नियमों का पालन कराने के निर्देश

संवाददाता,संतकबीर नगर। खलीलाबाद बाईपास पर रविवार को यातायात माह का शुभारंभ हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर यातायात जागरूकता रैली को रवाना किया। यातायात नियमों के पालन कराने व सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक करने के लिए निर्देशित किया। थाना प्रभारियों को निरीक्षण के समय शालीनता के साथ जनमानस को जागरूक करने की नसीहत दी। प्रभारी यातायात संतोष कुमार मिश्रा ने यातायात माह नवंबर में संचालित किए जाने वाली गतिविधियों देते कहा कि नियमों को ध्यान में रखते हुए निरंतर चेकिग अभियान एवं जन जागरुकता का कार्य किया जाएगा। सघन चेकिग अभियान चलाकर काली फिल्म, बिना सीट बेल्ट, बाइक पर तीन सवारियां, बिना हेलमेट तथा नो पार्किंग व नो इंट्री का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उप जिलाधिकारी राज नारायण त्रिपाठी सहित विभागीय अधिकारी, यातायात दस्ता व नागरिक मौजूद रहे।

# दुकानों को हटवाने के विरोध में विधायक से मिले व्यापारी

संवाददाता,संतकबीर नगर। रविवार को खलीलाबाद बाईपास के पास बस्ती–गोरखपुर मार्ग के किनारे पर संचालित ढाबों को हटवाने के लिए जेसीबी लेकर पुलिसकर्मी पहुंचे। इसे लेकर ढाबा संचालकों व भू–स्वामियों में खलबली मच गई। ये लोग विधायक से मिले। बिना अनुमति के भूमि अधिग्रहण नहीं किए जाने की मांग की। इसमें मदद की अपील की। विधायक ने अपने स्तर से समाधान करवाने का आश्वासन दिया। विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे से मिलने वाले भू–स्वामी कमला सिंह, रणविजय सिंह, शिवेंद्र सिंह, ढाबा संचालक हरिद्वार चौरसिया, बाबूलाल आदि ने कहा कि अचानक ही पुलिसकर्मियों ने रविवार को दुकानों को हटवाने का प्रयास किया। उन लोगों के पास इसी भूमि से मिलने वाले किराए के सिवाय अन्य कोई साधन नहीं है। यहां ढाबा चलाने वाले लोगों को पूर्व में कोई नोटिस नहीं दिया गया था। विधायक ने अपने स्तर से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# महिला उत्पीड़न पर अंकुश न लगने पर होगा आंदोलन

संवाददाता,संतकबीर नगर। भारतीय महिला महासभा कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को धनघटा स्थित शिवमंदिर में हुई। प्रदेश में महिला उत्पीड़, लूट, हत्या आदि घटनाओं पर चिता जताई गई। शासन–प्रशासन के कार्यप्रणाली की निदा की गई। प्रदेश अध्यक्ष शीला यादव ने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करने का दावा कर रही है, जबकि यह बढ़ता ही चला जा रहा है। कानून व्यवस्था ठीक न होने से महिला उत्पीड़न की घटनाएं हो रही हैं। इस पर अंकुश न लगने पर संगठन आंदोलन करेगा। प्रदेश महामंत्री संजू गोंड ने कहा कि कच्ची शराब के कारोबारियों को स्थानीय पुलिस का संरक्षण होने के नाते कुटीर उद्योग के रूप में कच्ची शराब का धंधा चल रहा है। जिला प्रभारी कुसुम चौहान ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। संगीता, लालती, शकीला खातुन, इंदू, सुनीता, सुनीता देवी, विजयलक्ष्मी, राज पटवारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# सड़क निर्माण को लेकर विवाद, मुकदमा

संवाददाता,संतकबीर नगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने रविवार को तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम किया है। बीते शनिवार को महुई–बनपुरवा गांव में सड़क निर्माण को लेकर दो लोगों के बीच विवाद हो गया था। कुछ लोगों ने एक व्यक्ति की पिटाई कर दी थी। गोरखपुर जिले के पत्रकारपुरम राप्तीनगर निवासी राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि लोक निर्माण विभाग–दो मंझरिया–कोड़री–कटका मार्ग पर कार्य कराया जा रहा है। साइड पर काम करने वाले महुली थानाक्षेत्र के विश्वनाथपुर गांव के निवासी सालिकराम पुत्र भजुराम कार्य के समय बगल से जाने का रास्ता बना रहे थे। उसी दौरान ट्रैक्टर पर बालू लादकर जा रहे लोगों को सालिक राम ने रोका। काम चलने की वजह से रास्ता बंद होने की जानकारी दी। इससे नाराज होकर ट्रैक्टर चालक समेत तीन लोगों ने उनकी पिटाई कर दी। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मनोज, बुद्धिराम, उदयराज निवासी ग्राम महुई–बनपुरवां के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिगरामीर में रविवार को निश्शुल्क चिकित्सा शिविर लगा। आयोजक डा. मोहम्मद इरफान ने बताया कि 190 लोगों को जांच के साथ ही मुफ्त में दवा भी दी गई। डा. प्रमोद कुमार चौधरी, डा. अजीत चौधरी, डा. शैलेंद्र कुमार के आदि मौजूद रहे।

# बच्चों के सिर से उठ गया पिता का साया

संवाददाता,संतकबीर नगर। जंगल बेलहर गांव के निवासी हरिलाल यादव की मौत से परिवार की खुशियां छीन उठी। वह अपने चार भाइयों में सबसे छोटे थे। दो वर्ष पूर्व परिवार के लोगों ने आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए कंबाइन खरीदा था। कारोबार ठीक चल रहा था। स्वजन में खुशहाली का माहौल था। इसी क्रम में वह कंबाइन पर कार्य करने वाले स्टाफ को भोजन करवाने के लिए गए थे। किसी ने यह कल्पना नहीं की थी कि कंबाइन तले उनकी दबकर मौत हो जाएगी। हरिलाल के पांच बेटियां व एक बेटा हैं। इसमें दो बेटियों की शादी हो चुकी है। लगभग 10 वर्ष पूर्व पत्नी की भी मौत हो चुकी है। उनकी मौत से स्वजन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सभी का रो–रोकर बुरा हाल है।

# पर्सनल आइडी से ट्रेन की टिकट बनाते पकड़ा



फीरोजाबाद। अवैध रूप से रेल रिजर्वेशन कर रहे एक दुकानदार को रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने एटा के अवागढ़ से गिरफ्तार कर किया है। उसके पास से हजारों रुपये कीमत की टिकट, कम्प्यूटर, प्रिंटर सहित अन्य सामान बरामद किया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर अमित यादव ने बताया कि लंबे समय से अवागढ़ निवासी दुकानदार द्वारा पर्सनल आइडी से रेल आरक्षण करने की जानकारी मिल रही थी। रविवार दोपहर एक बजे टीम ने अवागढ़ में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। मौके से मानिटर, यूपीएस, सीपीयू, प्रिंटर व मोबाइल बरामद किया गया। आगे की तीन टिकट, जिन पर अभी यात्री होनी है। हर टिकट पर दो सौ से लेकर तीन सौ रुपये अतिरिक्त वसूल किए जा रहे थे। पूर्व में यात्रा की भी हजारों रुपये कीमत की टिकटें बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपित का नाम अहमद सकलैन पुत्र लियाकत अली निवासी मौला तवायफान थाना अवागढ़ जिला एटा बताया गया। उसके खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। टीम में उप निरीक्षक हरीशचंद्र, सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार, राजकुमार, सत्यपाल गौतम, जितेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

# बाजार में धीमी गति से होता मिला फुटपाथ निर्माण

फीरोजाबाद। दीपावली नजदीक है, लेकिन ठेकेदार द्वारा गांधी पार्क से सेंट्रल चौराहे तक धीमी गति से कार्य कराया जा रहा है। रात में निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने इस स्थिति पर नाराजगी जताई। नगर निगम द्वारा दो करोड़ के बजट से गांधी पार्क से सदर बाजार, घंटाघर होते हुए नालबंद चौराहे तक सड़क का चौड़ीकरण कराया जा रहा है। सड़क के दोनों साइड कलर इंटरलाकिंग टाइल्स लगवाई जा रही हैं। व्हाइट पट्टी व केट आई भी लगेंगी। ठेकेदार द्वारा अभी नाली व फुटपाथ तैयार कराया जा रहा है, लेकिन मुख्य बाजार के हिसाब से कार्य के लिए श्रमिक नहीं लगाए गए हैं। जिससे काम की गति धीमी है। नगर आयुक्त



विजय कुमार ने शनिवार रात 11 बजे गांधी पार्क से सेंट्रल चौराहे तक निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार को काम में तेजी लाने और दीपावली से पहले सड़क तैयार करने के निर्देश दिए। फुटपाथ पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया था, उन्हें नोटिस जारी करने को कहा। स्टेशन रोड पर गायब मिले सफाई कर्मचारी रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का नगर आयुक्त ने निरीक्षण किया। गांधी पार्क से स्टेशन रोड तक छह कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है, लेकिन रात में कोई कर्मचारी नहीं मिला। सदर बाजार में भी दो कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। नगर आयुक्त ने इनका वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।

# महिलाओं को लुभा रही सूरत की साड़ी और कलकत्ता का लहंगा



संवाददाता, फीरोजाबाद। आखिर वह दिन नजदीक आ ही गया, जिसका सुहागिनों को बेसब्री से इंतजार रहता है। करवा चौथ पर सजने–संवरने के लिए महिलाएं खरीदारी में जुट गई हैं, जिससे बाजार में हर तरफ रौनक बिखरने लगी है। खरीदारी होने से दुकानदारों के चेहरे खिले हैं। अब बाजार में कोरोना का भी कोई डर नहीं दिख रहा। करवा चौथ बुधवार को है। ऐसे में ज्वेलरी शाप, साड़ी शोरूम से लेकर अन्य दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ नजर आ रही है। महिलाओं को लुभाने के लिए बाजार में सूरत की सिल्क की साड़ी व लहंगा बाजार में आया है। साड़ी विक्रेता शैलेंद्र अग्रवाल ने बताया कि सिल्क की साड़ी एक से दस हजार तक की रेंज में है। दो से पांच हजार की रेंज की साड़ियां अधिक बिक रही हैं। सूरत का लहंगा तीन से दस हजार व कलकत्ता का लहंगा पांच से 25 हजार की रेंज में है। महिलाएं सोने–चांदी के आभूषण की खरीदारी कर रही हैं। ज्वेलर्स आशीष जैन ने बताया कि चांदी का 100 से 150 ग्राम तक का करवा बिक रहा है, इसकी कीमत छह से दस हजार रुपये तक है। पूजा की थाली आठ से 12 हजार की है। डायमंड रिग आठ हजार से एक लाख रुपए तक हैं। महंगी होने के कारण इसकी बिक्री कम है। सबसे अधिक बिक्री चांदी के बिछुआ व पायल की हो रही है। –राजस्थानी लुक में पूजा की थाली की अधिक डिमांड बाजार में राजस्थानी लुक में पूजा की थाली का सेट आया है, इसकी सबसे अधिक डिमांड है। व्यापारी जतिन धरना ने बताया कि 200 से 500 रुपए तक में सेट खूब बिक रहे हैं। इसके साथ ही राजस्थानी थाली, कलश, गोटा से सजी चलनी व करवा भी आया है। –चीनी व मिट्टी के करवा की खूब का हो रही बिक्री बाजार में मिट्टी का सादा करवा दस, रंगीन करवा 15–20 रुपए तक बिक रहा है। वहीं चीनी का करवा 20 से 25 तक बिक रहा है। महिलाएं करवा के साथ पूजा के लिए कलेंडर भी खरीद रही हैं।

# 501 कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया

संवाददाता, फीरोजाबाद। महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव पर बजरंग दल एवं विश्व हिदू परिषद के पदाधिकारियों ने रविवार को कोटला चुंगी चौराहा स्थित कांता होटल में कन्या पूजन का कार्यक्रम किया। इसमें 501 कन्याओं को पूजन कर भोजन कराया गया। सदर विधायक मनीष असीजा ने सबसे



पहले कन्याओं के चरण धोए और उनका पूजन किया। भाकियू (भानु) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने भी पूजन किया। इसके बाद कन्याओं को भोजन कराया गया। इस दौरान बजरंग दल के प्रांतीय अध्यक्ष वीनेश शर्मा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जन्मोत्सव सामाजिक समरता दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें वाल्मीकि समाज, गिहार, कोली एवं कठेरिया समाज की कन्याओं को बुलाया गया था। हरीश बाबू राजोरिया, रमाशंकर नंद, राजे बाबू, चमन एवं नंदू ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी व्यवस्था करने में जुटे रहे।

# कैंटीन संचालक पर फायरिग, बाल-बाल बचा

संवाददाता, फीरोजाबाद। कस्बा के मुख्य चौराहे पर रविवार देर शाम बाइक सवार दो युवकों ने हथियारों के बीच दुकान पर आए दो युवकों में से एक ने उन पर पिस्टल से फायरिग कर दी। मनीष किसी तरह



से कैंटीन संचालक पर फायरिग कर दी। संचालक बाल–बाल बचा। फायरिग से कस्बा में सनसनी फैल गई। पुलिस की मदद से दोनों हमलावरों को पकड़ लिया गया। चौराहे पर मनीष गुप्ता पुत्र पप्पू गुप्ता कैंटीन चलाते हैं। शाम छह बजे वह दुकान पर बैठे थे। इस बच गया। फायरिग की आवाज से कस्बा में दहशत फैल गयी। आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित होते देख हमलावर युवक हवाई फायरिग करते हुए भागने लगे, लेकिन व्यापारियों ने पास में ही खड़ी पुलिस की मदद से दोनो आरोपितों को मौके पर ही दबोच लिया। इनके पास से दो पिस्टल और एक बाइक बरामद हुई है। पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम विनय पुत्र नरेंद्र कुमार निवासी जिला अजमेर (राजस्थान) व संदेश कुमार शर्मा निवासी जसराना बताया। आरोपित नगला रामा निवासी योगी लोधी के यहां आए थे। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि इससे पहले भी योगी ने कुछ दिन पहले आधा दर्जन लोगों के साथ मिलकर उन पर जानलेवा हमला किया था। इसका मुकदमा उन्होंने लिखवाया था, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। वहीं आरोपितों ने पुलिस को बताया कि वे एक दुकान से बीयर खरीद रहे थे, तभी कैंटीन बाले ने बदतमीजी कर दी। इस पर उनका उससे झगड़ा हुआ। इंस्पेक्टर जितेंद्र द्विवेदी ने बताया कि पूछताछ की जा रही है।

# विधानसभा क्षेत्र की 30 जगह से नाकाबंदी

संवाददाता, फीरोजाबाद। उपचुनाव को निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए पोलिंग बूथों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों के बाहर सीआरपीएफ की तैनाती की जाएगी। डीएम चन्द्र विजय सिंह और एसएसपी सचिद्र पटेल ने रविवार दोपहर पुलिस लाइन मैदान में अधिकारियों को मतदान के दिन व्यवस्थाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पूरे विस क्षेत्र में 30 नाके और 45 पिकेट लगाकर वाहनों की चेकिग कराकर अराजकतत्वों पर निगाह रखी जा रही है। तीन अपर पुलिस अधीक्षक, नौ सीओ, छह इंस्पेक्टर, 259 सब इंस्पेक्टर, 109 हेड कांस्टेबिल, 1582 कांस्टेबिल, 1722 होमगार्ड, तीन



कम्पनी अर्ध सैनिक बल और एक कम्पनी पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है। एसएसपी ने बताया कि इसके अलावा थाना मोबाइल सात, क्यूआरटी मोबाइल 14, क्लस्टर मोबाइल 44, सेक्टर पुलिस अधिकारी मोबाइल 37 और छह जोनल मोबाइल का गठन किया गया है। ये मतदान के दिन मतदान केन्द्रों पर भ्रमणशील रहेंगी। फ्लाइंग स्क्वायड और स्टेटिक स्क्वायड की नौ–नौ टीमों व डिस्ट्रिक्ट स्ट्राइक फोर्स की ड़यूटी भी गई है। इस दौरान सीडीओ नेहा जैन, एडीएम एपी श्रीवास्तव, एसपी देहात राजेश कुमार, एसपी सिटी मुकेश चन्द्र मिश्र एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अभी 15 दिन तक आसमान पर रहेगा आलू का भाव, प्याज भी रुलाएगी



गोरखपुर ,संवाददाता। महंगा आलू खरीद रहे लोगों को 14 नवंबर के बाद थोड़ी राहत मिलने के उम्मीद है। क्योंकि पंजाब से नए आलू की आवक शुरू हो जाएगी और पुराने आलू के भाव 25 फीसद तक कम हो जाएंगे। वहीं महीने के अंत में कन्नौज से भी नए आलू की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। फिलहाल मंडी में आलू कन्नौज से ही आ रहा है। दूसरी तरफ प्याज की कीमतों में अब भी उतार–चढ़ाव बरकार है। रविवार को थोक में 50 से 57 तथा फुटकर में 60 से 75 रुपये किलो तक प्याज बिकी। प्रशासन की ओर से मंडी में लगाए गए पांच स्टाल में रविवार को 459 लोगों ने 18.45 क्विंटल आलू एवं 15 क्विंटल प्याज सस्ते दर पर खरीदा। आलू–प्याज की बढ़ती हुई कीमतें आम लोगों के साथ–साथ प्रशासन के लिए भी परेशानी का सबब बन गया है। हरी सब्जी महंगी होने पर लोग आलू से काम चला लेते थे, लेकिन वह सब्जी से भी आगे निकल गया। महेवा मंडी में 30 से 36 तो फुटकर में 48 रुपये किलो तक आलू बिका। थोक कारोबारी शमशाद अहमद पप्पू के मुताबिक नया आलू आने पर पुराने की पूछ कम हो जाएगी। ऐसे में दाम काफी हद तक गिर जाएगा। नई प्याज नवंबर के आखिरी सप्ताह तक आएगी।


## नैशनल मर्केन्टाइल कोआपरेटिव बैंक लि

127/4 – ए , बी .एन .रोड, लखनऊ 226001 फोन 0522–4003430

### वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक की विज्ञप्ति

बैंक की वर्ष 2019–20 की वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक दिनांक 20–11–2020 को प्रातः9:30 बजे जैन मंदिर डालीगंज लखनऊ के निकट पार्क में होना निश्चित हुयी है। अतः मैं ए .एन. मिश्र, सचिव बैंक, उत्तर प्रदेश सहकारी अधिनियम 1965 एवं नियमावली 1968 के प्राविधानों के अन्तर्गत समस्त अंशधारियों को सूचित करता हूं कि उक्त बैठक में यथा समय स्थान उपस्थिति होने का कष्ट करें,अग्रेतर सामान्य निकाय की बैठक की विषय सूची निम्नवत है– –

**सामान्य निकाय के बैठक की विषय सूची --**

1 ) पिछली सामान्य निकाय की बैठक के कार्यवाही की पुष्टि पर विचार।
2) संचालक मण्डल द्वारा आगामी सहकारी वर्ष के लिए तैयार किये गये बैंक के कार्यकलाप के अनुमोदन पर विचार।
3) सहकारी वर्ष 2019–2020 के लेखा परीक्षा प्रतिवेदन एवं उसकी परिपालन आख्या के अनुमोदन पर विचार।
4) आगामी सहकारी वर्ष के लिए बैंक का अधिकतम दायित्व निर्धारित करने पर विचार।
5 ) शुद्ध लाभ के निस्तारण पर विचार।
6 ) आगामी सहकारी वर्ष के बचत पर विचार।
7) अन्य विषय की सभापति की अनुमति से।

ए .एन. मिश्र
सचिव

# नगर के प्रेस क्लब में सहभोज व पत्रकार मिलन समारोह संपन्न



सुल्तानपुर ।जिले में इस तरह का पहली बार आयोजित पत्रकार मिलन समारोह में पत्रकार संगठनों से जुड़े सभी पत्रकारों ने शामिल होकर एकजुटता दिखाई। पत्रकार हित के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ने की बात दोहराई गयी। रविवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार मिलन कार्यक्रम में जिले के कोने कोने से आए पत्रकारों ने एक दूसरे का हालचाल जाना और एक साथ सहभोज में शामिल हुए। भोजन के बाद आपस में एक दूसरे को बधाई देते हुए आगे भी इसी तरह का कार्यक्रम कराए जाने का दृढ़ निश्चय किया। इस कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ पत्रकार नीरज तिवारी, इम्तियाज अहमद , श्रीकृष्ण पांडे , बृजेश तिवारी पिंटू, अवधेश गुप्ता, व बृजेश उपाध्याय ने मुख्य रूप से किया था। पत्रकार मिलन समारोह में वरिष्ठ पत्रकार डॉ अवधेश शुक्ला, मनोराम पांडे, अनिल द्विवेदी, अब्दुल सत्तार, साजिद, दिनेश पांडे, आफताब आलम,नवींन शर्मा, जुबेर अहमद, अनिल निषाद, रंजीत सिंह, पीर मोहम्मद, निसार अहमद, सत्य प्रकाश वर्मा, चंद्रप्रकाश, संतोष पाठक, उदय प्रकाश, श्याम चंद्र श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, विजय तिवारी, अर्जुन प्रसाद, विजय प्रकाश तिवारी, मोहम्मद आदिल खान, मोहम्मद नफीस खान, शिव प्रसाद, मोहम्मद मुस्तकीम मुन्ना, अनुराग द्विवेदी, अशोक मिश्रा, आशुतोष मिश्र, इम्तियाज, धर्मराज दुबे, रमन पांडे, उमेश सिंह, आशीष कुमार मिश्रा, विनोद पाठक, सतीश तिवारी, विपुल शर्मा, नवीन शर्मा, के के तिवारी, बृजेश तिवारी, गोविंद प्रसाद, सुशील शर्मा, अनिल मिश्र, दिनेश कुमार सिंह, दीपक, श्याम चंद्र श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, मोहन, विजय तिवारी, अर्जुन प्रसाद, विजय प्रकाश तिवारी, अखिलेश तिवारी, सुभाष चंद पाठक, सौरभ, सुहेल, जितेंद्र श्रीवास्तव, मनीष मिश्रा, प्रेम चंद्र श्रीवास्तव, दर्शन साहू, उमेश मिश्रा, दिनकर श्रीवास्तव, शिव कुमार दुबे, सुभाष गुप्ता, राम नारायण चौरसिया, महेंद्र प्रताप सिंह, जसीम, राकेश पांडे, डॉ दीपक द्विवेदी, आशुतोष चतुर्वेदी, आशुतोष उपाध्याय, प्रशांत,बृजेश शुक्ला,अरुण मिश्रा आदि बहुत सारे पत्रकार मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने नगर भ्रमण कर लिया सुरक्षा ब्यवस्था का जायजा

सुल्तानपुर ।पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में भ्रमणशील रहकर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया ।उन्होंने बैंको के आसपास संघन चेकिंग की । जनपद की समस्त सीमाओं को सील कर व्यापक चेकिंग अभियान



चलाया गया। महोदय द्वारा स्वयं भ्रमणशील रहकर थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के बस स्टाप, पयागीगपुर, अमहट तथा जनपद के विभिन्न बार्डरो– कोतवाली देहात क्षेत्र के अमेठी बार्डर थाना लम्भुआ क्षेत्र के प्रतापगढ बार्डर पर आने जाने वाले संदग्धि व्यक्तियोध्वाहनों को पर्याप्त पुलिस बल के साथ चेक किया गया ।उनके द्वारा कड़ाई से पूछताछ की गयी। तथा साथ ही साथ लोगो को मास्क वितरण किया गया। साथ ही साथ कोविड–19 महामारी के अन्तर्गत दिये गये आदेशो व निर्देशो का पालन करने हेतु बताया गया ।

# जिलाधिकारी द्वारा जिला उद्यान कार्यालय का किया गया औचक निरीक्षण

सुलतानपुर ।जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह कार्यालय में उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। इस कार्यालय में कुल 09 कर्मचारी कार्यरत हैं। डीएम ने सभी कर्मचारियों को बुलाकर भौतिक सत्यापन किया। एक कर्मचारी राम नयन चौकीदार पद पर कार्यरत है, जिनकी ड्यूटी रात्रि में रहती है। जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधि ाकारी को निर्देशित किया कि प्रतिदिन उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने के पश्चात हस्ताक्षर बना दिया करें। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में साफ–सफाई का निरीक्षण कर नियमित साफ–सफाई कराये जाने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी श्री गुप्ता को जिला उद्यान अधि ाकारी द्वारा अवगत कराया गया कि शासन द्वारा 31 अक्टूबर, 2020 तक शीतगृहों में जमा आलू की निकासी का निर्देश प्राप्त हुआ था, जिसके क्रम में जनपद के शीतगृहों में भण्डारित 7271 मैट्रिक टन आलू की निकासी 28 अक्टूबर को शत–प्रतिशत करा ली गयी है। उन्होंने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता में शामिल एकीकृ त बागवानी विकास मिशन राज्य औद्यानिक मिशन के अन्तर्गत फल, पुष्प, मसाला क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम में प्राप्त 106 हेक्टेयर भौतिक लक्ष्य के सापेक्ष 83 हेक्टेयर की पूर्ति कर ली गयी है। शेष प्रगति माह नवम्बर, 2020 में कर ली जायेगी।उन्होंने बताया कि योजना में कृषकों को डी0बी0टी0 हेतु धनराशि उपलब्धि नहीं है, जिसकी मांग निदेशालय से की गयी है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत 1430 हेक्टेयर का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है लक्ष्य के सापेक्ष 100 हेक्टेयर की प्रगति की गयी है। जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अझुई की आड़ में चल रहा है प्राइवेट दवाखाना

कुड़वार, सुलतानपुर। इस समय कोरोना जैसी महामारी पूरे देश मे व्याप्त है। ऐसे में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अझुई में चारो तरफ गन्दगी का अंबार व्याप्त है।जिसकी साफ– सफाई करने वाला कोई नही है। एक तरफ जहां पी एम मोदी से लेकर मुख्यमंत्री योगी तक जहां स्वच्छता के लिये लोगो को जागरूक कर रहे है, ऐसे में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अझुई जहां पर सैकड़ों मरीजों का आना जाना लगा रहता है का बदहाल अवस्था मे होना सोचनीय विषय है। प्रभारी डॉ नागेंद्र ने बताया कि यहाँ पर सफाई कर्मचारी नही है। हम स्वयं ही कभी कभार साफ सफाई करते हैं। उल्लेखनीय है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुड़वार मुख्यालय से कुछ दूरी पर ही स्थित है। इस तरह अस्पताल की दुर्दशा सोचनीय विषय है।कोरोना महामारी में कुड़वार अस्पताल को एल वन अस्पताल जिला प्रशासन द्वारा बना दिया गया है। ऐसे में स्थानीय निवासियों के लिए अझुई अस्पताल जाना ही विकल्प रह जाता है। यहाँ पर मौजूद डॉ नागेंद्र से जब इस अस्पताल में संचालित हो रहे प्राइवेट दवाखाने के बारे में जानकारी मांगी गई तो उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी भी डॉक्टर है वही अपना क्लीनिक चलाती है।अस्पताल परिसर में मौजूद मरीजो ने बताया कि सरकारी दवा यहा उपलब्ध नही रहती है। डॉ साहब के क्लीनिक से ही महंगी दवा लेना हम लोगो की मजबूरी है।जिससे क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश का माहौल है।स्थानीय निवासियों ने इसकी दशा सुधारने के लिए जिला प्रशासन से मांग की है।

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन के दौरान पीड़ितो की सुनी समस्याएं

सुलतानपुर ।उ०प्र० शासन के दिशा निर्देश पर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने आज कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आये सभी फरियादियों की कोविड –19 की टेस्टिंग कराने के पश्चात सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करते हुए एक–एक फरियादियों की समस्याओंध शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनी और उसका समय से निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भिजने के निर्देश उपस्थित अधि ाकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि०ध्रा०) उमाकांत त्रिपाठी व अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रिया सिंह सहित जनता दर्शन में आये फरियादीगण आदि उपस्थित रहे।

# पंत स्टेडियम के जीर्णोद्धार- शिलान्यास कार्यक्रम में नही शामिल हुए, एक भी भाजपा विधायक व जिलाध्यक्ष



सुल्तानपुर ।जनपद के एक मात्र स्टेडियम का साढ़े 4करोड़ रु की लागत से से जीर्णोद्धार होना है ।खेल मंत्री उपेंद्र तिवारी,सांसद मेनका जी व पूर्व विधायक व पूर्व जिलाध्यक्ष मौजूद रहे ।वही काशी प्रान्त के उपाध्यक्ष राम चन्द्र मिश्र,भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा,विधायक सीताराम वर्मा,सूर्यभान सिंह,राजेश गौतम व देव मणि भी नही आये। जबकि काशी प्रांत के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रामचंद्र मिश्रा के संयोजन में विगत वर्ष पंडित अटल बिहारी बाजपेई राज्य स्तरीय महिला वालीवाल प्रतियोगिता के समापन समारोह में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आयोजन समिति के मांग पत्र पर इन योजनाओं के लिए पैसा भेजा था ।मगर दोबारा हो रहे शिलान्यास में कमल कब प्रतियोगिता की आयोजन समिति को दरकिनार कर दिया गया। यही नहीं पिछले माह नगर विधायक सूर्यभान सिंह व भारतीय जनता पार्टी के जिला अध यक्ष डॉक्टर आर ए वर्मा के कर कमलों द्वारा पंत स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन किया जा चुका है। स्टेडियम में अभी काम कुछ नहीं शुरू हुआ। मगर शिलान्यास दोबारा हुआ,इसे जनपद वासी भाजपा नेताओं की आपसी खींचतान मानते है।। का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

# तहसील जयसिंहपुर में ,दबंगों की दबंगई भारी पड़ रही है प्रशासन पर

सुल्तानपुर, मोतिगरपुर ।थाना क्षेत्र के नानेमऊ गांव में ,महान विश्वकर्मा पुत्र शीतला विश्वकर्मा का पुरानी आबादी में मकान है। उनके ठीक दरवाजे पर , आबादी की जमीन है। जिसपर महान विश्वकर्मा का कब्जा है ।, नानेमऊ पूरा गांव भी पुरानी आबादी में है । महान विश्वकर्मा के दरवाजे की जमीन पर दो दिन से कब्जा किया जा रहा है ।पीड़ित ने 100डायल पुलिस को फोन करके बुलाया ।, 100 डायल पुलिस पीड़ित की सुनने के बजाय ,पीड़ित पर ही धौस जमा कर चली गई । अलसुबह से ही ,राजस्व विभाग व स्थानीयपुलिस की मिली भगत से ,दबंगों ने निर्माणकार्य जारी कर दिया ।जिसे रोकने पर दबंग लोग पीड़ित को मारने दौड़े तथा जान से मारने की धमकी भी दी ।दबंग जनार्दन मिश्र ,बृषकेतू मिश्रा ,चंद्रमौली मिश्र और उनके परिवार द्वारा महान विश्वकर्मा की जमीन पर किये जा रहे कब्जे को ,राजस्व विभाग व स्थानीय पुलिस की मूक दर्शिता ने भाजपा सरकार व मुख्यमंत्रीजी की मंशा पर सवाल खड़ा किया है ।

# डीएम की अध्यक्षता में कोविड-19 सम्बन्धी समीक्षा बैठक हुई आयोजित



सुलतानपुर ।जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में आज कोविड–19 एल–1 केयर सेन्टर केएनआईटी गेस्ट हाउस में प्रातः 09 बजे कोविड–19 संक्रमण के रोकथामध्बचाव सम्बन्धी समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि होम आइसोलेशन में रखे हुए व्यक्तियों के सम्बन्ध में प्रतिदिन जानकारी प्राप्त की जाये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी व्यक्ति में कोविड–19 में लक्षण की सूचना मिलती है, तो उन्हें तत्काल कोविड–19 के प्रोटोकाल के अनुसार भर्ती कराया जाय। जिलाधिकारी ने सर्विलान्स टीम को निर्देशित किया कि जनपद में टेस्टिंग बढ़ायी जाय। उन्होंने एल–1 हास्पिटल में स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे व्यक्तियों के खान–पान, स्वास्थ्य तथा साफ–सफाई नियमित रूप से कराएं जाने के निर्देश सम्बंधित को दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(वि0ध्रा0) उमाकान्त त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सीबीएन त्रिपाठी सहित चिकित्सा टीम आदि उपस्थित रहे।

# चोरी गया सिलेंडर हुआ बरामद



कुड़वार,सुल्तानपुर ।चंद घंटे में चोरी किया सिलेंडर बरामद कर लिया गया ।बीती रात चोरों ने बिलाल अहमद निवासी पुराना थाना कुड़वार के घर में हाथ साफ कर दिया ।जिसमें दो स्मार्ट फोन और एक सिलेंडर था ।बिलाल अहमद ने जैसे ही थाने पर तहरीर दी, वैसे ही चंद घंटो में कास्टेबल नितिश कुमार,कास्टेबल विनोद सिंह ने सराहनीय कार्य करते हुए सिलेंडर पास के एक खाली मकान से बरामद किया ।बताया जा रहा है कि चोरों ने भारी सिलेंडर को वहीं छिपा दिया था ।खबर लिखे जाने तक चोरों को कुछ पता नहीं चल पाया था ।कास्टेबल विनोद सिंह से ने बताया कि जल्द ही चोरों को पकड़ कर और भी समान बरामद कर लिया जाएगा।

# 51 गरीब निराश्रित महिलाओं को साड़ियां वितरित कीं

मथुरा। पुष्पांजलि उपवन के निकट अवधपुरी कॉलोनी में गरीब निराश्रित 51 महिलाओं को नवीन साड़ियां वितरित की गई,श्री राधा रानी रोटी कपड़ा बैंक के संस्थापक अध्यक्ष संजय पंडित(पाराशर) ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारी संस्था विगत कई वर्षों से करवाचौथ व दीपावली पर्व से पूर्व गरीब, जरूरतमंद महिलाओं को नवींन साड़ियां। वितरित करती है,हमारा ये उद्देश्य रहता कि गरीब माता,पिता अपने बुच्चों के लिए तो त्योहार पर नया वस्त्र खरीद लेते है, मगर अपने लिए नही खरीद पाते है,ऐसी जरूरतमंद महिलाओ के लिए श्री राध ा रानी रोटी कपड़ा बैंक सदैव तत्पर रहती है, आज के प्रोग्राम में अतिविशिष्ट अतिथि रही डॉ चारू जैन, जी ने श्री राधा रानी के चित्र पर माला अर्पित करके व दीप प्रज्वलित करके प्रोग्राम की शुरुआत की, विशेष अतिथि राधि ाका जी ,भगवताचार्य श्री राजेश अग्निहोत्री जी महाराज,जी ने बहुत ही मधुर संकीर्तन करके समा बांध दिया, प्रोग्राम में विशेष सहयोग रहा महक श्रीवास्तव, सुवर्चा गौतम,संजय पंडित, शालिनी पंडित,उमाकांत गौतम,शेर सिंह,सतीश शर्मा जी

आदि उपस्थित रहे,इस प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए श्री राधा रानी रोटी कपड़ा बैंक परिवार के सभी आदरणीय सदस्यों को धन्यवाद, आभार प्रकट महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा श्रीमती शालिनी पंडित ने किया,उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि सर्दी का प्रकोप शुरू हो गया है बहुत जल्दी श्री राधा रानी रोटी कपड़ा बैंक परिवार कंबल वितरण करेगा

# डीएम ने मंडी समिति राजापुर में मारा छापा

## किसानों का अनावश्यक उत्पीड़न किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं होगा–डीएम



लखीमपुर खीरी । सोमवार को दोपहर अचानक डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर का औचक निरीक्षण कर धान खरीदी जमीनी हकीकत जानी। उन्होंने मंडी परिसर में बनाए गए राजकीय ध ाान क्राय केंद्रों का एक–एक कर गहनता से निरीक्षण किया एवं निर्देश दिए कि छोटे एवं पात्र काश्तकारों का प्राथमिकता के आधार पर धान खरीदा जाए। वहीं 100 कुंतल से अधिक के काश्तकारों का गन्ने के सट्टे से क्रॉस चेक करने के उपरांत ही धान क्रय किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पात्र किसानों का धान अनिवार्य रूप से क्रय किया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिचौलियो व किसानों का हक मारने वालों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए उन्हें जेल भिजवाया जाए। उन्होंने मानक विहीन धान कि नीलामी प्रक्रिया को स्वयं खड़े रहकर देखा और प्रभारी सचिव, मंडी समिति को निर्देश दिए कि नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से बिक्री होने वाले धान का संबंधित को उचित मूल्य दिलवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि क्रय केंद्रों पर धान विक्रय करने वाले ऐसे किसानों को चिन्हित करें जिन्होंने धान क्रय के पंजीयन के दौरान जो भूमि दर्शाई है और उस पर पहले से ही गन्ने का सट्टा बना हुआ है। ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुए उनका तत्काल गन्ने का सट्टा भी निरस्त कराते हुए संबंधित के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराई जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर डॉ अरुण कुमार सिंह जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी डॉ०लालमणि पांडे मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# आधार संशोधन व नया बनवाने के लिए 4 बजे सुबह ही लगती है लम्बी लाईने

सुल्तानपुर ।जहाँ पर शासन–प्रशासन कोविड 19 महामारी से बचाव के लिए रात दिन एक कर रहा है, वही पर छात्र–छत्राओं व अन्य लोगो को कठिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।हां हम बात कर रहे है अपने सुल्तानपुर जिले की। जहां जिलाधिकारी रवीश गुप्ता का आदेश है की आधार कार्ड संशोधन व नया बनवाने के लिए सभी नये केंद खोले जाय और बंद कैम्प तुरंत खोले जाय। इसके बावजूद भी केंद प्रभारियों को जू तक नहीं फर्क पड़ रहा है ।रोज सुबह 4 बजे से आधार कार्ड के लिए छात्र–छत्राओं को लम्बी लाईने लगानी पड़ रही हैं ।जनपद वासियों ने आधार कार्ड बनवाने के लिए नए केंद्र खोलवाये जाने की मांग की है।

# नंदभवन में नमाज पढे जाने का मुद्दा पकड रहा तूल

–वृंदावन के साधु संत भी इस विवाद में कूदे

–मंदिर के सेवायतों के खिलाफ भी दंडात्मक कार्रवाही की मांग की

–इस मामले में चार लोगों के खिलाफ दर्ज हो चुकी है रिपोर्ट

मथुरा। नंदगांव के नंदभवन मंदिर में तथाकथितरूप से पढी गई नमाज का मामला तूल पकडता जा रहा है। अब धर्म नगरी वृंदावन के साधु संत भी इस विवाद में कूद गये हैं। साधु संतों ने एक बैठक कर एक स्वर में मंदिर से जुडे सेवायतों औरे दूसरे लोगों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाही की मांग की है।

बैठक में कहा गया कि यह एक बडी साजिश है। इस का पर्दाफास होना चाहिए। बैठक में मौजूद धर्माचार्यों मांग की जिन लोगों ने इस कृत्य को अंजाम दिया है, जिन लोगों ने उन्हें सहयोग किया है, उनकी जांच तो होनी ही चाहिए। उन लोगों को भी कटघरे में लाना होगा जिनकी मौजूदगी में और जिन की सहमति से इस कृत्य को अंजाम दिया गया। संत महात्माओं ने साफ तौर पर कहाकि मंदिर से जुडे जितने भी लोग इस दौरान वहां मौजूद थे उनसे भी पूछताछ होनी चाहिए।

महामंडलेश्वर नवल गिरी ने कहा कि मंदिर के जो सेवायत हैं उनकी मौजूदगी में ये लोग नमाज पढ कर गये। ये लोग सबकुछ देख रहे थे। इनके खिलाफ भी कार्रवाही होनी चाहिए नहीं तो हम आंदोलन करेंगे। आचार्य बद्रीश ने कहाकि ये मंदिर हमारी आस्था का केंद्र हैं। इस तरह से आक्रांता हमारे मंदिरों को अपवित्र करेंगे यह अशोभनीय है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाही किये जाने की मांग की। ज्योतिषाचार्य राममूर्ति अग्निहोत्री ने कहाकि वह लोग भी बराबर के दोषी हैं जिनके सामने यह कृत्य होता रहा और वह मौन बने रहे। उन्होंने कहाकि इतने प्रसिद्ध मंदिर में इस तरह की घटना का हो जाना सामान्य बात नहीं है। अनुराग कृष्ण शास्त्री ने भी इस कृत्य की निंदा की और कार्रवाही की मांग की है। आचाय रामविलास मिश्र, विजय गौतम, महेन्द्र पाण्डेय, रघुनाथ शास्त्री, शैलेन्द्र, सरित गिरि आनंद, बल्लभ गोस्वामी, संजीव कृष्ण ठाकुर आदि धर्माचार्य मौजूद रहे।

## सडक पर कर रहीं तीन बच्चियों को ट्रेक्टर ने कुलचा, एक की मौत

मथुरा। थाना राया क्षेत्र के अंतर्गत नीमगांव में सड़क पार कर रही तीन सगी बहिनो को ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने तेज व लापरवाही से टक्कर मारकर घायल कर दिया। इस दौरान एक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। दो बालिका गम्भीर रूप से घायल हो गयीं। सूचना पर राया पुलिस घटनास्थल पर पहुच गयी और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। नीमगांव निवासी जगदीश की पुत्री बिंदु, डोली और भूमि सुबह सडक पार कर रही थीं। सड़क पार करते समय चालक योगेंद्र निवासी नीमगांव ने तेज गति व लापरवाही से ट्रेक्टर चला कर जोरदार टक्कर मारकर तीनों को घायल कर दिया। हादसे में तीनों बच्चियां गंभीररूप से घायल हो गयीं। सूचना पर थाना राया प्रभारी निरीक्षक सूरज प्रकाश शर्मा घटनास्थल पर पहुच गए और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया उपचार के दौरान पांच वर्षीय बिंदु की मौत हो गयी। दो बहिनों का मथुरा के महर्षीदायनन्द जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है मृतक बच्ची के चाचा कृष्णकुमार ने ट्रेक्टर चालक के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

## ट्रांसफार्मार से उठी चिनगारी से 7 खोखा हुए खाक

मथुरा। थाना यमुनापार क्षत्र में लक्ष्मीनगर स्थित बल्देव रोड पर रात के समय लगी आग से सात खोखे जल कर खाक हो गये। इन में लाखों रूपये का सामान बताया जा रहा है। दुकानदारों ने दीपावली के त्योहार पर बेचने के लिए इन खोखों में सामान जमा किया था। दुकानदारों का कहना है कि रात में पास में ही लगे ट्रांसफार्मर में अचानक तेज चिनगारी उठी और पहले खोखा ने आग पकडी। इसके बाद एक एक कर आग लकडे के दूसरे खाखाओं को भी चलाती चली गई। लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस को भी फोन पर सूचना दी गई थी। मौके पर पहुंची थाना जमुनापार पुलिस ने फयर बिग्रेड को सूचित कर दिया। अग्निशमन दल की टीम पहुंचती इससे पहले ही नुकसान हो चुका था। इसक बाद फायरबिग्रेड की गाडी ने आग पर काबू पाया।

## नंदभवन मंदिर शुद्धिकरण के लिए हवन

मथुरा। विश्व प्रसिद्ध नंदभवन मंदिर में दो युवकों द्वारा नमाज पढे जाने का मामला तूल पकडता जा रहा है। आलापुलिस अधिकारी भी इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं।` नंदगांव स्थित नंदबाबा मंदिर परिसर में नमाज अदा करने वाले दो युवकों और उनके दो साथियों की तलाश में पुलिस जुट गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि चारों युवकों की तलाश की जा रही है। चारों युवक दिल्ली निवासी हैं तथा खुदाई खिदमतगार संस्था के सदस्य बताए जाते हैं। नंदगांव स्थित नंद महल में नमाज अदा करने वाले दो लोगों सहित चार के खिलाफ मंदिर सेवायत ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बरसाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, इस मामले के बाद सोमवार मंदिर परिसर में शुद्धिकरण के लिए हवन किया गया।गौरतलब है कि दिल्ली की खुदाई खिदमतगार संस्था के चार सदस्य साइकिल पर ब्रज चौरासी कोस की यात्रा पर निकले हैं। गत दिनों इनमें से दो फैजल खान और चांद मोहम्मद ने नंद महल में नमाज अदा की थी। इस मामले में सेवायत ने फैजल खान, चांद मोहम्मद, आलोक रत्न और नीलेश गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में कहा है कि बगैर अनुमति के उन्होंने नमाज अदा की और इसके फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिये। रिपोर्ट में यह भी कहा है कि इनकी मंशा गलत लगती है।

## ग्रामीण क्रिकेट खेल प्रतिभाओं को अपने ही जनपद में मिलेगा प्लेटफार्मः एचपी परिहार

–उभरते हुनरमंद दर्जनभर क्रिकेट खिलाड़ियों को1 वर्ष निःशुल्क प्रशिक्षण देगी एचीवर क्रिकेट एकेडमी

मथुरा। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थत शहर के चंद्रलेखा क्रिकेट स्टेडियम में अचीवर क्रिकेट एकेडमी द्वारा संचालित क्रिकेट प्रशिक्षण व खेल प्रतिभा चयन कार्यक्रम मैं दिल्ली के पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं रेलवे के पूर्व सलेक्ट एवं कोच दुर्गा प्रसाद शर्मा एवं एवं बीसीसीआई लेवल वन कोच अंडर 19 व 20 रेलवे कोच केके शर्मा ने क्रिकेट की नई प्रतिभाओं के मध्य पहुंच क्रिकेट सीख रहे बच्चों को क्रिकेट के गुर सिखाये। खेल प्रशिक्षण के दौरान कोविड 19 में कैसे सेफ रहें इसका भी उनको ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणार्थी बच्चों के साथ उपस्थित रह कर पांच घंटे ग्राउंड में पसीना बहाया। तथा कैसे क्रिकेट के खेल में नए आयाम स्थापित किये जा सकते हैं इस हुनर के बारे में विस्तार से निर्देश देते हुए अनुभव साझ किये।बीसीसीआई लेवल वन व रेलवे कोच केके शर्मा ने कहा कि मथुरा शहर में चंद्रलेखा क्रिकेट स्टेडियम एक मात्र बड़ा स्टेडियम है। जिसमें तमाम सुविधाएं भी मुहैया हैं। अचीवर क्रिकेट एकेडमी द्वारा क्रिकेट के खेल और नए उभरते खिलाड़ियों को प्लेटफार्म उपलब्ध कराने प्रयास बहुत ही सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि मथुरा शहर का में परिहार फैमिली द्वारा बनाया गया भव्य विशाल क्रिकेट स्टेडियम जल्द ही नये आयाम स्थापित करेगा। इसका क्रिकेट का शौक रखने बाले युवाओं को उठाना चाहिये। वहीं आईसीसी रेलवे के लेबल वन कोच धर्मेंद्र राणा ने भी बच्चों के साथ रह कर क्रिकेट की बारीकियां समझाई। इस मौके परवहीं चंद्रलेखा फाउंडेशन के संस्थापक एचपी सिंह परिहार ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को निखारने में एचीवर क्रिकेट एकेडमी व चंद्रलेखा क्रिकेट स्टेडियम अपना पूरा योगदान देगा। इस दौरान एचीवर क्रिकेट एकेडमी के निदेशक महेश परिहार,सह निदेशक राजकुमार गौतम ने बताया कि एचीवर क्रिकेट एकेडमी द्वारा क्रिकेट के खेल में उभरते हुनरमंद 4 खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर राज्य व देश स्तर पर पहुंचाने के लिये निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करेगी । इस दौरान जगदीश प्रसाद,शुभम चौधरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## स्वर्णकार समाज को राजनीति में दें हिस्सेदारीः देवेंद्र

मथुरा। स्वर्णकार समाज की बैठक का आयोजन वृन्दावन स्थित गेस्ट हाउस में ओमप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में स्वर्णकार समाज की एकता व् मजबूती पर बल दिया गया तथा स्वर्णकार समाज की राजनैतिक भागेदारी शून्य होने पर भी चिंता व्यक्त की गई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में देवेंद्र प्रताप सिंह प्रबन्धक गौतमबुद्ध इंटर कॉलेज तिरवागंज, कन्नौज भाग लिया।

श्री देवेंद्र सिंह ने कहा कि देशभर में हमारे समाज की आबादी लगभग पांच करोड़ से अधिक है लेकिन राजनीतिक भागीदारी किसी दल ने सुनिश्चित नहीं की है।

अब एकजुट होकर इसके लिए संघर्ष करना होगा। समाज प्रदेश और क्षेत्रीय स्तर पर राजनीतिक दलों को समर्थन देगा। उन्होंने कहा कि कलियुग में संगठन ही शक्ति है।

कहा कि समाज के लोगों को राजनीति में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक भागीदारी से ही समाज की दिशा दशा में परिवर्तन संभव है। सुजीत वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार में सराफा व्यवसाइयों का हर स्तर पर उत्पीड़न हो रहा है।कहीं कोई सुनवाई नही हो रही है।आये दिन सराफा व्यवसाइयों के साथ लूट पाट ,हत्या जैसी घटनाएं हो रही हैं। इस अवसर पर स्वर्ण भारत एकता मंच के राष्ट्रीय सचिवध्यूपी प्रभारी सुजीत वर्मा, भुवनेश सोनी अडींग ,सोबरन , प्रदेश अध्यक्ष स्वर्ण भारत एकता मंच (युवा प्रकोष्ठ)सौरभ वर्मा,नंदकिशोर स्वर्णकार,रामेश्वर सोनी,ब्रजेश सोनी ,ओमप्रकाश वर्मा पलसों वाले ,भगवती वर्मा,मुकेश वर्मा,घनश्याम वर्मा,आशीष वर्मा,विनीत वर्मा,ऋषभ वर्मा, डॉ. अनिल वर्मा,गौरीशंकर वर्मा,प्रवेश कुमार वर्मा,सुभाष वर्मा,राजीव वर्मा बेरी बाले,राकेश वर्मा बेरी वाले,महेश वर्मा,महिमा वर्मा,वैशाली वर्मा,रश्मि वर्मा,खुशबु वर्मा,रजनी वर्मा,आदि उपस्थित रहे।

# करवा चौथः सुहाग के त्योहार से पहले लौटाई बाजार में रौनक

### इस बीच कोरोना से निपटने की भी की गई है पुख्ता तैयारी

### –2320 प्रतिदिन सैंपल लिये जाने का रखा गया है लक्ष्य



करवा चौथ पर्व से पूर्व ब्यूटी पार्लर पर फेशियल करातीं महिलाएं।



करवा चौथ पर्व से पूर्व लगवाई गई मेंहदी को दिखातीं महिलाएं।

मथुरा। करवा चौथ का पर्व नजदीक आते ही महिलाएं अब साज–श्रृंगार व खरीददारी में व्यस्त दिखाई दे रहीं हैं। किसी को मेहंदी–ब्यूटी पार्लर बुक कराने की जल्दी है तो कोई नए परिधानों व चूडियों की पसंद करने में व्यस्त है। बाजार में महिलाओं की चहल–पहल से अब ब्यूटी पार्लर संचालकों व मेहंदी आर्टिस्ट्स के भी चेहरे खिल गए हैं।

सुहाग का प्रतीक करवा चौथ पर्व इस वर्ष 4 नवम्बर को मनाया जाएगा। महिलाएं 16 श्रृंगार कर चांद को अर्घ्य देकर पूजन करेंगी और व्रत खोलेंगी। सोमवार को शहर के होलीगेट, चौक बाजार, छत्ता बाजार, भरतपुर गेट, घीया मंडी, महोली रोड, कृष्णा नगर आदि क्षेत्रों में महिला ग्राहकों की अच्छी–खासी भीड़ दिखाई दी। महिलाओं में नई–नई डिजाइन की मेहंदी लगवाने की होड़ देखी गई। वहीं कुछ महिलाएं सजने–संवरने के लिए ब्यूटी पार्लर पर बुकिंग कराने पहुंची थीं। सागर यूनिसेक्स सैलून व ब्यूटी पार्लर की संचालिका निशा सविता ने बताया कि लॉक डाउन के दौरान ब्यूटी पार्लर संचालकों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। त्यौहार नजदीक आते ही पार्लर पर कोविड–19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए महिलाओं की अपॉइंटमेंट बुक की गई है ताकि एक ही समय पर अधिक भीड़ एकत्रित ना हो। इसके लिए पूर्व में ही महिलाओं को ब्लीच, फैशियल, मसाज, वैक्स आदि की बुकिंग की जा रहीं हैं।

प्रदेशभर के साथ ही मथुरा में भी त्यौहारी सीजन में टारगेट के साथ कोरोना की नियमिति सैंपलिंग की जा रही है। ये सैंपल उन लोगों के लिए जाएंगे जो अपन कामकाज के चलते लगातार लोगों के संपर्क में आ रहे हैं। जनपद में 2320 कोरोना के सैंपल प्रतिदिन लिये जाने का लक्ष्य दिया गया है। कोरोना के नोडल अधिकारी डा. भूदेव सिंह ने कहा कि प्रदेश में टागरेट बनाया गया है। टागरेट सैंपलिंग में टारगेट ग्रुप बनाया गया है। ब्यूटी पार्लर सैलून, मेहंदी लगाने वाले हैं की सैंपलिंग कराई जा रही है। इन जगहों पर सैंपलिंग कराई जा रही है जहां लगातार लोग आ रहे हैं।



–सुहाग का व्रत है और उसमें साज श्रृंगार ना हो, ऐसा कैसे हो सकता है। पति की दीर्घायु के लिए पत्नियों को यह व्रत जरूर रखना चाहिए।

मोना भारती, महिला



करवा चौथ व दीपावली से अच्छी खासी ग्राहकों की भीड़ होने की संभावना है। फिलहाल अधिकांश महिलाएं मेहंदी व ब्यूटी पार्लर की एडवांस बुकिंग करने के लिए अधिक आ रहीं हैं।

निशा सविता, पार्लर संचालिका



–त्यौहार नजदीक आते ही बाजार में भीड़–भाड़ बढ़ जाती है। इसीलिए सोचा कि एडवांस में ही ब्यूटी पार्लर की बुकिंग करा ली जाए ताकि बाद में दिक्कत ना हो।

किरन,

# कटेनर की टक्कर से 4 वर्षीय मासूम की मौत

शिवली, कानपुर देहात। शिवली कोतवाली क्षेत्र के गहिरा शिवराजपुर रोड पर भोलानीवादा के सामने तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक बाइक सवार को टक्कर मार दी बाइक पर बैठे एक 4 वर्षीय मासूम की मौत हो गई उसका किसान गंभीर रूप से घायल हो गया घटना को अंजाम देने के बाद कंटेनर चालक कंटेनर सहित भाग निकला सड़क दुर्घटना में मासूम की मौत की खबर जैसे ही उसके घर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया और सभी लोग घटनास्थल के भाग खड़े हुए जिससे मौके पर सैकड़ों लोगों का मजमा लग गया। सूचना पुलिस मौके पर पहुंच गई और पंचायत नामा की कार्रवाई चल रही है। घटना के बाबत कोतवाली क्षेत्र के असनीपुरवा गांव निवासी मोहित कटियार अपने 4 वर्षीय पुत्र शौर्य को लेकर पुलिस चौकी औनहा के समीप हेयर कटिंग सैलून की दुकान पर बाल कटवाने गया था जहां से बाल कटवाने के बाद करीब 1रू00 बजे के आसपास वापस अपने घर लौट रहा था अभी वह कोतवाली क्षेत्र के गहिरा शिवराजपुर रोड पर भोला निवादा गांव के सामने पहुंचा था कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर के चालक तेजी व लापरवाही से चलाकर बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक पर आगे बैठा शौर्य उछलकर सड़क पर जा गिरा जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसका पिता मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया सड़क दुर्घटना में मोहित के घायल होने तथा शौर्य की मौत होने की खबर जैसे ही उसके घर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया देखते ही देखते सैकड़ों लोगों का मजमा सड़क पर लग गया और सभी लोग घटनास्थल की ओर भाग खड़े हुए उधर कंटेनर चालक घटना को अंजाम देने के बाद कंटेनर सहित मौके से भाग निकला। सड़क पर सैकड़ों लोगों के पहुंचने की जानकारी के साथ सड़क दुर्घटना में मासूम की मौत की खबर स्थानीय लोगों ने शिवली पुलिस को दी सूचना मिलते ही कोतवाल वीरपाल तोमर सहित चौकी प्रभारी शशिकांत यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की है । सोमवार की दोपहर गहिरा शिवराजपुर रोड पर भोला निवादा गांव के सामने कंटेनर की टक्कर से 4 वर्ष की मासूम शौर्य की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया मासूम की मौत से परिजनों में हाहाकार मच गया देखते ही देखते सैकड़ों लोगों का जहां घटनास्थल पर मजमा लगा वही रोते बिलखते मां संध्या सहित बाबा अशोक दादी पुष्पा देवी सहित चाचा आलोक एवं धीरू सहित सभी परिवार इस मौके पर पहुंच गए और सड़क पर मासूम का क्षत–विक्षत शव देखकर हाहाकार मच गया मां–बाप का एकलौता बेटा सड़क दुर्घटना में मौत का शिकार होने के बाद मां संध्या का रो रो कर बुरा हाल था वह कह रही थी विधाता ने कौन सी करने की ऐसी सजा दी कि उसका एकलौता पुत्र कंटेनर की टक्कर से हमें छोड़ कर चला गया वही पिता मोहित सहित चाचा धीरू व आलोक बाबा अशोक कटियार ब दादी पुष्पा का रो रो कर बुरा हाल था। मौके पर सैकड़ों लोगों का मजमा लगा था परिजनों का करुण क्रंदन देखकर हर पत्थर दिल पिघल रहा था और सभी की आंखों से आंसू बह रहे थे।

# अंतर्जनपदीय तबादले की चाहत रखने वाले शिक्षकों को दीपावली बाद मिल सकती है खुशखबरी

### बेसिक शिक्षा परिषद से अंतर्जनपदीय तबादले की जारी की नई समय सारिणी

बीएसए अंतर जिला स्थानांतरण के आवेदन पत्र लॉक करें : 2 व 3 नवंबर

पारस्परिक अंतर जिला तबादले में शिक्षक आवेदनों को पूर्ण करें: 2 से 10 नवंबर

बीएसए पारस्परिक तबादला आवेदनों को ओटीपी से लॉक करें: 11 से 13 नवंबर

कानपुर देहात– बेसिक शिक्षा परिषद के 50 हजार से अधिक शिक्षकों का अंतर जिला तबादला अब दीपावली के बाद होगा। सचिव बेसिक शिक्षा परिषद ने तबादले की नई समय सारिणी जारी कर दी है लेकिन उसमें तबादला करने की तारीख का जिक्र नहीं है। अक्टूबर माह में तीसरी बार तबादला आदेश करने की तारीख बदली गई है। ज्ञात हो कि पहले 15 फिर 22 अक्टूबर की तारीखें तय हुई थीं। अब नई समय सारिणी जारी होने से इंतजार बढ़ता ही जा रहा है। बेसिक शिक्षा की अपर मुख्य सचिव रेणुका कुमार ने 2 दिसंबर 2019 को तबादला नीति का शासनादेश जारी किया था। 20 दिसंबर से ऑनलाइन आवेदन लिए गये थे। कुल 1,04317 शिक्षकों ने पंजीकरण कराया था जबकि 70,838 ने अंतिम रूप से आवेदन किया था। परिषद ने सभी जिलों में रिक्त पदों की सूची जारी की थी जिसमें प्राथमिक स्कूलों में प्रधानाध्यापक के 453, सहायक अध्यापक के 28268, उच्च प्राथमिक में प्रधानाध्यापक के 816 व सहायक अध्यापक के 14379 सहित 43916 पद खाली थे। परिषद के स्कूलों में खाली पद करीब 44 हजार हैं और 54 हजार शिक्षकों के तबादलों की अनुमति ली गई है जबकि शिक्षकों के पारस्परिक तबादलों में रिक्त पदों की बाध्यता नहीं है। दोनों प्रक्रिया एक साथ चल रही हैं और आदेश भी साथ आने के आसार हैं। इसी बीच हाईकोर्ट ने याचिका संख्या 878ध 2020 दिव्या गोस्वामी बनाम उप्र राज्य व अन्य में 15 अक्टूबर को सुनवाई करते हुये निर्णय सुरक्षित किया है। 3 नवंबर को निर्णय आने की उम्मीद है। कोर्ट का निर्देश है कि इस दौरान स्थानांतरण प्रक्रिया चलती रहेगी किंतु स्थानांतरण को अंतिम रूप हाईकोर्ट के आदेश के बाद ही दिया जायेगा। फिलहाल दीपावली के बाद ही अंतर्जनपदीय तबादले की राह देख रहे शिक्षकोंध्शिक्षिकाओं को खुशखबरी मिलने की उम्मीद है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई मौत का मुकदमा

शिवली, कानपुर देहात। 1 सप्ताह पूर्व शिवली कोतवाली क्षेत्र के मैथा बाजार से सामान खरीद कर वापस घर जा रहे एक अधेड़ की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी जिसमें घायल होने के बाद उपचार के दौरान 3 दिन पूर्व उसकी मौत हो गई जिस पर मृतक के पुत्र ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध शिवली कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। घटना के बाबत कोतवाली क्षेत्र के बलुआपुर गांव निवासी बबलू कठेरिया ने पुलिस को बताया कि बीती 25 अक्टूबर को अपने पिता सुरेश कठेरिया के साथ अपनी बाइक से मैथा बाजार सामान खरीदने गया था जहां से सामान खरीद कर दोपहर करीब 2रू00 बजे के आसपास वापस घर लौट रहा था कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें 108 एंबुलेंस से शिवली सीएचसी पहुंचाया गया था जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया था किंतु हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल से हैलट रिफर करने के बाद परिजनों ने उसे अकबरपुर स्थित अनंत राज हॉस्पिटल में भर्ती कराया था जहां उसका उपचार चल रहा था की उपचार के दौरान बीती 29 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई अधेड़ की मौत के बाद मृतक के पुत्र ने कोतवाली पुलिस को अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मारने की तहरीर दी है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है ।

# शिक्षक बनने के लिए लाखों छातों को रिजल्ट का इंतजार

### बीएड और परास्नातक का रिजल्ट नहीं आया तो टीजीटी–पीजीटी से बाहर होंगे लाखों छात्र

कानपुर देहात– उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा चयन बोर्ड की ओर से शुरू की जा रही 15508 शिक्षकों की भर्ती से प्रदेश के लाखों विद्यार्थी वंचित हो सकते हैं। इन छात्र–छात्राओं ने बीए अंतिम सेमेस्टर और परास्नातक (पीजी) अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा दे रखी है लेकिन परीक्षाओं का रिजल्ट अभी जारी नहीं हुआ है। आवेदन की अंतिम तिथि तक संबंधित विषय में बीएड या पीजी की परीक्षा उत्तीर्ण होने की अनिवार्यता है। अभ्यर्थियों की मांग है कि बीएड और एमएससीध्एमए का रिजल्ट शीघ्र जारी किया जाये या चयन बोर्ड आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दे। कोविड–19 के कारण इस बार सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में अंतिम वर्ष एवं अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं काफी विलंब से शुरू हुईं हैं। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय और प्रो राजेंद्र सिंह राज्य विश्वविद्यालय आदि में बीएड और एमएससीध्एमए अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं हाल ही में आयोजित की गईं हैं। छात्र–छात्राओं को अब रिजल्ट का इंतजार है। बीएड अंतिम वर्ष और परास्नातक अंतिम सेमेस्टर या अंतिम वर्ष की परीक्षा में शामिल हुये अभ्यर्थियों को शिक्षक भर्ती में आवेदन करने का इससे अच्छा मौका नहीं मिलेगा लेकिन शर्त यह है कि आवेदन की अंतिम तिथि तक संबंधित अभ्यर्थी को अर्हता पूरी करनी होती है। माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड ने टीजीटी एवं पीजीटी शिक्षकों के 15508 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। इनमें 15 विषयों में टीजीटी के 12913 पदों पर भर्ती होनी है। वहीं पीजीटी के 2595 पदों पर भर्ती की जानी है। इनमें 21 विषयों में पुरुष वर्ग और 19 विषयों में महिला वर्ग की अभ्यर्थियों की भर्ती होनी है। टीजीटी के पदों पर भर्ती के लिए बीएड की डिग्री होनी चाहिए जबकि प्रवक्ता के पदों पर भर्ती के लिए संबंधित विषय में परास्नातक जरूरी है। बीएड और परास्नातक अंतिम सेमेस्टर के छात्रों का टीजीटी–पीजीटी भर्ती के लिए आवेदन तभी मान्य होगा जब वह आवेदन की अंतिम तिथि तक या उससे पहले बीएड और परास्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण कर लेंगे। अभ्यर्थियों की मांग है कि परीक्षाओं का परिणाम शीघ्र जारी किया जाये या चयन बोर्ड शिक्षक भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाये ताकि उन्हें भी आवेदन करने का अवसर मिल सके।

## अवैध शराब के साथ एक युवक को पुलिस ने पकड़ा

शिवली, कानपुर देहात। शिवली कोतवाली के एसआई सत्यपाल बीती रात गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर रामपुर मोड़ के पास से प्रतापपुर उदैत गांव निवासी रामबाबू को एक बोरी में 30 क्वार्टर देसी शराब के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है जिसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की कार्यवाही कर जेल भेजा है।

## खेतों में खड़ी धान की फसल अनुकूल ना होने पर किसान की हार्ट अटैक से मौत ।।

शिवली, कानपुर देहात। शिवली कोतवाली क्षेत्र के बस्ता बैरी गांव में खेतों में खड़ी धान की फसल कटाई करने गए एक किसान की अनुकूल फसल ना होने को लेकर हृदय गति रुक गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

बैरी बस्ता गांव निवासी शिवम राजपूत ने बताया कि उसके पिता चंद्रशेखर 50 वर्ष में पूर्वी बड़ौदा ग्रामीण बैंक शाखा बैरी से छत्तीस हजार रूपए पांच सौ रुपए का किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कर्ज लिया था जिसको धान की फसल बेचकर भरपाई करनी थी सोमवार की सुबह जब वह अपने पिता चंद्रशेखर वह मां गीता देवी के साथ धान की फसल की कटाई करने खेतों पर गए तो हल्की फसल देखकर पिताजी बेहोश हो गए जब तक वह कुछ समझ पाते तब तक उनकी हार्ड अटैक से मौत हो गई चंद शेखर की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया खेत पर ही किसान की मौत की सूचना पर सैकड़ों लोग मौके पर पहुंचे और शव को उठाकर घर पहुंचाया जिसके बाद परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए और पोस्टमार्टम कराए बिना शव का अंतिम संस्कार कर वही चंद्रशेखर की मौत के बाद पत्नी गीता पुत्र शिवम पुत्री साथ सपना आदि का रो रो कर बुरा हाल था जहां का करुण क्रंदन देखकर मौके पर मौजूद महिलाएं बिलखने रखने को मजबूर थी।

## डायट प्रवक्ता करेंगे प्रतिमाह दस विद्यालयों का सपोर्टिव सुपरविजन

कानपुर देहात– बीएसए व एबीएसए के बाद अब डाइट के प्रवक्ताओं को परिषदीय स्कूलों के सुपरविजन की कमान सौंपी गई है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं परियोजना निदेशक की तरफ से जारी पत्र में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के प्रधानाचार्यो को निर्देशित किया गया है कि वे सभी प्रवक्ताओं को मेंटर जरूर बनाएं। यदि किसी जनपद में ब्लाक की संख्या कम है तो एक ब्लाक में विद्यालय की संख्या के आधार पर दो या तीन डायट मेंटर नियुक्त किये जायें। इनके बीच न्याय पंचायत का बंटवारा किया जाये जिससे सभी डायट मेंटर अपनी न्याय पंचायत या विकासखंड में विद्यालय का सपोर्टिव सुपरविजन कर सकें। यदि कहीं पर ब्लाक संख्या अधिक है और डायट प्रवक्ताओं की संख्या कम है तो एक प्रवक्ता को एक से अधिक ब्लाक का मेंटर बनाया जाये। यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश हैं कि प्रत्येक मेंटर महीने में कुल 10 विद्यालयों का सपोर्टिव सुपरविजन जरूर करें। इसके लिए सभी मेंटर प्रेरणा पोर्टल पर पंजीयन भी करायें। डाइट प्राचार्य डॉ सच्चिदानंद यादव ने बताया कि प्रत्येक विकासखण्ड में हमने डाइट मेन्टर नियुक्त कर दिये हैं। वे अपने–अपने विकास खण्ड के परिषदीय स्कूलों का सुपरविजन कर रहे हैं।

## केआर, राल में शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज

मथुरा। चाणक्य युवा संगठन एवं जिला शूटिंग वॉलीबॉल एसोसिएशन मथुरा के संयुक्त तत्वाधान में महर्षि दयानंद पुनर्वास संस्थान के सौजन्य से ग्राम राल के महर्षि दयानंद पुनर्वास संस्थान के प्रांगण में आमंत्रण शूटिंग बॉल जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को सुबह 8 बजे से स्वर्गीय श्रीमती भगवान देवी शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में किया जा रहा है। आयोजन में पुरुष एवं महिला खिलाड़ी आमंत्रित हैं। इसी दिन किशोरी रमन डिग्री कॉलेज के क्रीडा स्थली में भी स्वर्गीय श्रीमती भगवान देवी मेमोरियल शूटिंग बॉल का आयोजन प्रातः 8 बजे से ही किया जाएगा। शहर के सभी खिलाड़ी किशोरी रमण डिग्री कॉलेज की प्रतियोगिता में भाग लेंगे तथा पूरे जनपद के ग्रामीण क्षेत्र के सभी खिलाड़ी महर्षि दयानंद पुनर्वास संस्थान लाल में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे दोनों ही प्रतियोगिताओं में मुख्य अतिथि के रुप में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है साथ ही समाज के लिए तथा खेल के हित में कार्य करने वाले लोगों को अध्यक्ष के रूप में बुलाया गया है तथा कार्यक्रम के समापन पर पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे किशोरी रमन डिग्री कॉलेज के कार्यक्रम की बागडोर दलबीर सिंह, सीपी सारस्वत एवं अरविंद चित्तौड़िया संभालेंगे तथा महर्षि दयानंद पुनर्वास संस्थान की बागडोर संजय एवं लक्ष्मीकांत के हाथों में होगी। यह जानकारी चाणक्य युवा संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय संयोजक आर्य अशोक शर्मा ने दी।